सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-172 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 13 दिसम्बर 2024
10 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### सुप्रीम कोर्ट में पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई

# मस्जिदों से जुड़े मुकदमों पर लगी रोक

**आदेश**

- धार्मिक स्थलों पर नए मुकदमे नहीं दायर होंगे
- कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों या तीर्थस्थलों के संबंध में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता है या जिला अदालतों द्वारा सर्वेक्षण का आदेश तब तक नहीं दिया जा सकता है जब तक कि उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता से संबंधित मामला उसके समक्ष लंबित है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या अन्य लोगों के लिए इस पर अपना हाथ नहीं डालना उचित नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि नए मुकदमे दायर किए जा सकते हैं लेकिन उन्हें पंजीकृत नहीं किया जाएगा और जिला अदालतों द्वारा कोई प्रभावी आदेश पारित नहीं किया जाएगा। नवगठित पीठ ने नए मुकदमों पर विचार करने पर रोक लगाने के आदेश के विरोध को खारिज कर दिया। कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पेश वकीलों ने इस आदेश का विरोध किया था। पीठ ने कहा, मुकदमे दायर किए जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती।

## केंद्र को दिया चार हफ्ते का समय



साथ ही शीर्ष अदालत ने 1991 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को चार सप्ताह का और समय दिया। याचिकाओं के एक समूह पर विचार करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि कानून के क्रियान्वयन की मांग करने वाली याचिका पर भी केंद्र द्वारा कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है।

जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या दूसरों के लिए इस पर रोक लगाना उचित नहीं होगा। जब तक हम मामले की जांच नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण आदेश पारित नहीं किया जा सकता। उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने राम मंदिर आंदोलन के चरम पर लागू किया था।



# वन नेशन, वन इलेक्शन विधेयक को मंजूरी

- अगले हफ्ते संसद में पेश हो सकता है बिल
- प्रधानमंत्री मोदी लंबे समय से एक देश एक चुनाव के समर्थक रहे है

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को एक देश, एक चुनाव विधेयक को मंजूरी दे दी। सूत्रों ने बताया इस फैसले के बाद एक व्यापक विधेयक आने की उम्मीद है। इससे पहले सितंबर में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश, एक चुनाव को लेकर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को मंजूरी दी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा था। इस प्रस्ताव का उद्देश्य पूरे देश में लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना है। फिलहाल लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होते हैं, या तो पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद या जब सरकार किसी कारण से भंग हो जाती है। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है, उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं।



# गुकेश बने शतरंज के विश्व चैंपियन

**18 की उम्र में रचा इतिहास**

गुकेश ने 18 साल आठ महीने 14 दिन की उम्र में यह खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 22 वर्ष छह महीने 27 दिन की उम्र में खिताब जीता था।

**सिंगापुर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 14वें और अंतिम दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।



## राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 14वें दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर इतिहास रच दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है। राष्ट्रपति ने कहा- विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने पर गुकेश को हार्दिक बधाई। पीएम मोदी ने भी गुकेश को बधाई दी और उनकी तारीफों के पुल बांधे। उन्होंने कहा- ऐतिहासिक और अनुकरणीय! डी गुकेश को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। यह उनकी अद्वितीय प्रतिभा, कड़ी मेहनत और अटूट दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

# संगम नगरी में गंगा पूजन करेंगे पीएम मोदी

## विश्व को देंगे महाकुंभ का निमंत्रण



- प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पहले सीएम योगी ने लिया तैयारियों का जायजा

**नई दिल्ली।** 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भव्य बनाने की कवायद पूरी तेजी के साथ जारी है। महाकुंभ के लिए पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पीएम मोदी 13 दिसंबर को महाकुंभ तैयारियों की समीक्षा करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रयागराज की अपनी यात्रा के दौरान, वह 6,670 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री का यात्रा कार्यक्रम दोपहर करीब 12:15 बजे पवित्र संगम नोज की यात्रा के साथ शुरू होगा, जहां वह पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12:40 बजे हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन के साथ-साथ पूजा अनुष्ठान के लिए अक्षय वट वृक्ष का दौरा किया जाएगा। वहीं पीएम मोदी के कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ नगर में चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पीएम मोदी के भ्रमण की पूरी रूपरेखा को समझा और बिना बाधा कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। यही नहीं, सीएम योगी ने मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, अक्षय वट, सरस्वती कूप, लेटे हनुमान मंदिर पहुंचकर वहां भी तैयारियों का जायजा लिया। लेटे हनुमान मंदिर में सीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन व दर्शन भी किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पीएम मोदी प्रयागराज में उपस्थित रहेंगे और संगम नोज पर गंगा आरती व पूजन के साथ ही वह यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सीएम योगी सबसे पहले सेक्टर वन परेड में बनाए गए 100 बेड के अस्थायी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। महाकुम्भ 2025 को देखते हुए चिकित्सा परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस अस्थायी अस्पताल का निर्माण किया गया है।



# सफाई कर्मी निलंबित, ग्राम प्रधान को 95-जी का नोटिस जारी करने के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास क्षेत्र बेहजम के अंतर्गत यूपीएस गौरिया, पीएस खेरवा, पीएस और यूपीएस भूलनपुर का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, बीईओ बेहजम देवेश राय, बीडीओ नीरज दुबे मौजूद रहे। सर्वप्रथम डीएम उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरिया पहुंची, जहां उन्होंने मिड डे मील के तहत तैयार किए गए दाल रोटी की गुणवत्ता परखी। बच्चों को गाढ़ी दाल परोसने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा छह के छात्र सैफ से हिंदी की पुस्तक पढ़वाई। पुस्तक को धारा प्रवाह पढ़ने पर सराहना करते हुए तालियां बजवाई। डीएम ने शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ करने पर



शिक्षकों ने विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई। कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय खेरवा पहुंची, जहां उन्होंने सर्वप्रथम मिड डे मील की गुणवत्ता देखी। डीएम ने क्लास रूम में स्वयं ब्लैक बोर्ड पर बच्चों से जोड़-घटाव के सवाल भी पूछे। सही जवाब देने पर उनका उत्साह भी बढ़ाया। कक्षा तीन की क्लास में बालिका आराध्या ने धारा प्रवाह रीडिंग स्किल देख डीएम ने ताली बजवाई। अन्य बच्चों की भी रीडिंग स्किल बेहतर मिली। बच्चों के अधिगम स्तर को बेहतर देख डीएम ने प्रधानाध्यापक गौरव गुप्ता की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय को शाबाशी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौरव गुप्ता को प्रशंसा पत्र निर्गत करने की बात भी कहीं। विद्यालय परिसर में ही संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की एक्टिविटी को देख डीएम ने खुशी जाहिर की इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर पहुंची, जहां उन्होंने प्राथमिक विद्यालय में सफाई कर्मी द्वारा सप्ताह में एक दिन भी योगदान न दिए जाने को गंभीरता से लिया। तत्काल सफाईकर्मी कमला देवी को निलंबित करने का फरमान सुनाया। कक्षा पांच की छात्रा नजमा और प्रियांशी से झांसी की रानी पाठ पढ़वाकर देखा। निरीक्षण के दौरान बच्चों का अधिगम स्तर बेहतर मिला इसके बाद डीएम उच्च प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर पहुंची, जहां उन्होंने बच्चों का शैक्षिक स्तर को जांचा। डीएम के सवालों का बच्चों ने फटाफट जवाब दिया। मध्यान भोजन ग्रहण कर रहे बालक बालिकाओं को दुलारते हुए संवाद किया। भोजन में सोया बड़ी के महत्व को रेखांकित किया। बच्चों से कहा कि परोसे गए भोजन में सोया बड़ी को अनिवार्य रूप से ग्रहण करें यह आपके आहार को पौष्टिक और स्वादिष्ट बनाएगा। शौचालय के निरीक्षण के दौरान निर्माण में कमियां मिलने को गंभीरता से लिया और संबंधित ग्राम प्रधान को 95-जी का नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान इसी गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे मौजूद न मिलने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गहरी नाराजगी जताई और दोनो आंगनबाड़ी वर्कर हजीरा खातून, मीना देवी का मानदेय बाधित करने के निर्देश दिए।

## होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, स्ट्रीट फूड वेंडिंग स्टालों पर अभियान चलाकर 31 दिसम्बर तक किया जाएगा निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, स्ट्रीट फूड वेंडिंग स्टालों पर अभियान चलाकर 31 दिसम्बर तक निरीक्षण किया जाएगा। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। निरीक्षण के दौरान कच्चे माल के रखरखाव, पके भोजन को रखने की व्यवस्था, गुणवत्ता, हाईजीन आदि की जांच की जाएगी। इसके अलावा अगर कहीं शाकाहारी और मांसाहारी दोनो खाद्य पदार्थ दिए जा रहे हैं तो दोनो के स्थान, बर्तन आदि अलग हैं या नहीं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, स्ट्रीट फूड वेंडिंग स्टोलों पर जाकर भोजन तैयार करने में प्रयुक्त किए जाने वाले कच्चे माल का भंडारण, पकाने का स्थान, तैयार किए गए भोजन के भंडारण का पर्याप्त स्थान देखेंगे। कच्चे माल के भंडारण से लेकर भोजन तैयार करने और सर्व किए जाने तक सभी प्रक्रियाओं में प्रयोग किए जाने वाले बर्तन, उपकरण, पैकिंग मैटेरियल, खाद्य श्रेणी का होना चाहिए। किचन व भंडारण के स्थान पर एक्सपायर पदार्थ मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। यह भी निर्देश दिया गया है कि तैयार ग्रेवी और तैयार भोजन कच्चा माल जिसमें मांस, दूध आदि का प्रयोग किया जाता है। रखरखाव आदि को देखा जाएग। यह भी निर्देश दिया गया है कि जिन प्रतिष्ठान में शाकाहारी एवं मांसाहारी दोनों प्रकार के भोजन तैयार किए जाते हैं उनके कच्चा माल के भंडारण का स्थान, बर्तन, उपकरण बनाए जाने के स्थान, पके हुए भोजन को संरक्षित करने आदि का स्थान देखा जाएगा। आयुक्त पी गुरुप्रसाद ने निर्देश दिया है कि 31 दिसंबर तक प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। रोज किए गए निरीक्षण, छापे, भरे गए सैंपल आदि की सूचना रोज देनी होगी। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमें गठित कर निरीक्षण का निर्देश दिया गया है।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा अ0सं0 174/02 धारा 25 आर्म्स एक्ट में 01 नफर वारण्टी अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र सावितराम निवासी ग्राम दलेलनगर थाना गोला को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन उठाए कई मुद्दे

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वाधान में गुरुवार को रोडवेज कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया व कई मुद्दे उठाए। प्रांतीय महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा के प्रबंध निदेशक को डग्गामार वाहनों पर प्रभावी रोक, मकान भत्ता, वेतन विसंगति,संविदा कर्मियों की एजेंसियों के माध्यम से की जा रही भर्ती पर रोक समेत तमाम मांगों को लेकर देय नोटिस के क्रम में भोजनावकाश के समय गोला डिपो में समस्त शाखा पदाधिकारियों सहित कर्मचारियों ने अपना विरोध जताया। इस मौके पर कमलेश कुमार वर्मा, विमलेश वर्मा, आलोक अवस्थी, जुगेन्द्र सिंह, मोबीन सिददीकी, रामलडैते, सुशील गुप्ता, शोभित, लोकेश, संजय, रामेन्द्र सिंह, अमरजीत गौतम, राजेश कुमार, राजेश कुमार वर्मा सहित शाखा के कर्मचारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## फड़ दुकानदार किसी के बहकावे में न आएं: महापौर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मंगल बाजार में फड़ (थला) लगाने वाले दुकानदारों को मेला गुघाल में फड़ लगाने के लिए नगर निगम द्वारा टोकन देने का कार्य जनमंच में आज भी जारी रहा। कल शुक्रवार टोकन देने का आखिरी दिन होगा। उधर महापौर डॉ. अजय कुमार ने सभी फड़ दुकानदारों से किसी के बहकावे में न आकर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्था मे सहयोग करने की अपील की है। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर मेला गुघाल स्थल पर फड़ लगाने वाले दुकानदारों को गत चार दिन से दिए जा रहे टोकन देने का कार्य आज भी जारी रहा। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा नेहरू मार्केट, लोहानी सराय, शहीद गंज, जुबली पार्क, रायवाला, प्रताप मार्केट आदि सभी मंगल बाजारों में किये गए सर्वे में 1350 फड़ लगाने वाले दुकानदार चिह्नित किये गए थे। इनमें से आज शाम तक 850 से अधिक दुकानदारों को टोकन दिए जा चुके है। कल शुक्रवार को टोकन देने का आखिरी दिन रहेगा। उन्होंने बताया कि सर्वे में जो दुकानदार रह गए है, यदि वह ठेकेदार द्वारा दी गयी तीन पुरानी पर्ची दिखा देते है तो उन्हें भी टोकन देने की प्रक्रिया में शामिल कर लिया जायेगा। अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि नेहरु मार्किट, शहीदगंज, लोहानी सराय, जुबलीपार्क व रायवाला आदि बाजारों में मंगल बाजार में फड़ दुकानदारों को हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि आगामी मंगल बाजार मेला गुघाल स्थल पर ही लगाया जायेगा।

उधर महापौर डॉ. अजय कुमार ने नेहरु मार्किट, शहीदगंज, लोहानी सराय, जुबलीपार्क व रायवाला आदि क्षेत्रों के मंगल बाजार में फड़ लगाने वाले दुकानदारों से अपील की है कि वें किसी के बहकावे में ना आए। कुछ लोग उन्हें अपने निजी स्वार्थ के लिए बहकाने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे लोगों को उनके व्यापार की कोई चिंता नहीं है।

# जिलाधिकारी ने की अग्निवीर रैली की तैयारियों की समीक्षा

### 24 दिसम्बर से 05 जनवरी तक अम्बेडकर स्टेडियम में होगी अग्निवीर भर्ती रैली

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि स्टेडियम, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशन के आस-पास पर्याप्त मात्रा में पूरी रात अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि तहसील एवं नगर निगम स्थल चिन्हित कर अभ्यर्थियों के लिए रात्रि में ठहरने एवं सर्दी से बचाव की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा रैली में आने वाले सभी अभ्यर्थियों को बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अग्निवीर भर्ती की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि रैली से संबंधित सभी विभाग सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। उन्होने सिन्थेटिक ट्रेक के मरम्मत के कार्य को 20 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि



व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए सिविल डिफेन्स का भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को पेयजल, साफ-सफाई, बेरीकेटिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लाइट, शौचालय, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा, फॉगिंग आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को अतिरिक्त बसों का संचालन करने एवं अग्निशमन विभाग को रैली स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि जनपद में अग्निवीर भर्ती के तहत भारतीय सेना की ओर से डा.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आगामी 24 दिसम्बर से 05 जनवरी तक रैली का आयोजन किया जाना है। रैली में प्रदेश के 13 जनपदों के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। रैली में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, हापुड, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ और बुलंदशहर के अभ्यर्थी आएंगे। बैठक में सेना के भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने अधिकारियों को रैली के मद्देनजर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली में 15 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जनपद में प्रतिदिन लगभग 1500 अभ्यर्थी आएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, एसपी यातायात सिद्धार्थ वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रवीण कुमार, अपर नगर आयुक्त राजेश यादव, उपजिलाधिकारी सदर अंकुर वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण एवं सेना भर्ती के अधिकारी मौजूद रहे।

## सत्ता पक्ष के विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश

**बदायूं।** न्यायालय अपर मुख्य न्यायक मजिस्ट्रेट द्वारा सत्ता पक्ष के एक विधायक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने हेतु थाना सिविल लाइन पुलिस को आदेशित किया गया है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र निवासी ललित कुमार ने सत्ता पक्ष के एक विधायक तथा उनके अन्य साथियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसे न्यायालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया। मुकदमे के वादी ललित कुमार ने जमीनी विवाद दर्शित करते हुए न्यायालय में दिए गए पत्र में कथन किया था, कि उसके पिता व परिवरीजन पर दबाव डालकर जमीन का एग्रीमेंट कराया गया है। इसके अलावा प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ता ललित कुमार द्वारा विधायक तथा उनके अन्य साथियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रार्थना पत्र पेश होने के बाद न्यायालय द्वारा उसके परिशीलन उपरांत वादी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया। बुधवार को अदालत ने संबंधित थाना अध्यक्ष को आदेश देते हुए कहां है कि प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों के प्रकाश में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विवेचना करना सुनिश्चित करें,तथा आदेश प्राप्ति की तिथि से 10 दिन के अंदर अनुपालन आख्या की कार्यवाही से न्यायालय को अवगत कराए।

## यूपी का बरेली जिला बना ट्रैफिक हैल्पलाइन होगी शुरू करने वाला पहला जिला




**बरेली।** स्मार्ट सिटी में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए एसपी ट्रैफिक नई स्मार्ट व्यवस्था शुरू करने जा रहे हैं। जिससे शहर में किसी भी जगह पर जाम व अतिक्रमण की समस्या होने पर लोग यातायात विभाग में बने कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

एसपी ट्रैफिक अकमल खान एक नई पहल शुरू की हैं। सड़कों पर होने वाले ट्रैफिक जाम से निजात के लिए एसपी ट्रैफिक ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किये हैं। जिसमें हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत मिलने के कुछ ही मिनटों बाद कंट्रोल रूम में बैठें कर्मचारी संबंधित चौराहे पर तैनात यातायात सिपाही को यातायात व्यवस्थित करने संबंधित जरूरी दिशा निर्देश देंगे। सिपाही मौके पर जाम की समस्या को खत्म करा इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देगा जिससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

हालांकि ट्रैफिक से जुड़ी शिकायतों को फेसबुक पेज और फोन नंबर सोशल के अलावा मीडिया के कई अन्य प्लेटफार्म पर भी जोड़ा गया है। इस बात की जानकारी एसपी ट्रैफिक ने अकमल खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है। एसपी ट्रैफिक की इस पहल से शहर वासियों को जल्द हैवी ट्रैफिक से मुक्ति मिलने की उम्मीद है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आग का गोला बनी स्लीपर बस, सभी 60 यात्री सुरक्षित

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस में अचानक आग लग गई। बस के टायर से आग की लपटें निकलते देख चालक ने अचानक ब्रेक लगाया। यात्रियों को तेज झटका लगा तो उनकी नींद खुली। बस में चीखपुकार मच गई। तब तक आग फैलने लगी थी। यह देख यात्रियों ने बस की खिड़कियों के शीशे तोड़े और बाहर कूदे। जो यात्री बाहर निकल आए थे, उन्होंने दूसरों की मदद की। बस में 60 यात्री थे और सभी सुरक्षित बाहर निकले आए। इधर, कुछ ही देर में लपटों ने बस को घेर लिया। पुलिस ने यात्रियों की शिकायत पर चालक और परिचालक को हिरासत में लिया है। यात्रियों का आरोप है कि हादसे वाले स्थान से कुछ किमी पहले ही उन्होंने



आग लगने का अंदेशा जताया था, मगर उनकी नहीं सुनी गई।

जानकारी अनुसार हादसा फतेहाबाद क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर 21 किलोमीटर पर हुआ। अंबाला से यात्रियों को लेकर रही स्लीपर बस बिहार जा रही थी। गुरुवार सुबह करीब 6:15 बजे अचानक बस के टायरों से चिंगारी के साथ लपटें उठने लगीं। चालक ने यह देखा तो ब्रेक लगा दिया। बस तेज झटके के साथ रुकी। बस में कई यात्री सो रहे थे। उनकी भी आंख खुल गई। आग लगने का शोर मचा तो यात्रियों में अफरातफरी मच गई। कई यात्रियों ने बस की खिड़की के शीशे तोड़े और बहार छलांग लगा दी। फिर बाकी यात्रियों की भी मदद की। इस तरह से बस में सवार सभी 60 यात्री बाहर निकाल लिए गए। इसके बाद बस धू-धूकर जलने लगी।

बस में आग लगने की सूचना पर यूपीडा टीम, फतेहाबाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद बस की आग पर काबू पाया। तब तक बस में रखा यात्रियों का सारा सामान जलकर राख हो गया। इस बारे में फतेहाबाद थाना की लुहारी पुलिस चौकी के इंचार्ज एसआई पृथ्वी सिंह के मुताबिक, यात्रियों ने बताया कि टोल प्लाजा से पांच किलोमीटर पहले टायरों में आग लगने की जानकारी हुई थी। तभी ड्राइवर से बस रोकने के लिए कहा गया था, लेकिन उसने नहीं सुनी। यात्रियों की शिकायत के बाद पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

## मुख्यमंत्री की आईजीआरएस पोर्टल का आगरा पुलिस ने बनाया मजाक

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल की आगरा पुलिस ने उड़ाई धज्जियां। आगरा के सिकंदरा थाना अन्तर्गत करकुंज चौराहे के पास नगर निगम ऑफिस के सामने अलीगढ़ से आए पत्रकार की गाड़ी में टक्कर मार दी। जानकारी अनुसार घटना दिनांक 7/11/2024 की हैं शाम के लगभग 8:40 बजे पत्रकार अपनी गाड़ी से कारगिल पेट्रोल पंप की ओर से आ रहे थे इस दौरान शराब की दुकान के सामने कार संख्या डीएल 10सीबी 6779 ने उनकी गाड़ी में टक्कर मारी। कार में सवार 5-6 लोग हादसे का विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए। इस दौरान पत्रकार की गाड़ी में टूट फुट भी हुई। जिसकी शिकायत पत्रकार ने डायल 112 पर करनी चाही परन्तु कॉल नहीं लगी। इसके बाद उन्होंने आगरा कमिश्नर को ईमेल व एसएचओ सिकंदरा को कॉल किया तो उन्होने कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद इसकी शिकायत आईजीआरस पोर्टल 1076 पर दर्ज कराई। जोकि 1 महीने बाद आज 12/12/2024 को सिकंदरा थाना द्वारा जानकारी ली गई। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगरा पुलिस कितनी सक्रिय हैं। खास बात यह है कि सिकंदरा थाना एसएचओ नीरज शर्मा अपने सीयूजी नंबर का व्हाट्सएप तक नहीं चलाते। घटना की लिखित शिकायत उनको व्हाट्सएप की गई परंतु 7/11 का मैसेज उनके व्हाट्सएप पर 13/11 को डिलीवर हुआ परन्तु कोई संज्ञान नहीं लिया गया। आगरा पुलिस कितनी सक्रिय हैं यह इन्ही सब बातों से पता चलता है। जब एक पत्रकार की शिकायत पर यह हाल है तो आम नागरिक के साथ क्या होता होगा। कहने को तो सीएम योगी और डीजीपी यूपी के सख्त आदेश है कि पत्रकारों साथ होने वाली घटनाओं को गम्भीरता से लिया जाए परन्तु आगरा पुलिस इन आदेशों की खुल कर धज्जियां उड़ा रही है।

# कोर्ट में हाजिर नहीं हुई बीजेपी सांसद कंगना, अगली तारीख 18 दिसंबर

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत आज भी स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में हाजिर नहीं हुईं। कंगना की ओर से कोई अधिवक्ता भी कोर्ट में नहीं हाजिर हुआ। कोर्ट ने इस मामल में 18 दिसंबर की तिथि नियत करते हुए कंगना को अपना पक्ष रखने के लिए एक और मौका दिया है। बता दें कि कोर्ट ने 13 नवंबर 2024 को कंगना के दिल्ली एवं मनाली के पतों पर दो नोटिस भेज कर 28 नवंबर 24 को न्यायालय में हाजिर होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया था। दोनों नोटिस रिसीव होने के बाद भी कंगना 28 नवंबर को कोर्ट में हाजिर नहीं हुईं। तब कोर्ट ने उन्हें समय देते हुए एक बार और दो नोटिस 7 दिसंबर 2024 को भेजे कि कंगना अपना पक्ष रखें कि मामले की सुनवाई कराना



चाहती हैं या अपना पक्ष रखना चाहती हैं। कोर्ट ने यह हिदायत भी दी थी कि अगर नियत तिथि और नियत समय पर कंगना स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में हाजिर होकर अपना पक्ष नहीं रखती हैं तो यह समझ जाएगा कि कंगना को अपना पक्ष नहीं रखना है और उक्त मामले में कोर्ट की कार्रवाई आगे बढ़ा दी जाएगी।

दूसरे नोटिस के बाद कंगना को आज स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखना था, लेकिन वे आज भी नहीं आईं। अब कोर्ट ने 18 दिसंबर 2024 की तिथि नियत कर दी है।

वादी अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा एडवोकेट की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्ग विजय सिंह भैया, राम दत्त दिवाकर, चौधरी अजय सिंह, राजेंद्र गुप्ता धीरज, अजय कुमार सागर, सत्य प्रकाश सक्सेना, राजेंद्र कर्दम, सिद्धार्थ कर्दम और ओपी वर्मा सहित तमाम अधिवक्ता कोर्ट में मौजूद थे। कांग्रेस की ओर से जिला कांग्रेस प्रवक्ता पवन कुमार शर्मा अपने तमाम साथियों के साथ आज कोर्ट में मौजूद रहे। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में 11 सितंबर 2024 को कंगना के खिलाफ यह वाद दायर किया है। कंगना के किसानों के खिलाफ दिये बयान और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अपमान को केस का आधार बनाया गया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

सहारनपुर। कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

कोतवाली सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि विगत् 10 अक्टूबर को वादिया की तहरीर पर आरोपी बीर सिंह पुत्र स्व.मोहन सिंह निवासी न्यू नवीर नगर थाना सदर बाजार के खिलाफ वादिया का शारीरिक उत्पीडन कर दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक मौ.जहांगीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यू नवीन नगर से नामजद आरोपी बीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# युवा समाज को जागृत करें, तभी बदलेगी देश की तस्वीर : डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** राष्ट्रीय इंटर कालेज गुलड़िया में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में चल रही जनपदीय स्काउट गाइड सर्वोत्तम कैडेट रैली का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गुरूवार को समापन हो गया। स्काउट गाइड ने तंबुओं का शहर बसाकर सुंदर गेट, टावर और रंगोली सजाई। हर्रायपुर बिसौली की टीम सर्वश्रेष्ठ रही।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि युवा समाज को जाग्रत करें। तभी देश की तस्वीर बदलेगी और संस्कृति का उत्थान होगा। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त एडवोकेट महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि युवाओं के शब्दकोश में असंभव शब्द नहीं, शक्ति और अदम्य साहस अपनी मंजिल को पाएं। इनकम टैक्स कमिश्नर तरुण कुमार ने कहा कि श्रेष्ठ ज्ञान से व्यक्तित्व निखरता है। पवित्रता आती



है। जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रवेश कुमार ने कहा कि युवा दिग्भ्रमित न हों, श्रेष्ठ ज्ञान अर्जित कर राष्ट्र के लिए उपयोगी बनें।गुलड़िया चेयरमैन तारा देवी और सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर नेहा कटियार ने टीमों को सम्मानित किया। स्काउट वर्ग में ब्लाक बेसिक में संविलयन विद्यालय हर्रायपुर प्रथम, नगर माध्यमिक जूनियर में कुंवर रुकुम सिंह वैदिक इंटर कालेज प्रथम, नगर माध्यमिक सीनियर में श्री कृष्ण इंटर कालेज बदायूं प्रथम, राजकीय इंटर कालेज बदायूं द्वितीय, तहसील माध्यमिक जूनियर में राष्ट्रीय इंटर कालेज गुलड़िया प्रथम, प्रमोद इंटर कालेज सहसवान द्वितीय, संतोष कुमार मेमोरियल इंटर कालेज गंनगोला दातागंज, पन्ना लाल इंटर कालेज सहसवान को सांत्वना पुरस्कार मिला। तहसील माध्यमिक सीनियर में मदनलाल इंटर कालेज बिसौली प्रथम, एनए कालेज बिल्सी द्वितीय, राधेलाल इंटर कालेज कछला और केएम इंटर कालेज इस्लामनगर को सांत्वना पुरस्कार मिला। गाइड वर्ग के ब्लाक बेसिक में संविलयन विद्यालय हर्रायपुर बिसौली प्रथम, नगर माध्यमिक जूनियर में नगर पालिका इंटर कालेज बदायूं प्रथम, विद्यापति वैदिक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वितीय रहा। नगर माध्यमिक सीनियर में सिंगलर गर्ल्स इंटर कालेज बदायूं प्रथम, केदारनाथ महिला इंटर कालेज द्वितीय, पार्वती आर्य कन्या इंटर कालेज, राजाराम महिला इंटर कालेज, राजकीय कन्या इंटर कालेज को सांत्वना पुरस्कार मिला। तहसील माध्यमिक जूनियर में प्रमोद इंटर कालेज सहसवान प्रथम, तहसील माध्यमिक सीनियर में नगर पालिका अशर्फी देवी कन्या इंटर कालेज उझानी प्रथम रहा।

निर्णायक में जिला व्यायाम शिक्षिका ज्योति सक्सेना, जिला स्काउट मास्टर सुदेश चंद्र, कमलेश ज्ञानी, सरोजिनी गुंजायाल, जीवन बाबू कश्यप, नंदराम शाक्य, अंबिका सिंह रहीं।

मुख्य अतिथि डीएम निधि श्रीवास्तव, जिला में मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना, जिला सचिव आलोक कुमार पाठक, जिला स्काउट मास्टर अजय पाल सिंह, डा. मनवीर सिंह ने तंबुओं के शहर का निरीक्षण किया।

## बच्चों को कपड़े खिलौने उपहार भेंट किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा डॉ0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय के एन0 आर0 सी0 वार्ड पहुँचकर इलाज के बाद स्वस्थ हुये 14 बच्चों को गर्म कपड़े, फल, बॉर्नविटा, खिलौने आदि उपहार प्रदान किये गये व बच्चों की माताओं को साड़ी शॉल उपहार में भेंट कर बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये कहा गया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक लोहिया अस्पताल पुरुष व महिला को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को बाहर की दवाइयां न लिखी जाये सभी को अस्पताल से ही दवाये उपलब्ध कराई जाये व अस्पताल के सभी कर्मी अपना आईडी कार्ड गले मे डाल कर रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीपीओ व संबंधित मौजूद रहे।

## कंपोजिट विद्यालय गैसिंहपुर का निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा कम्पोजिट विद्यालय गैसिंहपुर, ब्लॉक मोहम्दाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय में शिक्षा का स्तर खराब पाया गया, कक्षा 05 के बच्चों को अंग्रेजी के शिक्षक द्वारा सही से नही पढ़ाया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई, जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में पौधारोपण कराने व फूलों के पौधे लगाने के निर्देश दिये गये, जिलाधिकारी द्वारा बच्चो से मिड डे मील में मिल रहे खाने की गुडवत्ता व मात्रा के बारे में जानकारी की गई, विद्यालय में चल रहे आंगनवाड़ी केंद्र के भवन व टॉयलेट को सही कराने के लिये निर्देशित किया गया, जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्दाबाद को बच्चों को चिड़ियाघर दिखाने के लिये ले जाने के लिये निर्देशित किया गया जिलाधिकारी द्वारा कक्षा 07 के बच्चों को गणित के सवाल हल कराये गये, विद्यालय में कुल पंजीकृत 352 के सापेक्ष 254 बच्चे उपस्थित पाये गये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रशिक्षु/खंड विकास अधिकारी मोहम्दाबाद, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्दाबाद मौजूद रहे।

## नोएडा विधायक पंकज सिंह का जन्मदिन मनाया गया

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** भाजपा महानगर युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह के जन्म दिन के अवसर पर हनुमान सेतु मन्दिर पर सामूहिक सुन्दर कांड पाठ एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, पार्षदगण, मण्डल अध्यक्ष, कार्यकता, समाजसेवी, प्रबुद्धजन उपस्थित रहें। सुन्दर कांड के बाद आरती के समय लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, पूर्व विधानसभा विधायक ओपी श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, नानक चन्द लखवानी, रजनीश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने श्री राम दरबार की आरती की। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने श्री हनुमान जी के चरणों में नोएडा विधायक पंकज सिंह के लिए दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, सौरभ वाल्मीकि, विजय भुर्जी, अभिषेक खरे, विनायक पाण्डेय, सत्येंद्र सिंह, उपस्थित रहें।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में कॉफी पर चर्चा का सफल आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को सुदृढ़ करने और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विचार-विमर्श के लिए कॉफी पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, उपनिदेशिका श्रीमती अंजू राजे, प्रधानाचार्य श्री संजय बिष्ट और अभिभावक डॉ. कुमार भट्ट ने दीप प्रज्वलन कर किया।

निदेशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन संबोधन में कहा, हमारा उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देना है, बल्कि उनके व्यक्तित्व को भी संवर्धित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करेंगे। उपनिदेशिका श्रीमती अंजू राजे ने कहा, सफलता केवल शिक्षा में नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू में सहयोग, संवाद और समझ में है। कॉफी पर चर्चा जैसे कार्यक्रम इस समझ को और गहरा करते हैं। प्रधानाचार्य श्री संजय बिष्ट ने कार्यक्रम के महत्व पर बल देते हुए कहा, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सहयोग छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सशक्त माध्यम है। यह न केवल बच्चों की शैक्षणिक उन्नति में सहायक है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय के पाठ्यक्रम संरचना, अनुशासन प्रणाली, सुरक्षा प्रबंधन और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के संदर्भ में अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने डिजिटल शिक्षा, नैतिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानाचार्य ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और उन्हें प्रभावी रूप से लागू करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉ. कुमार भट्ट सहित कई प्रमुख अभिभावकों ने विद्यालय की नैतिक और शैक्षणिक कोशिशों की सराहना की। हेड ब्वॉय और हेड गर्ल ने अपने प्रेरक भाषण से कार्यक्रम को विशेष बना दिया। नवीन शाक्य ने सीबीएसई में हाल के परिवर्तनों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन शिवा सिंह ने किया और समापन पर लक्ष्मी यादव ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे एक मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में शिवानी मिश्रा, अतुल श्रीवास्तव और ज्योति प्रधान का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा जिला कार्यालय पर पर्यवेक्षक ने संगठन पर्व अभियान की समीक्षा की




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 12 दिसंबर 2024 दिन बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत जनपद फर्रुखाबाद में संगठन को विस्तार देने के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री श्री विंध्यवासिनी ने पर्यवेक्षक के रूप में आवास विकास स्थित जिला भाजपा मुख्यालय पहुंचकर पूरे संगठन पर्व अभियान की समीक्षा की इस अभियान के अंतर्गत उन्होंने पार्टी मुख्यालय पर सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष पद पर इच्छुक कार्यकर्ताओं एवं जिला पदाधिकारियो से भेंट की इस दौरान उनके साथ जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे जिला निर्वाचन चुनाव अधिकारी सुमन चतुर्वेदी भाजपा जिलाअध्यक्ष रूपेश गुप्ता जिला निर्वाचन चुनाव सह अधिकारी जय गंगवार व ममता सक्सेना जिला महामंत्री डीएस राठौर जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता जिला महामंत्री सुनील रावत मौजूद रहे। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बताया भाजपा का संगठन पर्व अभियान पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण अभियान है इस अभियान के अंतर्गत पार्टी अपने नए-नए कार्यकर्ताओं को संगठन में कार्य करने का अवसर देती है सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता पार्टी को शिखर पर पहुंचने का कार्य करते हैं ऐसे ही कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन में दायित्व देकर संगठनात्मक स्तर पर पार्टी की रीड को मजबूत करने का कार्य सौंपती है जल्द से जल्द पार्टी को सभी मंडलों में नए मंडल अध्यक्ष एवं नए जिला अध्यक्ष मिल जाएंगे। जिला चुनाव निर्वाचन अधिकारी सुमन चतुर्वेदी ने बताया सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति प्रदेश नेतृत्व द्वारा की जाएगी इसके लिए सभी मंडलों से तीन-तीन सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का पैनल प्रदेश नेतृत्व को सौंप दिया जाएगा।

## प्ले हाउस स्कूल हजरतगंज, लखनऊ ने विद्यालय के लॉन में वार्षिक समारोह सफलतापूर्वक मनाया



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को प्ले हाउस स्कूल हजरतगंज, लखनऊ ने विद्यालय के लॉन में अपना वार्षिक समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में हमारे 2 से 4 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों एवं अभिभावकों का दिल जीत लिया। वंदना से शुरू होकर विभिन्न प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियां जैसे कश्मीर की लय, भांगड़ा बीट्स, राइमिंग फॉर फन, द बेबीलोनियन रेनेसां, गोअनफिएस्टा, टुगेदरफॉरएवर- यूनिटी इन डायवर्सिटी, द मिस्टिक वर्ल्ड ऑफ अलादीन, द स्पिरिट ऑफ पैट्रियटिज्म एवं द कंटेम्पररी क्रिसमस स्पेक्टेक्यूलर आकर्षण का केन्द्र रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेप स्टडी हॉल स्कूल, लखनऊ की पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती शशि मेहता रहीं, जिन्होंने अपने भाषण में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन भी सिखाना चाहिए, क्योंकि अनुशासन से ही देश तेजी से प्रगति करता है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम कपूर ने अपनी और विद्यालय, बच्चों तथा स्वयं की ओर से आदरणीय मुख्य अतिथि तथा समारोह में आए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## अंतर स्कूल कम्प्यूटर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के राजा महेन्द्र प्रताप सिंह एएमयू सिटी स्कूल में अंतर स्कूल कम्प्यूटर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में कम्पयूटर और सूचना तकनीक के प्रति रूचि उत्पन्न करना और ज्ञान का प्रचार प्रसार करना था। प्रतियोगिता में मेज़बान टीम एएमयू सिटी स्कूल प्रथम स्थान पर रही जबकि एबीके गर्ल्स स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभ्ज्ञी स्कूलों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जिनमें एएमयू गर्ल्स स्कूल, एसटीएस (मिंटो सर्किल), एबीके हाई स्कूल ब्वयज़, एबीके हाई स्कूल गर्ल्स, सिटी गर्ल्स हाई स्कूल तथा मेज़वान आरएमपीएस एएमयू सिटी स्कूल शामिल थे। मुख्य अतिथि कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर उबैदुल्लाह बुखारी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रोफेसर बुखारी ने कहा कि वर्तमान समय में स्कूल स्तर से ही कम्पयूटर का ज्ञान आवश्यक हो गया है।

# कैप्सूल पेसमेकर से कंट्रोल रहेगी हृदय गति, बढ़ेगी ज़िंदगी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के टेंडर पाम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में एक अत्याधुनिक पेसमेकर लगाया गया, जो लखनऊ का पहला और देश का 15वां केस है। अब मरीजों को पेसमेकर लगवाने के लिए किसी तार या बैटरी लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि यह नया पेसमेकर एक कैप्सूल की तरह है। इस कैप्सूल की लाइफ 23 साल तक होती है। यानी 23 साल तक केवल कैप्सूल पेसमेकर आपकी हृदय गति को कंट्रोल कर सकेगा और इसके बाद डॉक्टर इसे निकाल कर दूसरा कैप्सूल पेसमेकर लगा सकेंगे। इसे लीडलेस पेसमेकर कहते हैं। यह नया लीडलेस पेसमेकर मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसे AVEIR कहते हैं। इसको लगाने से पेसमेकर इन्फेक्शन, तार हिलने (लीड डिस्लॉजमेंट) का खतरा पूरी तरह से ख़त्म हो जाता है। इसके पहले भी टेंडर पाम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में फर्स्ट् जेनरेशन माइक्रा डिवाइस लगाई जा चुकी है। माइक्रा का सफलता स्तर यह रहा कि उत्तर प्रदेश में इसे सबसे ज्यादा टेंडर पाम हॉस्पिटल में ही लगाया गया। इस बारे में कार्डिएक साइंसेज डिपार्टमेंट के निदेशक एवं प्रमुख डॉ. गौतम स्वरूप ने बताया कि हमारे पास आई 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला मरीज इसी समस्या से ग्रसित थी। उन्हें पेसमेकर लगवाने की सलाह दी गयी थी। लेकिन उन्हें न्यूरोलॉजी से जुड़ी समस्या भी थी, जिसमें सामान्य पेसमेकर लगाने से तार हिलने का खतरा रहता है। इसी वजह से उन्हें अत्याधुनिक पेसमेकर लगाया गया। इस केस को सफल बनाने वाली कार्डिएक साइंसेज डिपार्टमेंट की टीम में डॉ आदेश कुमार सिंह, डॉ मोहित मोहन सिंह और डॉ कृष्ण कुमार सहानी भी शामिल रहे।

## सीडीओ ने विकास भवन में ई-ऑफिस प्रणाली का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** विकास कार्यों से जुड़े विभागों की पत्रावलियां अब ई-ऑफिस के माध्यम से ही परिचालित की जाएंगी। यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने दिए हैं। वह गुरुवार को विकास भवन सभागार में ई-ऑफिस प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सचिवालय के विभिन्न कार्यालयों के साथ ही प्रदेश के कई जिलों में ई-ऑफिस के माध्यम से शासकीय पत्रावलियों का परिचालन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी विशाख की विशेष पहल पर कलैक्ट्रेट कार्यालय में अगस्त माह से ही ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य आरंभ हो चुका है। सीडीओ ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं पटल सहायकों को निर्देशित किया कि 25 दिसंबर से वह नई पत्रावलियों को ऑफलाइन स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वह पत्र निर्गत कर पूर्व में ही निर्देश भी दे चुके हैं। इस दौरान उन्होंने माउस क्लिक कर ई-ऑफिस का भी शुभारंभ किया। ईडीएम मनोज राजपूत ने ई-ऑफिस संचालन के बारे में विकास भवन सभागार में विकास से जुड़े सभी अधिकारियों एवं पटल सहायकों को प्रशिक्षण देते हुए ई-ऑफिस के लिए उपयोग में आने वाले हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, इंटरनेट, डीएससी, ईमेल आईडी, वीपीएन, गूगल इंडिक टूल से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस संचालन के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डिजिटल सिग्नेचर एवं एनआईसी के सर्वर पर ईमेल आईडी बनवाना अनिवार्य किया गया है, इसके बिना ई-ऑफिस पर कार्य किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि मैपिंग का कार्य भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके लिए विकास भवन में सनी चौधरी कनिष्ठ लिपिक को जिम्मेदारी दी गई है।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**अमेठी।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत गुरुवार की सुबह एक बोलेरो वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक बोलेरो लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीण की सूचना पर पहुंची 112 पीआरबी पुलिस द्वारा गंभीर हालत में दोनों युवकों को संग्रामपुर सीएचसी भर्ती कराया गया। जहां से दोनों युवकों की हालत गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकर माफी पुलिस चौकी अंतर्गत मौहरिया भावलपुर के पास गुरुवार की सुबह अंतू थाना क्षेत्र के लोहियानगर से रिश्तेदारी से वापस अपने घर जा रहे बाइक सवार युवक सब्बीर अली उम्र 29 वर्ष पुत्र अनवर अली निवासी दुदवा थाना गोसाईगंज व शहंशाह पुत्र मोहम्मद अमीन निवासी बौधिकपुर थाना पीपरपुर को तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# चौकी में दारू पार्टी कर रहे थे दरोगा और सिपाही अब एक दरोगा लाइन हाजिर

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** एक ओर जहां सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश पुलिस की तारीफ करते नहीं थकते तो वही पुलिस लापरवाही और उदासीनता दिखाते नहीं थकती। आलम यह है कि वीडियो होने के बाबजूद कार्यवाही नहीं हो पाती। ताजा मामले में सासनीगेट थाना क्षेत्र की खिरनीगेट पुलिस चौकी की बैरक में हुई शराब पार्टी के मामले में एक दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस चौकी के अंदर शराब पार्टी हुई थी, जिसके वीडियो बीते सप्ताह सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे।

वीडियो सामने आने के बाद यह मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा था और मामले में जांच शुरू हो गई थी। अब उच्च अधिकारियों ने संबंधित दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं वीडियो में नजर आने वाले अन्य पुलिस कर्मियों और बाहरी लोगों की भी पहचान की जा रही है। खिरनीगेट पुलिस चौकी के अंदर बनी बैरक में शराब पार्टी करने के 4 वीडियो 5 दिसंबर को सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इस वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी और बाहरी लोग शराब पीते नजर आ रहे थे। इसमें खिरनीगेट चौकी इंचार्ज भी बैठे हुए नजर आ रहे थे। जब इसकी शिकायत हुई थी तो अधिकारियों ने इस मामले को लगभग 6 महीने पुराना बताया था। बैरक के अंदर चारपाई और कुर्सियों पर बैठकर शराब पी जा रही थी। कुछ लोगों ने वर्दी पहन रखी थी और कुछ लोग सिविल में नजर आ रहे थे। इसलिए इनकी पहचान नहीं हो पा रही थी। इस मामले में अब 11 दिसंबर को एक्शन लिया गया है। शराब पार्टी के मामले में फिलहाल दरोगा धर्मेंद्र कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसके साथ ही पूरे मामले की विस्तृत विभागीय जांच भी की जा रही है। जिससे कि सभी आरोपियों के खिलाफ और सख्त कार्रवाई की जा सके।

एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक ने बताया- मामले की जांच कराई जा रही है। पहले भी इसकी जांच शुरू की गई थी, लेकिन जांच अधिकारी का तबादला हो गया था। दुबारा से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चबूतरे पर खुले तार व सेफ्टी जाली विहीन ट्रांसफार्मर कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते है

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर के प्राचीन चौपाला कुंआ के चबूतरे पर ट्रांसफार्मर रखे हैं। ट्रांसफार्मर के पास बिजली के तार लंबे समय से खुले पड़े हैं। चबूतरे पर खुले तार व सेफ्टी जाली विहीन ट्रांसफार्मर कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। मोहल्ले के लोगों ने समस्या का समाधान कराने की मांग बिजली विभाग के अधिकारियों से की है। सरकार बिजली से होनी वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास कर रही है। इसके लिए खुले तार हटाने के साथ ट्रांसफार्मर के आसपास सेफ्टी जाली लगाई जा रही है। इसके अलावा बिजली तारों के नीचे जाल भी लगाया जा रहा है। बिजली व्यवस्था को लेकर बिजली विभाग के नोडल अधिकारी मनीष द्विवेदी कुछ माह पूर्व तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर आए थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने मीटर रीडर के साथ नगर में भ्रमण कर बिजली चोरी को लेकर चेकिंग की थी। साथ ही व्यस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए थे। नगर के प्राचीन चौपाला कुंआ के चबूतरे पर बिजली विभाग के दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। ट्रांसफार्मरों के आसपास आए दिन स्पार्किंग होती है। जिससे लोगों में डर बना रहता है।

एनटीपीसी NTPC
टाण्डा TANDA

सार्वजनिक सूचना

एनटीपीसी टांडा द्वितीय चरण विस्तारीकरण के सभी भू-विस्थापित, जिन्होंने अपना भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं किया है उनसे अनुरोध है कि अधिग्रहित भूमि की राशि का भुगतान एवं पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना की राशि के भुगतान हेतु विशेष भूमि अध्याप्ति (SLAO) कार्यालय एवं तहसील कार्यालय टांडा में सम्पर्क कर अपना भुगतान प्राप्त करने हेतु अग्रिम कारवाई करने की कृपा करें।

निवेदक
एनटीपीसी-टांडा

# सराहनीय भूमिका में रहते है वार्डेन : संजय मीणा

अवधनामा संवाददाता



उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित 400 वार्डेन



मुख्य विकास अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर के द्वारा पोस्ट वार्डन प्रतीक सरकारी को प्रमाण पत्र देते हुए

**गोरखपुर।** नागरिक सुरक्षा के 62वें. स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों का समापन गुरुवार को रूट मार्च एवं वार्डेन सम्मान समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। रूट मार्च को अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार सिंह चीफ वार्डेन डा. संजीव गुलाटी, उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह, सहायक उप नियंत्रक वेद प्रकाश यादव, सहायक उपनियंत्रक नीरज श्रीवास्तव ने हरी झन्डी दिखाकर रवाना किया।

नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर गुरुवार प्रातः 9 बजे एम.एस.आई. इंटर कॉलेज से रूट मार्च निकाला गया। रूट मार्च में वायुसेना के सदस्य,नागरिक सुरक्षा के वार्डेनों का दस्ता, होमगार्ड दस्ता, पीएसी दस्ता, पुलिस, पीएसी व प्राइवेट बैंड, एनसीसी कैडेट, पूर्वोत्तर रेलवे नागरिक सुरक्षा सदस्य, अग्निशमन दल का दस्ता शामिल था। यह रूट मार्च एम.एस.आई. इंटर कॉलेज से निकलकर बक्शीपुर, नखास, घोष कंपनी, टाउनहॉल, अग्रसेन तिराहा होते हुए इस्लामियां कालेज वापस पहुंचा। वहाँ वार्डेन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने में नागरिक सुरक्षा के वार्डेनों का बड़ा ही प्रशंसनीय योगदान रहा है। आप सभी एक ऐसी वालंट्री फोर्स है जिनकी प्रशासन को नितांत आवश्यकता है।वार्डेनों की सामुदायिक सहभागिता एवं व्यवहार परिवर्तन में अग्रणी भूमिका रही है। उन्होने कहा कि आप सभी धार्मिक एवं प्रशासनिक चुनौतियों में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलकार सहयोग करते रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी ने कहाकि नागरिक सुरक्षा एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां वार्डेन आत्म संतुष्टि की चाहत में तन, मन एवं धन से कार्य करते है। मैं सभी वार्डेनों के कार्यों की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने कहाकि निःस्वार्थ सेवा में रत वार्डेन जहाँ भी मिलते हैं। ऊर्जावान होकर दिखाई पड़ते हैं। उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह ने कहाकी गीता के सर्व भूत हिते रतः ध्येय के ही अनुरूप नागरिक सुरक्षा की स्थापना हुई है। अतिथियों का स्वागत करते हुए चीफ वार्डेन डा0 संजीव गुलाटी ने कहाकि हमारे वार्डेन सभी धार्मिक पर्वो, प्रशासनिक कार्यो में सराहनीय भूमिका में रहते है। इसके लिए हम सभी वार्डेनों की सराहना करते हैं। कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीणा , डिवीजनल वार्डेन (आ.) नैय्यर आलम सिद्दकी,स्टाफ आफिसर संतोष श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सहायक उपनियंत्रक वेद प्रकाश यादव,सुरेश कुमार, डिवीजनल वार्डेन कोतवाली विकास जालान, अखिलेश ओझा, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन डा.उमेश चंद श्रीवास्तव, मुर्तजा आलम, ध्यान प्रकाश तिवारी, स्टाफ अफसर डॉ.विजय श्रीवास्तव,योगेश बल्लभ चौकियाल, पोस्ट वार्डेन (आ.)अमर नाथ जायसवाल, कुमार आदर्श आनन्द, कार्यालय स्टाफ अनूप सिंह, वेद प्रकाश मौर्या सहित प्रखण्ड कोतवाली, गोरखनाथ व सिविल लाइन्स समस्त स्टाफ अफसर, आई.सी.ओ. पोस्ट वार्डेन, डिप्टी पोस्ट वार्डेन, सेक्टर वार्डेन एवं स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सहायक उपनियंत्रक वेद प्रकाश यादव व मुख्य अवैतनिक स्टाफ अफसर महबूब सईद ने किया।

## दंत स्वास्थ्य की दी जानकारी

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय के बेसिक बीएससी नर्सिंग सातवीं सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्राओं ने ओंकार नगर स्थित जूही स्मृति बाल विद्यालय में दंत स्वच्छता पर स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया। बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने स्कूली बच्चों को नुक्कड़ नाटक और चार्ट के माध्यम से दंत समस्याओं के कारण और रोकथाम के बारे में समझाया। उन्होंने दंत स्वास्थ्य के लिए सुबह शाम नियमित ब्रश करने, खाने के बाद कुल्ला करने तथा पौष्टिक भोजन करने के लिए जागरूक किया।

## सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रज्जब अली पुत्र श्री फसाहत हुसैन ग्राम व पोस्ट हल्लौर थाना व तहसील डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर उप्र का निवासी है। मेरे पासपोर्ट में नाम रज्जब अली फसाहत हुसैन अंकित है। आधार कार्ड में मेरा नाम रज्जब अली पुत्र फसाहत हुसैन अलग अलग अंकित है। अतः अब मुझको रज्जब अली के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## न्यायालय सूचना

न्यायालय मा सिविल जज सी.डि.सहारनपुर वाद सं0 2211 सन 2024 धनिराम पुत्र पतराम नि. ग्राम सुलतानपुर माली पोस्ट बेहट प. फैजाबाद तह.बेहट जि.सहारनपुर। वादी ... बनाम 1. पवन कुमार 2. सुरेश कुमार 3. राजू तीनो पुत्रगण जससन 4. सरजीत पुत्र कृष्ण निवासी ग्राम सुलतानपुर माली पोस्ट बेहट प. फैजाबाद तह. बेहट जि. सहारनपुर(प्रति0) ...हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत दावा तकसीम दायर की है लिहाजा हुकम होता है कि आप 24.12.2024 को 10 बजे दिन में असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा के हालात से करार वाकई दाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदने का जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह यही तारीख जा आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्तें इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी दिन कुल दस्तावेज जो आप अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें आपको इत्तला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके समात एवं फैसला होगा।

**आज्ञा से मुंसरिम (सिविल जज सीडी) सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय मा सिविल जज सी.डी, सहारनपुर वाद सं.429 सन 2024 इमरानुलहक पुत्र हाजी अब्दुल हक नि. पुराना मकान नं 4/1536 नया नगर न0निगम न0 4/2198 गली नं.1 मौहल्ला ज्वालानगर, सहारनपुर ...वादी..... बनाम 1-कामरान पुत्र इमरानुलहक 2- श्रीमति शाजिया पत्नी कामरान नि0 आजाद कालोनी, घोडेवाली गली नं.14 नगर सहारनपुर (प्रति.) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप 20 माह 12 सन 2024 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ हो या कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारो के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज़ पेश करें तारीख़ मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से 10 माह 12 सन 2024 को जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम**

# भाजपा सरकार के महिला सम्मान के दावों के बीच उत्पीड़न की कहानीः प्रज्ञा सिंह का संघर्ष



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नारी शक्ति को सम्मान दिलाने के बड़े बड़े दावे करने वाली भाजपा सरकार में नारियों पर उत्पीड़न थमते नहीं दिख रहे हैं। यहां महिलाओं पर प्रकार उत्पीड़न हो रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण बना है भारत स्काउट गाइड में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (इ) के पद पर तैनात प्रज्ञा सिंह का मामला। स्काउट गाइड में पदाधिकारियों से किए जाने वाले भ्रष्टाचार उत्पीड़न की शिकायत करना प्रज्ञा सिंह को काफी नहंगा साबित हो रहा है। पहली बार शिकायत करने पर उसे कानपुर से अयोध्या मण्डल स्थानांतरित कर दिया गया।

इसके बाद दोबारा भ्रष्टाचार की शिकायत करने पर उसका स्थानांतरण चित्रकूट मंडल कर दिया उत्पीडन के खिलाफ झंडा बुलंद करने में लगी प्रज्ञा सिंह पर ही रहे उत्पीड़न की इंतिहा तो तब हो जब प्रज्ञा सिंह को उसकी सेवाएं समाप्त करने की धमकी देते हुए सात दिन में जवाब देने के लिए नोटिस थमा दी गई।

नोटिस के माध्यम से यह धमकी दी गई कि रात दिन में जवाब ने देने पर यह माना जायेगा कि आपको कुछ कहना नहीं है और सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी। भारत स्काउट गाइड में सहायकप्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) के पद पर तैनात प्रज्ञा सिंह की नियुक्ति 6 मार्च 2023 को कानपुर मण्डल में हुई थी। संविदा पर नियुक्ति होने के कारण उनकी नियुक्ति को लगातार विस्तार दिया जाता रहा है। वर्तमान में मिले विस्तार के बाद उनका सेवाकाल 31 मार्च 2025 तक कर दिया गया।

समय के साथ बढ़ती गई उत्पीडन कि कार्रवाईः कानपुर ने नियुक्ति के गई प्रज्ञा सिंह ने प्रादेशिक सचिव आनंद सिंह रावत एवं पूर्व जिला मुख्ययुक्त कानपुर नगर आरसी शर्मा के खिलाफ संगीन आरोप लगाते हुए जांच की मांग की, जिस पर तीन सदस्यीय कमेटी को जाथ सौंपी गई।

इस बीच पदाधिकारियों पर आरोप लगाने वाली प्रज्ञा सिंह को अयोध्या स्थानांतरित कर दिया गया। अभी अयोध्या मण्डल मे उनका अधिक समय नहीं बीता था कि वहां भी उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा दी। उनकी मांग पर अयोध्या मण्डल में भी जांच शुरू हो गई। जिससे तिलमिलाए आरोपियों ने प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट गाइड उत्तरप्रदेश से मिलकर प्रज्ञा सिंह का स्थानांतरण चित्रकूट करा दिया।

प्रज्ञा सिंह ने जब उनके साथ हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई और मांगो के समर्थन में विधानसभा पर धरना देने की चेतावनी दी है उन पर होने वाला उत्पीड़न और विशाल हो गया। प्रज्ञा सिंह की ओर से कानपुर में प्रारम्भ कराई गई जांच में उन्हीं के खिलाफ फैसला कर नोटिस भेज दी गई।

जिसमें उन पर कई आरोप लगाते हुए सात दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। नोटिस का देने पर उनकी सेवाएं समाप्त करने की चेतावनी दी गई है। सरकार भी मूकदर्शक की भूमिका में।

सनद रहे कि ऐसा उस विभाग में हो रहा है जिसके मुख्य संरक्षक स्वयं प्रदेश की महिला राज्यपाल और उप मुख्य संरक्षक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है। बताते चलें कि स्काउट गाइड में महिला पदाधिकारी का उत्पीड़न तब हो रहा है जब महिला शक्ति को बढ़ावा देने व महिला उत्पीड़न पर पूरी तरह रोक लगाने का दान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करते है, किन्तु जिस भारत स्काउट गाइड के उप मुख्य संरक्षक योगी आदित्यनाथ है, उसी विभाग में एक गहिला पदाधिकारी का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। सरकार में बैठे अधिकारी महिला उत्पीडन का आंख बंद किए मूकदर्शक बने हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई शिक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, जनपद स्तरीय एम0डी0एम0 टास्क फोर्स, निपुण भारत टास्क फोर्स और ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के विकास और सुधार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्यत बिंदुओं पर चर्चा की गई ।शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाई जाएगी।विद्यालयों में टाईलीकरण, विद्युतीकरण और दिव्यांग शौचालय के निर्माण कार्य को



जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।मासिक निपुण एसेसमेन्ट के माध्यम से छात्रों के गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा।कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के लैब और डारमेट्री के निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत सभी विद्यालयों में दरी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।आरटीई के तहत नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई गई।नगर निगम और नगर पंचायत क्षेत्रों के परिषदीय विद्यालयों में असंतृप्त पैरामीटर्स को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत पूरा करने के निर्देश दिए गए।मध्यान्ह भोजन योजना से संबंधित विद्यालयों का निरीक्षण जनपद स्तरीय अधिकारियों और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।बीकापुर, सोहावल, मवई, अमानीगंज और रूदौली के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में टाईलीकरण के कार्य को 1 सप्ताह में शुरू कर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।बैठक में जनपद और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, समस्त नगर निकाय के अधिशासी अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक और एसआरजी की उपस्थिति रही।

## रोटरी क्लब 15 दिसंबर को विश्व शांति दिवस पर मिनी मैराथन करेगा आयोजित




*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर रोटरी क्लब शाहजहांपुर 15 दिसम्बर को प्रातः 6:30 बजे विश्व शांति एवं स्वच्छ पर्यावरण का संदेश प्रसारित करने हेतु, एक सार्वजनिक मिनी मैराथन का आयोजन कर रहा है। जो कि गांधी फैजाम डिग्री कॉलेज के मैदान से प्रारंभ होकर, एस. पी. के बंगले से होते हुए एमजी रोड से होते हुए पुनः इस मैदान पर समाप्त होगी इसकी दूरी लगभग ढाई से 3 किलोमीटर होगी। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय विजेता परस्कृत किए जाएंगे। अध्यक्ष रोहित गुप्ता ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य सामाजिक जरूरतों को पूरा करने के साथ समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम करना भी है जिससे समाज मे हर जगह शांति एवं सौहार्द बना रहे। इस मेराथन के द्वारा एक महत्त्वपूर्ण संदेश पूरे विश्व के रोटरी संस्थाओं पर जाएगा व इससे विश्व में शांति के लिए जागरूकता जरूर पैदा होगी यही हमारा कर्तव्य है ।इस अवसर पर संयोजक रो डॉ गौरव कौशल ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का आह्वान किया और कहा कि आने वाले समय और भावी पीढ़ियों को बचाने के लिए आज पर्यावरण संरक्षण में हर किसी की आत्मीय भागीदारी प्राथमिक कर्तव्य होना चाहिए।

## रेलवे यूनियन मान्यता चुनाव में एनआरएमयू ने भारी जीत दर्ज की

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर** पहुंचे नरमू मुरादाबाद के सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी व मंडल उपाध्यक्ष सुनील तिवारी का श्रमजीवी एक्सप्रेस से शाहजहांपुर आगमन होने पर रेल कर्मियों ने भारी गर्मजोशी से स्वागत किया सैकड़ों रेल कर्मियों ने स्टेशन प्रांगण में जीत की खुशी में जुलूस निकाल कर मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को बधाई दी सभी रेल कर्मियों को जीत की बधाई देते हुए सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी ने कहा कि यह प्रत्येक कार्यकर्ता के कठिन परिश्रम रात दिन की मेहनत कर्मठता और कर्मचारियों के बीच निरंतर बने रहकर कार्य करने का परिणाम है कि कर्मचारियों ने हम पर भरोसा जताया ओर चुनाव में भारी बहुमत दिया नरमू को मुरादाबाद मंडल में कुल पड़े 14151 मतों में से 6934 वोट मिले विरोधी यूनियन उरमू को पड़े 3738 वोट से नरमू ने



3186 वोटो की बढ़त बना कर प्रचंड जीत दर्ज की तीसरी यूनियन NREU को 1939 चौथी यूनियम RKU को 1280 पांचवीं यूनियन SRBKU 69 मत इनवेलिड 218 मत हुए इस जीत पर रेल कर्मियों में हर्ष की लहर दौड़ गई शाखा सचिव शिव कुमार सक्सेना शाखा अध्यक्ष रामोतार शर्मा ने सभी का आभार जताया मुख्य रूप से शिव कुमार सक्सेना रामोतार शर्मा जयपाल धन्जय मोहित नरवीर सुनील सत्यपाल कौशल मिलनपाल मोहित रामकुमार संजययादव अशरफ सलीम शहजादा सैफ़अली चंदा जितेंद्रनेता राजीवकुमार बेवस्टर मैसी गुलफाम वीरपाल हरिशंकर आशीष आनंद अमित संजीव सूरज समरदीप धनंजयकुमार धीरजकुमार विष्णुयादव सूरजकुमार कौशिक आदि उपस्थित रहे

## रामपथ पर दौड़ी अयोध्या आयोजित हुई अयोध्या मैराथन

**अयोध्या।**अयोध्या का रामपथ आज भोर से ही विभिन्न क्षेत्रों राज्यों से आने वाले अयोध्या मैराथन के प्रतिभागियों से गुलजार होने लगा द्य

सहादतगंज हनुमानगढ़ी जहाँ से अयोध्या मैराथन का शुभारंभ होना था वहाँ प्रातः 5 बजे से ही रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया जिसमे फुल मैराथन में 280 तथा हाफ मैराथन में कुल 1240 धावकों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया द्य रजिस्ट्रेशन स्थल पर सभी को चेस्ट नम्बर अयोध्या महोत्सव की टीशर्ट और कोकाकोला का पेय वितरित किया गया द्य रजिस्ट्रेशन कराने वालों में बड़ी संख्या कन्याओं की रही द्य अयोध्या महोत्सव न्यास अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी सहकारी बैंक सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह नगर पुलिस अधीक्षक मधुबन सिंह सीआरपीएफ सेकेंड इन कमांड अनूप शुक्ला जी के द्वारा फायर कर मैराथन का शुभारंभ किया अयोध्या मैराथन दो भाग में आयोजित हुई जिसमें धावकों ने फुल मैराथन 10.5 किमी एवं हाफ मैराथन 5.5 की दौड़ लगाई द्य शुभारंभ के अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आज अयोध्या विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र बन रहा है जो अध्यात्म के साथ सांस्कृतिक उद्योग एवं व्यापार तथा खेल जगत में भी अपनी पहचान स्थापित कर रही है फुल मैराथन साकेत महाविद्यालय पर जबकि हाफ मैराथन का समापन रीडगंज आंख अस्पताल हुआ जहाँ रेगन सिंह चौधरी एवं मोहित मिश्रा के नेतृत्व में विजयी प्रतिभागियों को चिह्नित किया गया द्य धावकों को सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि महापौर अयोध्या महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं महानगर संघ चालक डॉ विक्रमा प्रसाद पांडेय अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

# एसकेएसडी स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा कस्बे के एसकेएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी शैलेंद्र गौतम रहे।नायब तहसीलदार पियूष जायसवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन और माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुआ। उपजिलाधिकारी ने कहा कि खेल से प्रतिभा का विकास होता है, बच्चो में आगे बढ़ने की ललक बढ़ती है। इस दौरान दौड़, जेवलिंग थ्रो, बैक दौड़,ऊंची कुंद,लंबी कुंद,भाला फेंक, सैक रेस, सहित अन्य खेल खेले गए।बैजनाथ सिंह, चंद्र शेषर



### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला महिला का शव

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** गोरखपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर गुरुवार की सुबह लगभग 25 वर्षीय एक अज्ञात महिला का शव मिला।कोठीभार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। गुरली रामगढ़वा और खड्डा रेलवे स्टेशन के बीच गुरली अहिरौली गांव के समीप रेलवे ट्रैक के पास लगभग 25 वर्षीय एक महिला की क्षत विक्षत शव मिली।रेलवे गेटमैन ने इसकी सूचना कोठीभार थाने को दी।प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान नहीं हो सकी है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नवाचार के अंतर्गत विभागों की बैठक में दी गई दिशा निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एजेंडा बिन्दु नवाचार के अंतर्गत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन हुई। बैठक में विभागवार बिन्दुवार योजनाओं के सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा प्रगति की जानकारी ली गई। पशुपालन विभाग से संबंधित बिन्दु की समीक्षा में हरा चरी की खेती के साथ ही गोसदन मधवलिया में 5 हेक्टेयर खेत मे मक्का की खेती करने हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने सभी वी डी ओ को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बन रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच स्वयं करें। इसी प्रकार कार्यक्रम विभाग , प्रधानमंत्री



आवास(ग्रामीण व शहरी), एन आर एलएम, मनरेगा, कृषि विभाग, पंचायती राज आदि संबंधित विभागों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा में बीएसए को निर्देशित किया कि सभी बीईओ को निर्देश जारी करें कि स्कूल के बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण कराये जिसमे आई टेस्टिंग, हीमोग्लोबिन के साथ ही हर तीसरे महीने में बच्चो को पेट के कीड़े की दवा अवश्य दी जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, पीडी रामदरश चौधरी और संबंधित विभाग के अधिकारी सहित खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनियमितता के आरोप में कोटा निलंबित

**महराजगंज।** फरेंदा तहसील में आवंटित एक कोटे की दुकान को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि कोटा धारक के अंधे होने का फायदा उसका बेटा उठा रहा था और लगातार अनियमितता में संलिप्त था। मिली जानकारी के अनुसार फरेंदा के उदयपुर गांव के कोटेदार अनिरूद्ध अंधा है और उसका बेटा उसकी जगह काम करता था आरोप है कि अनिरुद्ध का बेटा लगातार दो महीने से लाभार्थियों का अंगूठा लगवा रहा था लेकिन उनको राशन नही दे रहा था जिसकी शिकायत जिलाधिकारी अनुनय झा से की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिला पूर्ति अधिकारी मीरा राय ने मामले की जांच की जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद उदितपुर गांव का कोटा निलंबित कर दिया गया।

## बेशिक शिक्षा में व्यायाम के लिए स्मार्ट क्लास और ओपन जिम की माँगः डॉ देवेंद्र



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र द्विवेदी ने बच्चो की रूची और शिक्षण मे सहजता को ध्यान देते हुए और विद्यालयो मे अधिक से अधिक उपस्थिति और बच्चों के स्वास्थ्य मे सुधार के लिए विद्यालयों में व्यायाम के लिए स्मार्ट क्लास और ओपन जिम की माँग खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा से की है। माननीय मंत्री जी द्वारा बेसिक शिक्षा के छात्रों के लिए गुणवत्ता परक शिक्षा एवं व्यायाम के लिए स्मार्ट क्लास एवं ओपन जिम का प्रस्ताव शासन स्तर को प्रेषित करने का आश्वासन दिया है और संगठन के प्रयास की सराहना की है, इसके लिए संगठन के पदाधिकारियों ने मंत्री जी को साधु वाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार द्विवेदी संगठन मंत्री मोहम्मद आसिम राजकुमार यादव सौरभ शुक्ला राहुल सिंह आदि अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

### धान से लदा ट्रक खाई में पलटा चालक बाल बाल बचा

**जैदपुर बाराबंकी।** अहिरन पुरवा मोड़ स्थित जैदपुर भानमऊ मार्ग पर अज्ञात कारणों के चलते गहरे खाई में जाकर पलटा धान से लदा ट्रक, बाल बाल चालक व परिचालक, ट्रक को खाई पलटा देख लोगों की भीड़ लग गयी। मामला ज़ैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरन पुरवा मोड़ स्थित जैदपुर भानमऊ मार्ग का है। जहां पर रारी पुलिया के पास अज्ञात कारणों के चलते बीती बुधवार व गुरुवार के रात्रि करीब 1 बजे धान से लदा हुआ ट्रक गहरे खाई में जाकर पलट गया। इस घटना में चालक व परिचालक बार-बार बचे। वही गुरुवार की सुबह से ट्रक से धान की बोरियों को निकलकर राहत बचाव का कार्य किया गया हैं। सुबह खाई में ट्रक देख राहगीरों व स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी।

## कांग्रेस नेता सिकंदर ने एग स्टोर का किया उद्घटान



**बाराबंकी।** कांग्रेस वरिष्ठ नेता सिकन्दर अब्बास रिज़्वी ने एग स्टोर थोक एवं फुटकर विक्रेता दुकान का उद्घाटन किया। लाइन पुरवा स्थित लिमरा मार्केट देवा रोड अली अयान एग स्टोर पर उच्चतम क्वालटी और फ्रेश अण्डे की दुकान खुलने से लोगो को आसानी से मिलेगा। इस अवसर पर सिकन्दर अब्बास रिज़्वी ने अली अयान को बधाई देते हुवे कहा एग शरीर को चुस्त रखता है और कड़ाके की ठंड से बचाता है। सपा राष्ट्रीय सचिव शमीम चौधरी कांग्रेस नेता जियाउर्रहमान खान उद्धघाटन समारोह में शामिल रहे हुवे और अली अयान को मुबारकबाद दी। इस मौके पर अब्दुल हई अब्दुल याकूब फरहान किदवई दिलशाद वारसी शमीम चौधरी फारुक घोसी जियाउर्रहमान खान मो 0 कामिल अब्दुल समद शब्बर रिजवी शाहरुख मालिक साहिल खान शामिक मेराज आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वामी चिन्मय कृष्णदास की रिहाई को लेकर बांग्लादेश का पुतला फूंका



*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। नगर के सतरिख नाका चौराहे पर राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वाधान में तथा अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में बांग्लादेश का पुतला फूंका गया तथा मांग की गई कि बांग्लादेश सरकार द्वारा अवैध रूप से गिरफ्तार किए गए इस्कॉन प्रमुख स्वामी चिन्मय कृष्णदास की रिहाई की जाए। मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि समस्त विश्व के सनातन समाज में बांग्लादेश के हिन्दुओं व अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा व हमलों से बहुत आक्रोश है।

सनातन समाज अब इन अत्याचारों को बर्दाश्त नहीं करेगा यह अस्वीकार्य है। आक्रोश व्यक्त करने वालों में हिंदू जागरण मंच के अवध प्रांत प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, योगेन्द्र गुप्ता ,अर्जुन सिंह, श्वेता श्रीवास्तव ,डब्बू वर्मा, पूर्व सभासद अवध रस्तोगी व मनोज गुप्ता गोविंदा, उषा शर्मा, लायक राम, अधिवक्ता दिवाकर सिंह व विनय वर्मा, जय गुप्ता, रंजीत सिंह तथा शरद श्रीवास्तव सहित अनेकों सनातनी उपस्थित रहे।

# टांडा नगर पालिका के कार्यालय के विभिन्न पटलों का किया डीएम ने निरीक्षण

दानिश मेंहदी



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने ए श्रेणी की नगर पालिका परिषद टांडा के विभिन्न कार्यालयों/पटलों का किया निरीक्षण।इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय के विभिन्न पटलों पर कार्यरत पटल प्रभारी/कर्मचारियों से वार्ता कर उनके दायित्वों की जानकारी ली तथा अभिलेखों के रख - रखाव का भौतिक अवलोकन किया।

इस दौरान अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया तथा कार्यालय में बेहतर साफ- सफाई व्यवस्था पाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा नजूल अनुभाग, लेखा अनुभाग, कर अनुभाग, जलकल विभाग, अवर अभियंता सिविल कार्यालय, सहित अन्य अनुभव/पटलों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पेंशन से संबंधित लंबित मामलों को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिए। नजूल अनुभाग के निरीक्षण के दौरान नजूल रजिस्टर में दाखिल खारिज एवं अमल दरामद के मामलों के निस्तारण में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन कर 7 मार्च, 2024 के उपरांत दाखिल खारिज एवं अमल दरामद के प्रकरणों की जांच कर 10 दिन में आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा समिति की रिपोर्ट आने तक अमल दरामद एवं दाखिल खारिज पर रोक लगाई इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका सभागार में करङ्क करेत्तर, साफ- सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्य आदि सहित विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण नगर पालिका क्षेत्र में रोजाना डोर- टू -डोर कूड़े का कलेक्शन समय से करने तथा पूरे क्षेत्र में निरंतर बेहतर साफ- सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। सप्ताह में कम से कम दो बार सभी क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराने के भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक शौचालयों की भी निरंतर साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने ई ओ नगर पालिका को नगर पालिका क्षेत्र में लगे हैंगिंग डस्टबिन के उपयोगिता की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका में राजस्व को बढ़ाने हेतु प्रभावी कार्य करने तथा कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि विभिन्न पटलों पर 3 वर्ष से अधिक समय से तैनात कार्मिकों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तथा सभी निर्माण कार्यों की आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए उन्होंने अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका टांडा एवं सभासदों, सम्भ्रांत नागरिकों एवं पत्रकार बंधुओं के साथ बैठक कर टांडा नगर को एक मॉडल नगर पालिका के रूप में विकसित करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

# विंटर कैंप अभियान चलाएगा इम्का यूपी चैप्टर



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** आईआईएमसी एलुमिनाई एसोसिएशन के यूपी चैप्टर की बैठक बृहस्पतिवार को हजरतगंज लखनऊ में सम्पन्न हुई। इस बैठक में लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर विंटर कैंप के माध्यम से जरूरतमंदों में टोपी/मफलर/मोजे बांटने का संकल्प लिया गया। यह अभियान दिसंबर के अंतिम सप्ताह से जनवरी के पहले सप्ताह तक फ्लाईओवर के नीचे रह रहे लोगों के बीच चलाया जाएगा। बैठक में मासिक बैठकों को सुचारू रूप से चलाने और पत्रकारिता में सरोकारी प्रयासों के लिए सामूहिक सक्रियता पर बल दिया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि इम्का यूपी चैप्टर इस वर्ष पर्यावरण, स्वास्थ्य और सड़क दुर्घटना से जुड़े कई जागरूकता अभियानों का हिस्सा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी ठंड के महीने में यूपी चैप्टर विंटर कैंप लगाकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएगा। बैठक में आईआईएमसी एडीआर 2023-24 की पूर्व छात्रा अदिति कुमारी के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखकर संवेदना प्रकट किया गया। बैठक में सर्वश्री पंकज झा, अंबेडकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शिव त्रिपाठी, पर्यावरण विशेषज्ञ ऋषि सिंह, अरुण वर्मा, विशाल कसौधन, उत्कर्ष चतुर्वेदी, राघवेंद्र शुक्ल, मोहम्मद तौसीफ अहमद, राजप्रताप, शिवपूजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# तहसील प्रशासन ने गरीबों व असहायों को वितरित किया कंबल



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के विकास खण्ड बढ़नी के तुलसियापुर चौराहे पर तहसील प्रशासन के द्वारा एक हजार लोगों को कंबल वितरित किया गया। इस दौरान विधायक विनय वर्मा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीबों व असहायों को कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। तुलसियापुर चौराहे पर एक हजार गरीब परिवारों को निःशुल्क कंबल वितरित करके अच्छा लग रहा है। बिना भेदभाव इसी प्रकार सरकारी वस्तुओं का वितरण होना चाहिए। इस दौरान एसडीएम न्यायिक राहुल सिंह ने कहा कि सभी असहायों को कंबल वितरित किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार अजय कुमार, नायब तहसीलदार महबूब अंसारी, लेखपाल मोहित सिंह, प्रबंधक, पंचम पटेल, मयंक शुक्ला, अजय वरुण, मुश्ताक अहमद, प्रदीप कमलापुरी, रामदास मौर्य, अशोक पासवान आदि मौजूद रहें।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षिक भ्रमण



**उसका सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इनका चयन राष्ट्रीय आविष्कार अभियान तहत आयोजित विज्ञान गणित मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज तथा राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा के आधार पर किया गया है। बीईओ महेंद्र कुमार ने एक्सपोजर विजिट को रवाना करते हुए कहा कि इन्हें अशफाक उल्ला खान वन्य जीव प्राणी केंद्र विज्ञान केंद्र एवं रामगढ़ ताल जैसे रमणीय और शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करने वाले दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। रेल म्यूजियम में बच्चों ने पुराने रेल ईंजन के बारे में जानकारी ली। सभी बच्चे उत्साहित होकर पूर्ण मनोरंजन सहित ज्ञानवर्धक विजिट का आनंद लिए। कहा कि छात्रों की प्रतिभा निखारने में पर्यटन स्थलों का ज्ञान जरूरी है। छात्र सैफ अंसारी, श्रेया, साक्षी, ज्योति, नीलम, निशा अंकिता, आशा, नीलाक्षी आदि इस शैक्षणिक भ्रमण को लेकर काफी उत्साहित दिखे। भ्रमण के दौरान एआरपी रामसेवक गुप्ता, गुलाम जिलानी, हरिशंकर सिंह, शिव कुमार शुक्ला, शैलेंद्र राय, मनोज कुमार, रिम्पी त्रिपाठी, ज्योति चौरसिया, अरुणिमा जायसवाल, श्रीचंद बालजीत कुमार, सुभाष चंद आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई धान खरीद वर्ष 2024-25 के संबध में बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** धान खरीद वर्ष 2024-25 के संबध में गुरुवार को जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने समीक्षा के दौरान कम खरीद करने वाले क्रय केन्द्रों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि कम से कम 300 किसानों का रजिस्ट्रेशन कर धान खरीद में प्रगति लायें। इसके साथ ही उन्हें फोन करके केन्द्र पर धान लाने हेतु प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक केन्द्र प्रभारियों को प्रतिदिन प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष खरीददारी करने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा एफसीआई को प्रत्येक केन्द्र पर प्रतिदिन 10 मीटन खरीददारी कराने का निर्देश दिया। यदि लापरवाही हुई तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। किसानो को 48 घन्टे में भुगतान कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी क्रय केन्द्र प्रभारी क्रय केन्द्र पर धान का स्टाक न रखें उसको अनुबन्ध किये गये राइस मिलर को भेंजे। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। क्रय केन्द्र प्रभारी की शिकायत मिलने पर संबधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोरखनाथ त्रिपाठी, एआर कोआपरेटिव राजेश सिंह, प्रबन्धक एफ.सी.आई., पी.सी.एफ., मंडी सचिव, मार्केटिंग इन्सपेक्टर, समस्त क्रय केन्द्र प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कूड़ी में प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत निर्माण हो रहे लैब, मल्टीपर्पज हाल, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने यू0पी0 सिडको के जे0ई0 वैभव सिंह को निर्देश दिया कि जिला विद्यालय निरीक्षक से सम्पर्क कर नवनिर्मित भवन को हैण्ड ओवर कराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। इसके अलावा विद्यालय के पुराने भवन को देखा गया जो मरम्मत योग्य है जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इसका होने वाले कार्यो का छत एवं अन्य की मरम्मत कार्य, टाइलिंग, प्लास्टर आदि का स्टीमेट तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने नवनिर्मित भवन की दीवालों की गुणवत्ता को भी देखा गया। इसी परिसर में प्राथमिक विद्यालय को भी देखा गया।

प्रधानाध्यापक नीलम गुप्ता से छात्रों की उपस्थिति की जानकारी ली गयी। विद्यालय में कुल 341 छात्र पंजीकृत है जिसके सापेक्ष 180 छात्र उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभिभावको से सम्पर्क कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाये। विद्यालय में अध्ययन करने वाले अधिकतर छात्रों के पास स्वेटर, जूता मोजा नही था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अगली बार निरीक्षण में कमियां नही मिलनी चाहिए। इसके अलावा मिड-डे मील, रसोईया कक्ष को देखा गया। रसोईयों को ड्रेस में रहने का निर्देश दिया।

# कोचिंग जा रहे छात्र को अज्ञात पिकप ने टक्कर मार किया घायल

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** कोचिंग जा रहे छात्र को एक अज्ञात पिकअप ने टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घायलावस्था मे अस्पताल ले जाया गया जहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर रोड स्थित नवानगर के पास घटित हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली अन्तर्गत पट्टी मुईयन निवासी सर्वेश पाल जलालपुर नगर क्षेत्र स्थित नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था। जो सुबह लगभग साढ़े पांच बजे सुरहुरपुर रोड स्थित प्राइवेट कोचिंग सेंटर में साइकिल से कोचिंग पढ़ने के लिए आ रहा था। इसी बीच नवानगर के पास एक अज्ञात पिकअप जो जलालपुर से अकबरपुर की तरफ जा रही थी ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे अन्य छात्रों और राहगीरों द्वारा घायल छात्र के मदद के लिए डायल 112 और 108 पर फोन करने का प्रयास किया गया।

# सपा नगर कमेटी की मासिक बैठक में पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने पर किया विचार




**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी नगर कमेटी की मासिक बैठक बृहस्पतिवार को नगर कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक 16 दिसंबर को सकारपार में होने वाले पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने पर विचार किया गया और सभी बूथों पर नए मतदाता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष व पूर्व नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव व घर घर जाकर पार्टी की नीतियों व रीतियों को बताए और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराए। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों से अपील किया कि वह पीडीए सम्मेलन में अवश्य पहुंचे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कपिलदेव, सभासद शाकिर अली, के सी त्रिपाठी, पवन यादव,अरुण गुप्ता, रिजवान अहमद सब्बू, महताब आलम, राधेश्याम जायसवाल आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने दो लोगों को चोरी के जुर्म में किया गिरफ्तार



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बढ़नी अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय कल्लनडीह में अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय के रसोईघर का ताला तोड़कर चोरी की गई थी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से एक एलपीजी गैस व दो भगौना ढक्कन सहित बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गत 2 दिसंबर को नगर पंचायत बढ़नी के प्राथमिक विद्यालय कल्लनडीह के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूल में बने रसोईघर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा उसमें रखा सिलेंडर, दो भगोना ढक्कन सहित चोरी हो जाने की लिखित तहरीर थाना ढेबरूआ पर देकर कार्यवाही की मांग की थी। उक्त मामले में गंभीरता दिखाते हुए पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक सिलेंडर व दो भगौना ढक्कन सहित बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ के दौरान अपना नाम गुड्डू चौहान पुत्र स्व0 रामबरन निवासी ग्राम मधवानगर थाना ढेबरूआ तथा संजय कुमार पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद निवासी वार्ड नं0 9 रामलीला मैदान तिराहा कस्बा बढनी बताया। उक्त आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी बढ़नी अमला यादव, हे0का0 विजय गुप्ता, धर्मेन्द्र मौर्या, का0 विशाल गौड आदि रहे।

# छात्रों को समग्र शिक्षा के तहत कराया भ्रमण

**आलापुर अम्बेडकरनगर।** राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के कक्षा 9 व 10 के 110 छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अन्तर्गत समग्र शिक्षा के तहत प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव तथा शिक्षक मुकेश कुमार, राम जतन वर्मा, प्रदीप वर्मा के साथ गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय गोरखपुर एवं शहीद अशफ़ाक उल्ला खां प्राणि उद्यान गोरखपुर की शैक्षिक अध्ययन यात्रा की गई। 11 दिसम्बर को अध्ययन यात्रा के लिए उत्साहित होकर निकले विद्यार्थियों ने इस दौरान मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी संसाधन केन्द्र, कम्प्यूटर साइंस एवं इन्जीनियरिंग विभाग तथा रसायन अभियन्त्रण विभाग सहित विश्व विद्यालय के अन्य अनेक विभागों के बारे में जानकारी हासिल की।प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के बाद बच्चों का यह दल शहीद अशफ़ाक उल्ला खाँ प्राणि उद्यान पहुँच कर वहाँ स्थित पशु-पक्षियों, जानवरों को देख अध्ययन यात्रा का आनन्द उठाया।

# डीएम ने हर घर नल योजना के तहत ब्लाकवार प्रगति की गहन समीक्षा की



अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन योजना( हर घर नल योजना) के अंतर्गत संचालित/ निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति की ब्लॉकवार एवं योजनावार गहन समीक्षा की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्धारित समय पर परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु अपेक्षित दैनिक प्रगति कम पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा चेतावनी देते हुए कार्यादायी संस्थाओं को प्रत्येक परियोजना पर अलग-अलग टीमों, अधिक से अधिक मानव संसाधन एवं मशीनरी लगाकर समस्त कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर नल परियोजना शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है और इस परियोजनाओं का उद्देश्य जन सामान्य को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है।

अतः सभी परियोजनाओं की गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्धता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के अधिशासी अभियंता व जे ई को नियमित परियोजना स्थलों का भ्रमण करने तथा कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं तीव्र गति से करना सुनिश्चित करने तथा रोजाना के प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए।


इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला पंचायती राज्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, एक्स ई एन विद्युत सहित संबंधित कार्यकारी संस्था के पदाधिकारी एवं समस्त ब्लॉकों के जे ई जल निगम उपस्थित रहे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने कपिलवस्तु संग्रहालय एवं स्तूप का किया भ्रमण




**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 6 से नवीं तक के 250 विद्यार्थियों ने पी एम श्री विद्यालय योजना के अंतर्गत कपिलवस्तु संग्रहालय एवं बौद्ध स्तूप का बैगलेश डे/एक्सप्लोर विजिट एवं देखो अपना देश के तहत गुरुवार को भ्रमण किए। सबसे पहले विद्यार्थियों ने बौद्ध स्तूप एवं वहां के बौद्ध विहारों को देखा एवं वहां के अवशेषों को देखकर तत्कालीन वास्तुकला एवं बनावट को जाना। उसके बाद विद्यार्थियों ने संग्रहालय में बौद्ध काल के विभिन्न अवशेषों को देखा और उसके ऐतिहासिक महत्व को समझा। अगले पड़ाव में विद्यार्थी ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के विभिन्न संकायों का भ्रमण किया। इसमें विशेषकर विज्ञान संकाय के रसायन शास्त्र विभाग एवं भौतिक विज्ञान विभाग में विद्यार्थियों ने वहां के व्याख्याताओं से प्रयोगशाला एवं उसकी सामग्रियों उसके उपयोग आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त किया।

# प्लस पोलियो अभियान के तहत बच्चों को दी गई दो बूंद



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में चल रहे प्लस पोलियो अभियान के तहत डोर टू डोर चौथे दिन बृहस्पतिवार को क्षेत्र के कुल तीन हजार आठ सौ 85 बच्चों को दो बूंद जिंदगी के दी गई। ब्लाक क्षेत्र के बेतनार मुस्तकम के मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाने से अभिभावक इंकार कर रहे थे। पोलियो ड्राप पिलाने से इंकार की सूचना पर बेतनार मुस्तकाम पंहुचे अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने मदरसा संचालक व बच्चों के अभिभावकों से बात कर पोलियो रोधी दवा पिलाने के लिए प्रेरित किया।अधीक्षक के प्रेरणा से मदरसा में पढ़ने वाले 35 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई।इस दौरान एएनएम आख्या पाण्डेय, मानती, सुमित्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला क्षत विक्षत शव

**गौरीगंज (अमेठी)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर काजी पट्टी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव के टुकड़ों को इकट्ठा कर जांच शुरू कर दी है।आज सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची गौरीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के सिर पैर और हाथ अलग हो चुके थे और उसके टुकड़े बिखरे हुए थे।

# जनपद में 125 करोड़ की लागत से बनेगा सीएनजी गैस प्लांट

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** रिलायंस ग्रुप ने जिले में सीएनजी गैस बनाने की फैक्टरी की स्थापना का काम शुरू करा दिया है। अकबरपुर तहसील के ससपना में 125 करोड़ की लागत से फैक्टरी स्थापित होगी। अदाणी ग्रुप यहां अनाज का बड़ा भंडारण केंद्र बनाएगा तो वहीं, एक निजी फर्म जलालपुर में सीएनजी गैस बनाने की उद्योग लगाएगी। इन दोनों फर्मों ने अभी काम नहीं शुरू कराया है। हालांकि स्वीकृति उपचुनाव से पहले ही मिल चुकी है। जिला उद्योग अधिकारी एस सिद्दीकी के अनुसार जिले में रिलायंस ग्रुप ने एमओयू के बाद अब निर्माण शुरू करा दिया है। अकबरपुर तहसील के ससपना में इसके लिए उसे 32 बीघा भूमि उपलब्ध कराई गई है। यहां कंपनी द्वारा सीएनजी गैस का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए कंपनी जिले के किसानों से पराली समेत अन्य कृषि अवशेष खरीदेगी। कंपनी ने ससपना में फैक्टरी के लिए चारदीवारी का निर्माण कराने की तैयारी शुरू कर दी है। यहां कई जेसीबी मशीनें प्रतिदिन चारदीवारी बनाने से पहले भूमि संबंधी कार्य कर रही हैं। यहां प्रतिदिन 20-22 टन सीएनजी का उत्पादन होगा। उन्होंने बताया कि पेट्रोनेंट एलएनजी लिमिटेड जलालपुर तहसील के आशापार में लगभग 100 करोड़ की लागत से सीएनजी गैस बनाने का प्लांट लगाएगी।

15-18 टन सीएनजी का उत्पादन यहां प्रतिदिन होगा। इस कंपनी को स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी। उधर, अदाणी ग्रुप भीटी तहसील के सिलावट गांव में नौ बीघा क्षेत्रफल में भंडारण गृह का निर्माण कराएगा। इसके लिए अभी नक्शा तैयार हो रहा है। 25 करोड़ की लागत से यह भंडारण गृह तैयार होगा। जिले में अभी अनाज व अन्य सामानों के भंडारण को लेकर अभी काफी दिक्कत होती है।

# फैमिली आईडी कार्ड बनवाना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना : महेश प्रताप श्रीवास्तव



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को नगर पंचायत सभागार में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में फैमली आईडी कार्ड बनाने को लेकर सभी सुपरवाइजर के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने सभी सुपरवाइजर को निर्देश देते हुए कहा कि सभी सुपरवाइजर अपने अपने वार्डों में जाकर लोगों को फैमिली आईडी बनवाने के लिए लोगों को जागरूक करें, अधिशासी अधिकारी ने कहा की फैमिली आईडी कार्ड बनवाना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है इससे लोगों को कई सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, उन्होंने सभी सुपरवाइजर से कहा कि वह इस कार्य को पूरी निष्ठा और लगन से करें! उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी कार्ड बनवाना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे लोगों को कई सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। बैठक के दौरान नगर पंचायत के सभी सुपरवाइजर और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पालिका टांडा निरीक्षण पर आये डीएम पत्रकारों से हुए रूबरू

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टांडा नगर पालिका निरिक्षण पर आये जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने टांडा नगर पालिका को माडर्न नगर पालिका के रूप मे विकसित करने के लिये नगर मे बेहतर सुविधाएं देने की बात करते हुए पत्रकारों से कहा कि इस ए श्रेणी की नगर पालिका को सभी मूलभूत सुविधा प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है पत्रकारों ने नगर की विभिन्न समस्याओ से डीएम श्री सिंह को अवगत कराते हुए तमाम प्रकार के सुझाव भी दिये वर्तमान समय मे अमृत योजना के तहत नगर मे बिछायी जा रही पानी की पाईपलाइन के चलते नगर की विभिन्न गलियों मे चलना दुशवार है जो की एक बहुत बड़ी समस्या नगरवासियों के लिये बनी हुई है इसी प्रकार नगर मे बंदरो के आतंक अत्यधिक है जिसके निराकरण के लिये भी पत्रकारों ने डीएम से गुहार लगायी चौक क्षेत्र व बस स्टैंड मे सुलभ शौचालय की व्यवस्था के लिये भी पत्रकारों ने डीएम को अवगत कराया।



## 'इंडिया' तीसरे मोर्चे की ओर

विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन में अजीब विरोधाभास हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर 'इंडिया' के लगभग सभी प्रमुख घटक-दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। इन दलों के करीब 70 राज्यसभा सांसद दस्तखत कर चुके हैं। यह अविश्वास प्रस्ताव 'प्रतीकात्मक' साबित होगा, क्योंकि उच्च सदन में ही कमोबेश 119 सांसदों का समर्थन अनिवार्य है। यदि राज्यसभा में प्रस्ताव पारित हो भी जाता है, तो लोकसभा में भी उसकी पुष्टि संवैधानिक तौर पर अनिवार्य है। लोकसभा में 'इंडिया' के 234 सांसद ही हैं, जबकि सामान्य बहुमत के लिए कमोबेश 272 सांसदों का समर्थन अपेक्षित है। यह 234 का आंकड़ा तभी संभव है, जब 'इंडिया' एकजुट रहे, लेकिन उसके बिखराव के कारण कई हैं। शरद पवार और लालू यादव सरीखे विपक्ष के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं ने मांग की है कि 'इंडिया' का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी को सौंपा जाए। हालांकि बंगाल के बाहर ममता बनर्जी 'राजनीतिक शून्य' हैं, लेकिन कांग्रेस-विरोधी विपक्षी नेताओं का मानना है कि यदि ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन का नेतृत्व करती हैं, तो वह एक निश्चित विचार और रणनीति दे सकती हैं। कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यह भूमिका निभाने में नाकाम रहे हैं। राज्यसभा में भी नेता प्रतिपक्ष खडगे़ कांग्रेस अध्यक्ष हैं, लेकिन कांग्रेस के दोनों ही नेता संसद के भीतर की रणनीति तय करने और समूचे विपक्ष का विश्वास हासिल करने में असमर्थ रहे हैं। उनकी रणनीति अडाणी तक ही सिमटी है। अधिकतर विपक्षी नेता अडाणी-विरोध की राजनीति के खिलाफ हैं। राहुल गांधी 2014 से ही एक ही मुद्दे से चिपके हैं।

कांग्रेस लगातार तीन लोकसभा चुनाव हारी है और अधिकतर विधानसभा चुनावों में भी विपक्ष को हार झेलनी पड़ी है। इस सोच के विपक्षी नेता याद दिलाते हैं कि राजीव गांधी के प्रधानमंत्री-काल के दौरान वीपी सिंह 'बोफोर्स तोप सौदा घोटाले' को ही उठाते रहे। हालांकि तब उन्हें 'राष्ट्रीय मोर्चे' और 'वाममोर्चे' का समर्थन हासिल था। भाजपा भी समर्थन दे रही थी। उस राष्ट्रीय, राजनीतिक अभियान के बावजूद कांग्रेस लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। यह दीगर है कि राजीव गांधी विपक्ष की सरकार बनाने के पक्ष में थे। नतीजतन वीपी सिंह प्रधानमंत्री बने, लेकिन उनका कार्यकाल एक साल से भी कम समय का रहा। फिर चंद्रशेखर मात्र 4 माह के प्रधानमंत्री बने। राष्ट्रपति ने उन्हें आम चुनाव तक 'कार्यवाहक प्रधानमंत्री' बनाए रखा। 'इंडिया' गठबंधन की नियति 1996 के तीसरे मोर्चे (संयुक्त मोर्चा) की ओर बढ़ती लग रही है। हालांकि उस दौर के देवगौड़ा, नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, देवीलाल (अब चौटाला का विभाजित परिवार), प्रकाश सिंह बादल (अब दिवंगत) सरीखे कद्दावर नेताओं के दल या तो भाजपा नेतृत्व के एनडीए में हैं अथवा राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हो चुके हैं। 1996 के दौर में ही जो ताकत वाममोर्चे की थी, वह आज क्षीण हो रही है। बंगाल के दुर्ग पर मई, 2011 से ममता बनर्जी का संवैधानिक कब्जा है। तीसरे मोर्चे की संभावनाएं इसलिए जताई जा रही हैं, क्योंकि 'इंडिया' में सपा, तृणमूल कांग्रेस, राजद, एनसीपी (शरद), शिवसेना (उद्धव) आदि घटक दल 'कांग्रेसहीन राजनीति' के पक्षधर हैं अथवा बनते जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) भी कांग्रेस-विरोधी मानसिकता में है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव करीब ही हैं। 'आप' और कांग्रेस दोनों एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। यह कैसा गठबंधन है कि 'एम' फैक्टर की राजनीति के लिए एकजुट होने का ढोंग और शेष राजनीति के लिए अलग-थलग कांग्रेस के साथ द्रमुक ही प्रमुख पार्टी है। सीपीआई, सीपीएम कांग्रेस के साथ भी हैं, लेकिन केरल जैसे राज्य में उसके 'प्रतिद्वंद्वी दल' भी हैं। बहरहाल इंडिया गठबंधन में मतैक्य की जरूरत है।

## आस्था कानून से ऊपर है!



के. विक्रम राव

मोदी सरकार आस्था और चतुरायी के बीच उलझ गई है। यदि अगले गुरुवार (12 दिसंबर 2024) को कांग्रेसी खुर्राट स्व. प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव द्वारा राष्ट्र पर थोपे गए धर्मस्थल संरक्षण कानून को भाजपा पोसती है तो उसके चिंतन का आधार ही चरमरा जाएगा। कोर्ट में कहना पड़ेगा कि ज्ञानवापी, कृष्णजन्म स्थान आदि पर इस्लामिस्टों के कब्जे सही थे, स्वीकार्य हैं। प्रधानमंत्री को याद है कि सुप्रीम कोर्ट 12 दिसंबर को पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। याचिकाओं में किसी पूजा स्थल को फिर से पाने या 15 अगस्त 1947 को प्रचलित स्वरूप में परिवर्तन की मांग करने के लिए मुकदमा दायर करने पर रोक लगाने वाले प्रावधानों को चुनौती दी गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की विशेष पीठ दोपहर 3.30 बजे मामले की सुनवाई करेगी।

क्या वजूद है इस कदम का हर साल 27वें रजब को, दुनिया भर के मुसलमान इस्लामी इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण और अनोखी घटनाओं में से एक को याद करते हैं, जिसे अल-इसरा और अल-मेराज के रूप में जाना जाता है। पैगंबर की मक्का से यरूशलेम में अल-अक्सा मस्जिद तक की रात की यात्रा, जहाँ से उन्होंने स्वर्ग की यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत की। आम तौर पर मुसलमान इस यात्रा को अल्लाह की ओर से एक चमत्कार मानते हैं जो विशेष रूप से पैगंबर मुहम्मद को प्रदान किया गया था। यह उनकी आध्यात्मिक यात्रा के चरमोत्कर्ष का प्रतिनिधित्व करता है जो अंतिम उपहार, सर्वशक्तिमान अल्लाह से बातचीत में परिणत हुआ। कौन इसे सिद्ध कर पाएगा? फिर कहां प्रमाणित हो सका कि भगवान ईशु की मां मेरी तो कुंवारी थी। सूली पर चढ़ा देने के बाद निधन हो जाने की कुछ दिनों बाद ईशु फिर जीवित हो गए थे। इसी भांति पैगंबर मोसेज ने यहूदियों को सुरक्षित बचा कर, समुद्र चीर कर मिस्र के तानाशाहों से बचाने हेतु इस्राइल पहुंचाया था। अर्थात जहां आस्था का प्रश्न आता है वहां तर्क और कानून नहीं चलता है। सुप्रीम कोर्ट को यह तथ्य ध्यान में रखना होगा अगले सप्ताह। आखिर क्या है यह कानूनी बखेड़ा? क्या है प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट, 1991 ? कांग्रेसी पीवी नरसिम्हा रॉव की सरकार के दौरान 1991 में ये कानून बना था। बाबरी ढांचे के नेस्तनाबूद होने के तुरंत बाद। इस कानून के अंतर्गत ये प्रावधान किया गया कि 15 अगस्त 1947 से पहले वजूद में आए किसी भी धार्मिक स्थल के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। ऐसा करने पर सजा की भी व्यवस्था की गई, जो एक से लेकर तीन साल तक की थी।

अतः मोदी सरकार से अपेक्षा है कि बिना लागलपेट के कोर्ट को बता दें कि इतिहास पलटा नहीं जा सकता है। धारा का प्रवाह थम नहीं सकता। गणतंत्र को सिविल युद्ध से बचाना आवश्यक है। इंदिरा सरकार का 25 जून 1975 वाला संदर्भ याद रहे। इसी परिवेश में डेनमार्क के सम्राट केन्यूट का नमूना सामने है। उनके चापलूस दरबारियों ने बताया कि वे हथेली उठाएंगे तो सागर की लहरें थम जाएंगी। तट पर सिंहासन लगा कर बादशाह बैठ गए। पैर गीले होने लगे। केन्यूट समझ गए कि दैवी शक्ति मजबूत है। सवाल है कि मोदी स्वयं क्यों कांग्रेसी सरकार का खामियाजा भुगतें? राव का तो सदन को वादा था कि बाबरवाली मस्जिद फिर खड़ी की जाएगी। दिखा पाए हिम्मत ? फैजाबाद में सरकारी मदद के बावजूद नई मस्जिद की नींव आज तक तो डाल नहीं पाए ? याद रहे कि तर्क जहां खत्म होता है, वहीं से आस्था शुरू होती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**गहरे डिजिटल विभाजन के बीच एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों के लिए अच्छी और बुरी, दोनों हो सकती है। एक ताजा आंकड़ा बताता है कि उच्च आय वाले देशों में 95 फीसदी आबादी इंटरनेट से जुड़ी है, तो निम्न आय वाले देशों में सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है। भारत में वर्तमान में इंटरनेट की व्यापकता ने बच्चों के जीवन में अनेक संकट खड़े किये हैं। यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है।**

# जलवायु परिवर्तन के खतरों से बच्चों को बचाएं



ललित गर्ग

हाल ही में प्रस्तुत हुई यूनिसेफ की रिपोर्ट 'द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड' ने भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों, त्रासद स्थितियों एवं भयावह भविष्य को उजागर किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। उस समय जन्म लेने वाले बच्चों को जन्म के बाद जीवन में जलवायु परिवर्तन के संकटों से जुझना होगा, भीषण लू, गरमी, बाढ़, तूफान, चक्रावात और अनेक जलवायु जनित बीमारियों से सामना करना होगा। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण, चुनौतीपूर्ण एवं संकटपूर्ण होगा। वर्ष 2021 में बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत कुल 163 देशों की सूची में 26वें स्थान पर था। ऐसे में भारत में बच्चों को अधिक गर्मी, बाढ़ और वायु प्रदूषण से गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण और कम आय वाले समुदायों में यह संख्या ज्यादा है। लेकिन रिपोर्ट बताती है कि 2050 में बच्चों को 2000 के दशक की तुलना में लगभग आठ गुना ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ सकती है। जाहिर है, जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों, विषमताओं व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरों के लिये संवेदनशीलता के साथ सावधान एवं सतर्क होने एवं उचित-प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

इसी तरह, गहरे डिजिटल विभाजन के बीच एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों के लिए अच्छी और बुरी, दोनों हो सकती है। एक ताजा आंकड़ा बताता है कि उच्च आय वाले देशों में 95 फीसदी आबादी इंटरनेट से जुड़ी है, तो निम्न आय वाले देशों में सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है। भारत में वर्तमान में इंटरनेट की व्यापकता ने बच्चों के जीवन में अनेक संकट खड़े किये हैं। यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों-रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित-आदर्श समाज-व्यवस्था के लिए आवश्यक है। अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के



लिये छोड़कर जाएंगे। आने वाले पच्चीस वर्षों में बच्चों पर लू का 8 गुणा, बाढ़ का 3 गुणा एवं जंगली आग का दोगुणा खतरा होगा। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने का अनुमान है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं और बच्चों के अनुकूल और जलवायु परिवर्तन के लिहाज से जुझारु, सुरक्षित एवं निरापद शहरी नियोजन के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और टिकाऊ शहरी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी जाये। शहर बेहतर जीवन के लिए बेहतरीन अवसर और उम्मीद दे सकते हैं। वे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न करते हैं और उन्हें तेजी से विकास हासिल करने के लिए इंजन माना जाता है। वे विकास और नवाचार, विविधता और कनेक्टिविटी के दुनिया के सबसे मजबूत स्रोतों में से हैं और संभावित रूप से बच्चों को जीने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान कर सकते हैं।

बढ़ता शहरीकरण बड़ी असमानताओं को भी जन्म दे सकते हैं। आज शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 4 बिलियन लोगों में से लगभग एक तिहाई बच्चे हैं। यह अनुमान है कि 2050 तक, दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे शहरी क्षेत्रों में रहेंगे, जिनमें से कई झुग्गी-झोपड़ियों में रहेंगे। इसलिये शहर स्कूलों और अस्पतालों जैसी बुनियादी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान कर सकते हैं, भीड़भाड़ और उच्च प्रवेश लागत के कारण सबसे गरीब शहरी बच्चे उन तक पहुंचने में असमर्थ हो सकते हैं। अन्य चुनौतियाँ जो शहरी गरीबों को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को, उनमें भीड़भाड़ और अपर्याप्त सफाई व्यवस्थाएं शामिल हैं-जो बीमारियों के फैलने में सहायक होती हैं-किफायती और सुरक्षित आवास की कमी, परिवहन की खराब पहुंच और बाहरी वायु प्रदूषण में वृद्धि आदि हैं। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। वर्तमान में पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो अगर सरकारें अभी से नहीं चेती तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर एवं कायम करने के लिये सरकारों को गंभीर होना होगा।

बच्चे के जीवन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान आधुनिक मानवतावाद और पूंजीवाद से प्रभावित होकर प्रदर्शन पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। इससे परिवारों और बाल देखभाल प्रदाताओं पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। वर्तमान में मौजूद रहने के बजाय, लोग भविष्य के बारे में सोचने में अधिक से अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। और ज्यादातर मामलों में वे इस बारे में नहीं सोच रहे हैं कि व्यापक अर्थों में सफल जीवन कैसा हो सकता है, बल्कि इसके बजाय वे स्कूल और कार्यस्थल में सफलता के बारे में सोच रहे हैं। यह कुछ कौशलों पर बहुत अधिक जोर देता है, जबकि अन्य-जैसे रचनात्मकता, सामाजिक क्षमता, जीवनमूल्य और उत्साह-को कम महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि वे अधिक उन्नत शैक्षणिक ट्रैक या अधिक प्रतिष्ठित करियर में चयन के लिए प्रासंगिक नहीं हैं। इसका परिणाम यह होता है कि बच्चों में कई प्रतिभाएँ अविकसित रह जाती हैं।

# आईएफएफआई : भारतीय सिनेमा के इतिहास को दर्शाया

**रंगारंग उद्घाटन समारोह के मंच से, शताब्दी मनाने वाले इस महोत्सव ने पहले दिन से ही अपना रंग बिखेरना शुरू कर दिया। एक शक्तिशाली ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति में एएनआर, राज कपूर, मोहम्मद रफी और तपन सिन्हा की यात्रा का वर्णन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उस यादगार शाम को काव्यात्मक स्पर्श देते हुए, अभिनेता बोमन ईरानी ने प्रत्येक सम्मानित व्यक्ति को समर्पित भावपूर्ण कविताएं सुनाईं, जो भारतीय सिनेमा पर उनके गहरे प्रभाव को रेखांकित करती हैं।**



सुभाष घई

इस साल का भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) पिछले हफ्ते, 28 नवंबर 2024 को संपन्न हुआ। फिल्मों और इससे संबद्ध उद्योग से जुड़ी सभी चीजों के इस भव्य समारोह में, मुख्य आकर्षण भारतीय सिनेमा की चार महान हस्तियों - बहुमुखी अभिनेता अक्किनेनी नागेश्वर राव, महान शोमैन राज कपूर, शाश्वत आवाज मोहम्मद रफी और प्रतिभाशाली कहानीकार तपन सिन्हा - के कार्यों का एक ऐतिहासिक उत्सव था। इन महान दिग्गजों ने अपनी असाधारण प्रतिभा एवं दृष्टिकोण से फिल्म उद्योग को गौरवान्वित किया और एक ऐसा अमिट जादू बिखेरा जिसने फिल्म निर्माताओं, संगीतकारों और दर्शकों की कई पीढ़ियों को समान रूप से प्रेरित किया है। उनकी विरासतें युगों-युगों तक गूंजती रहेंगी।

भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार राज कपूर एक अभिनेता, निर्देशक, स्टूडियो मालिक और निर्माता के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते थे। उनकी फिल्में अक्सर सामाजिक मुद्दों को हास्य एवं संवेदना के साथ चित्रित करती थीं, जिससे वे आम आदमी की आवाज बन गए। अपनी मार्मिक कथाओं और गहरी सामाजिक अंतर्दृष्टि के लिए जाने जाने वाले तपन सिन्हा बंगाल के एक निपुण फिल्मकार थे, जिनका काम अक्सर आम लोगों के संघर्षों को उजागर करता था। कलात्मकता को सामाजिक टिप्पणी के साथ मिश्रित करने की उनकी क्षमता ने उनकी फिल्मों को कालजयी बना दिया है। अक्किनेनी नागेश्वर राव, जिन्हें एएनआर के नाम से जाना जाता है, तेलुगु सिनेमा की एक महान हस्ती थे। उन्हें उनकी उल्लेखनीय अनुकूलनशीलता एवं सशक्त अभिनय के लिए जाना जाता है। छह दशकों से अधिक के अपने शानदार करियर में उन्होंने अनगिनत अविस्मरणीय भूमिकाएं निभाईं। सबसे लोकप्रिय भारतीय पार्श्व गायकों में से एक, मोहम्मद रफी अपनी असाधारण आवाज और अभिव्यंजक गायन शैली के लिए प्रसिद्ध रहे। उनके सदाबहार गीतों ने विभिन्न पीढ़ियों और भाषाओं के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया है।



एक फिल्म महोत्सव सही अर्थों में तभी सार्थक बन जाता है, जब वह अपने इतिहास पर गौर करता है और इसकी शुरुआत को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। आईएफएफआई के 55वें संस्करण ने न केवल इन हस्तियों की सिनेमाई उपलब्धियों का उत्सव मनाया, बल्कि फिल्म प्रेमियों की नई पीढ़ी को उनकी विरासत से परिचित कराने के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया। उनकी उल्लेखनीय विरासतों के शताब्दी वर्ष को मनाते हुए, इस फिल्म महोत्सव ने सावधानीपूर्वक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, स्क्रीनिंग और प्रदर्शनों के माध्यम से उनके अद्वितीय योगदानों को सामने रखा। रंगारंग उद्घाटन समारोह के मंच से, शताब्दी मनाने वाले इस महोत्सव ने पहले दिन से ही अपना रंग बिखेरना शुरू कर दिया। एक शक्तिशाली ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति में एएनआर, राज कपूर, मोहम्मद रफी और तपन सिन्हा की यात्रा का वर्णन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उस यादगार शाम को काव्यात्मक स्पर्श देते हुए, अभिनेता बोमन ईरानी ने प्रत्येक सम्मानित व्यक्ति को समर्पित भावपूर्ण कविताएं सुनाई, जो भारतीय सिनेमा पर उनके गहरे प्रभाव को रेखांकित करती हैं। इस समारोह का एक अनूठा आकर्षण इन हस्तियों को समर्पित एक विशेष डाक टिकट संग्रह का विमोचन था। इन चार दिग्गजों की प्रतिष्ठित छवियों को प्रदर्शित करने वाले, इस स्मारक डाक टिकट संग्रह ने सिनेमा और संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदानों को अमर बना दिया।

बेहद सराहनीय बात यह रही कि इस महोत्सव में इन महान हस्तियों के परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और फिल्म उद्योग के दिग्गजों के साथ पैनल चर्चा व बातचीत के सत्र की एक श्रृंखला पेश की गई। इन बातचीतों ने इन दिग्गजों के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन से जुड़ी अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। प्रसिद्ध अभिनेत्री खुशबू सुंदर और अक्किनेनी नागेश्वर राव के बेटे एवं अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी ने तेलुगु सिनेमा को आकार देने में इस बहुमुखी कलाकार की अग्रणी भूमिका पर प्रकाश डाला। महान शोमैन के पोते एवं अभिनेता रणबीर कपूर और फिल्म निर्देशक राहुल रवैल ने राज कपूर की विरासत की पड़ताल की तथा भारतीय सिनेमा में उनके प्रेरक कार्यों और कला को सामाजिक प्रभाव के साथ जोड़ने की उनकी क्षमता का विश्लेषण किया। मुझे भारतीय संगीत में रफी के कालातीत योगदान पर विचार करने के लिए प्रसिद्ध पार्श्व कलाकारों अनुराधा पौडवाल एवं सोनू निगम और प्रसिद्ध गायक शाहिद रफी के साथ एक गहन परिचर्चा में भाग लेने का सौभाग्य मिला। करिश्माई अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, अभिनेता अर्जुन चक्रवर्ती और फिल्मों के विद्वान एन मनु चक्रवर्ती ने तपन सिन्हा की कहानी कहने की उत्कृष्ट शैली और बांग्ला व भारतीय सिनेमा पर उनके प्रभाव के बारे में अपने विचार पेश किए।

आईएफएफआई टीम ने इन दिग्गज कलाकारों की कलात्मक उत्कृष्टता का उत्सव मनाने के लिए डिजिटल रूप से पुनर्स्थापित फिल्मों की एक विशेष लाइनअप भी खूबसूरती से तैयार की थी। चयनित फिल्मों में देवदासु (अक्किनेनी नागेश्वर राव), आवारा (राज कपूर), हम दोनों (मोहम्मद रफी का संगीत), और हारमोनियम (तपन सिन्हा) शामिल थी। इन फिल्मों के प्रदर्शन ने पुरानी यादों को ताजा कर दिया और पीढ़ियों से चली आ रही उनकी शाश्वत अपील का उत्सव मनाया। 'कारवां ऑफ सॉन्स' नाम की एक संगीतमय यात्रा में राज कपूर और मोहम्मद रफी के 150 गीतों के साथ-साथ एएनआर और तपन सिन्हा के 75 गाने प्रदर्शित किए गए। इस संगीतमय श्रद्धांजलि ने भारतीय सिनेमा के समृद्ध साउंडस्केप में उनके बेजोड़ योगदानों पर प्रकाश डाला।

इस महोत्सव में 'सफरनामा' नाम की एक प्रभावशाली प्रदर्शनी में इन चारों दिग्गजों के जीवन एवं करियर से जुड़ी दुर्लभ तस्वीरें, यादगार वस्तुएं और कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। एनएफडीसी और केंद्रीय संचार ब्यूरो ने अतीत एवं वर्तमान के बीच के अंतर को पाटते हुए, इन हस्तियों की व्यक्तिगत और व्यावसायिक उपलब्धियों को जनता के सामने लाने का अच्छा काम किया। मनोरंजन के क्षेत्र में क्विज़, डिजिटल शोकेस और इंटरैक्टिव डिस्प्ले जैसी विषयगत गतिविधियां भी आयोजित की गईं। आईएफएफआई ने अपनी उपलब्धियों को रेखांकित करने वाली द्विभाषी स्मारिका भी तैयार की। यह दुनिया भर से आने वाले प्रतिनिधियों के माध्यम से इन महान हस्तियों की विरासतों को दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाने की दिशा में एक अच्छा प्रयास है। मीरामार समुद्र तट पर पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुदर्शन पटनायक द्वारा बनाया गया एक आकर्षक रेत कला चित्रण इन महान सिनेमाई दिग्गजों के सांस्कृतिक प्रभाव का प्रतीक है।

# आँख सेंकना : 'मैडम आपने मुझे मौक़ा ही कब दिया'

**लोहिया जी स्वेतलाना के समर्थन में संसद में बोल रहे थे और यह तर्क उन्होंने दिया कि एक विधवा महिला के प्रति भारत सरकार को सहानुभूति दिखानी चाहिए। उस दौर की सर्वाधिक सुन्दर महिला सांसद तारकेश्वरी सिन्हा ने टोकते हुए कहा कि लोहिया साहब आप तो शादीशुदा नहीं है, फिर आप एक औरत के दर्द को कैसे समझ रहे हैं। इस पर हंसते हुए लोहिया जी ने कहा था, मैडम आपने मुझे मौक़ा ही कब दिया। इस पर तारकेश्वरी जी या अन्य किसी सांसद ने आपत्ति नहीं की और लोहिया जी को नहीं कोसा। तो वो दौर अलग था। राजनीति में भी हास-परिहास की जगह थी।**



शशि शेखर

स्टालिन की बेटी स्वेतलाना भारत में शरण चाहती थी। रूसी दूतावास इसके लिए तैयार नहीं था। तब, लोहिया जी स्वेतलाना के समर्थन में संसद में बोल रहे थे और यह तर्क उन्होंने दिया कि एक विधवा महिला के प्रति भारत सरकार को सहानुभूति दिखानी चाहिए। उस दौर की सर्वाधिक सुन्दर महिला सांसद तारकेश्वरी सिन्हा ने टोकते हुए कहा कि लोहिया साहब आप तो शादीशुदा नहीं है, फिर आप एक औरत के दर्द को कैसे समझ रहे हैं। इस पर हंसते हुए लोहिया जी ने कहा था, मैडम आपने मुझे मौक़ा ही कब दिया। इस पर तारकेश्वरी जी या अन्य किसी सांसद ने आपत्ति नहीं की और लोहिया जी को नहीं कोसा। तो वो दौर अलग था। राजनीति में भी हास-परिहास की जगह थी। लेकिन, आज राजनीति का स्तर व्यक्तिगत शत्रुता या कहे कि मुद्दों के अभाव में अंट-शंट आरोप लगाने भर तक सिमट कर रहा गया है और इसी अप्रोच से हम लालू यादव के ताजा बयान 'आँख सेंकने' को देखना चाहेंगे।

**आँख सेंकना या गिरने से पहले निकाल लेना :** नेता भी इंसान होते हैं। गांधी जी का हास्यबोध कमाल का था। लेकिन, हमने उन्हें भगवान बना दिया। अब भगवान भला कैसे हंसी-मजाक कर सकता है। बिहार की राजनीति में लालू यादव हो या नीतीश्कुमार, दोनों नेताओं ने अपने तौर पर सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए काफी काम किए हैं। नीतीश कुमार का महिला विकास कार्यक्रम शानदार रहा तो लालू यादव की सरकार भी देश की पहली सरकार रही, जिसने महिलाओं को 2 दिन के विशेषावकाश दिए और माना कि पीरियड्स के समय महिलाओं को छुट्टी डी जानी चाहिए। यह एक क्रांतिकारी घटना थी, क्योंकि देश के विकसित और सर्वाधिक पढ़े-लिखे राज्य केरल में हाल के समय तक निजी सेक्टर में काम करने वाली महिलाकर्मियों को 'नेचर कॉल' तक के लिए आसानी से तात्कालिक छुट्टी नहीं मिल पाती थी और इसके लिए काफी हो-हल्ला होने के बाद सरकार ने ध्यान दिया। ऐसे में, विधानसभा के भीतर नीतीश कुमार एक गहरी और महत्वपूर्ण बातें कहते-कहते थोड़ा फिसल गए। लोगों ने बड़ी आलोचना की। जबकि मेरा साफ़ मानना है कि लगातार राजनीतिक जीवन में काम करते हुए और उम्र बढ़ने के साथ कभी-कभी ऐसी ज़ुबानी फिसलन हो जाती है और यह कहीं से भी ऐसा अमुद्दा नहीं है, जिस पर मीडिया में या राजनीति में चर्चा की जाए। ठीक उसी तरह, लालू यादव के ताजा बयान कि महिला संवाद यात्रा के दौरान नीतीश कुमार आँख सेंकने जा रहे है, पर घमासान मचा हुआ है और एक ऐसे नेता ने ने उन्हें दिमागी इलाज करने की नसीहत दे डाली हैं, जो युवा है, लालू यादव जिसके पिता सामान है और जो खुद इतना अभी नहीं जानता कि विधानसभा के भीतर विधानसभा अध्यक्ष की गरिमा क्या होती है?



**आँख सेंकना मतलब क्या :** बिहार में एक शब्द फेमस है, थेथरई। कभी-कभी पत्रकारिता में भी इसका अप्रयोग किया जाना चाहिए क्योंकि जब नेता थेथरई करने लगे तो उसे समझाने के लिए भी थेथरई ही एकमात्र दवा है। मसलन, सम्राट चौधरी और संजय झा को शायद पता नहीं है कि नीतीश कुमार जी अपनी आँख का इलाज एम्स में कराते हैं। आँख की इलाज के दौरान अक्सर बर्फ की पट्टी से आँख की सिंकाई की जाती है। संभवतः, नीतीश जी की आँख की सिंकाई भी हुई हो। लालू जी भी ग्लूकोमा (काला मोतिया) से पीड़ित है और इस बीमारी में भी कभी-कभार आँख पर दबाव बढ़ने पर बर्फ की सिंकाई होती है। फिर ठण्ड का मौसम है। यात्रा के दौरान अलाव भी जलेगा। तो हाथ के साथ आँख भी सिंकेगा ही। अलबत्ता, लालू जी हमेशा से अपने बहुअर्थी बयानों से बड़ी-बड़ी बातें कहते रहे हैं। चाहे सिंग पकड़ कर भैंस पर बैठने की बात हो या संसद के भीतर लोकपाल के मुद्दे पर उनका भाषण। उन जैसे बेबाब्क और त्वरित बयान दे कर उस पर अड़े रहना और जहां जरूरी हो वहाँ पीछे हट जाना बहुत बड़ी बहादुरी है। आज के नेताओं में ऐसे गुण नहीं है। वे हाईकमान को खुश करने के लिए बयान देते हैं। उनकी अपनी सोच, अपना विचार और हास्य बोध तो बिलकुल ही कुंद पड चुका है। राजनीति को उन्होंने एक बहुत ही सीरियस किस्म का पेशा बना दिया है, जहां शब्दों से ही किसी मानो हत्या कर देनी है।

**दाल-भात में मूसलचंद :** सम्राट चौधरी या संजय झा जैसे नेताओं को शायद इस बात की समझ नहीं है कि लालू यादव और नीतीश कुमार जैसे नेताओं के आपसी संबंध और कद क्या है? सम्राट चौधरी अभी शायद वहीं सम्राट चौधरी है, जिन्हें उम्र से पहले ही लालू यादव ने मंत्री बना दिया था (उम्र विवाद)। वेअक्त है कि उन्हें अब ग्रो करना चाहिए। अन्यथा, लालू यादव जैसे कद के नेता को सम्राट चौधरी कोइलवर जा कर इलाज कराने को कहते हैं, तो इससे उनका छिछलापन ही उजागर होता है। सनाजय झा ने राजनीतिक रूप से साधा बयान दे कर लालू यादव पर निशाना साधा है। लेकिन, वे भी भूल जाते है कि 2025 के चुनाव में अभी भी 7-8 महीने है और नीतीश जी का भ्राता प्रेम कब जाग जाएं, कब उनकी अंतरात्मा पुकार दें, फिर क्या होगा? तो अंत में सिर्फ इतना कि लालू यादव हो या नीतीश कुमार, बिहार की जनता, नेताओं और मीडिया को भी इसका ख्याल रखना चाहिए कि उम्र, बीमारी, व्यस्तता आदि के कारण भी कई बार वैसे बयान निकल जाते हैं, जो पोलिटिकली करेक्ट न हो। लेकिन, पॉलिटिक्स में सबकुछ्करेक्त ही हो, यह भी जरूरी नहीं। कम से कम व्यक्तिगत संबंधो में तो इंसान खुल कर बोल ही सकता है। अब आँख सेकना हो या गिरने से पहले निकाल लेना हो, इन सब बातों को बातें ही समझिये। इरादा कहीं खराब नहीं है। शब्दों को नहीं भावनाओं को समझिये। वरना, दौर तो ये है कि बेटी पढ़ाना है या बेटी प... इसे ले कर भी लोग उत्तेजित हो जाते हैं। जबकि इस उत्तेजना का इस्तेमाल बिहार के विकास में करते तो सम्राट चौधरी के नाम कुछ अच्छी चीजें होती। जाने क्यों और किस बात पर अक्सर वे व्याकुल हो जाते है। व्याकुल नहीं होना है, मंत्री जी...

# जनपद बहराइच में अलाव हेतु चिन्हित किये गये 256 स्थान

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य जनपद में तहसील व नगर निकायों अन्तर्गत 256 स्थानों को अलाव व्यवसथा के लिए चिन्हित किया गया है।

डीएम ने बताया कि तहसील महसी अन्तर्गत टिकोरा मोड़, बेड़नापुर, रमपुरवा चौराहा, नेवादा मोड़, जैतापुर आर्यावर्त बैंक के निकट, बौण्डी बस स्टैण्ड, राजी चौराहा, बेहड़ा बस स्टैण्ड, तहसील मुख्यालय, भगवानपुर चौराहा, महसी टैक्सी स्टैण्ड, महराजगंज बैंक के निकट, बलवापुर चौराहा, किसानगंज चौराहा, बौण्डी मोड़, ऐलिया चौराहा व कायमपुर चौराहा, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत बम्भौरा तूफानी चौराहा जरवल रोड, जरवल रोड बस स्टैण्ड, मरौचा चौराहा, फखरपुर टैक्सी स्टैण्ड (घासीपुर चौराहा), हुजूरपुर चौराहा, पुरैनी चौराहा, गजाधरपुर चौराहा, फखरपुर सी.एच.सी. के गेट पर, करमुल्लापुर (भग्गड़वा बाज़ार), मुस्तफाबाद सी.एच.सी. व मंगलमेला गोड़हिया नम्बर-2, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत मिहींपुरवा पंचायत भवन नवयुग रोड रैन बसेरा के निकट, तहसील मुख्यालय, पूर्वी व पश्चिमी बस स्टैण्ड मिहींपुरवा, रेलवे स्टेशन मिहींपुरवा, ग्राम कुढ़वा में दुर्गा आटो एजेन्सी व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निकट, बिछिया बाज़ार बस स्टैण्ड, उर्रा चौराहा, गूढ़ चौराहा, गायघाट चौराहा, रायबोझ्झ चौराहा, बलई गांव चौराहा (सहोनी), मटिहा मोड़, गंगापुर मण्डी, सुजौली बस स्टैण्ड व गोपिया चौराहा पर अलाव की व्यवस्था की जायेगी।

तहसील नानपारा अन्तर्गत नानपारा बहराइच रोड प्राइवेट बस स्टेशन नानपारा, रेलवे स्टेशन नानपारा, तहसील मुख्यालय गेट, बाईपास चौराहा गल्ला मण्डी के निकट, गुरघुट्टा प्रहलाद की दुकान के निकट, रेलवे स्टेशन चौराहा मटेरा, मटेरा चौराहा पुलिस बूथ के निकट, शंकरपुर चौराहा, मटेरा बाज़ार रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन बाबागंज (सोरहिया) व बस स्टेशन नवाबगंज, तहसील पयागपुर अन्तर्गत तहसील मुख्यालय, पयागपुर बस स्टैण्ड हनुमान मन्दिर के निकट, रेलवे स्टेशन के निकट भूपगंज बाज़ार, गंगवल बाज़ार, विशेश्वरगंज चौराहा, विशेश्वरगंज बाज़ार, पुरैना बाज़ार, लक्खारामपुर चौराहा, लौकाही बैंक के निकट, कोटाइन चौराहा जगतापुर, खुटेहना चौराहा व धनुही बैंक के निकट, तहसील सदर अन्तर्गत रिसिया बाज़ार रेलवे स्टेशन के निकट, बेगमपुर चौराहा, चिलवरिया अनीस कोटेदार के घर के निकट, कटी चौराहा हुजूरपुर रोड दा. रायपुरराजा, नानपारा बस स्टैण्ड मोहम्मदनगर, रमवापुर चौराहा, तुलसीपुर चौराहा ग्राम रायपुर, राजामील चौराहा ग्राम सोहरवा, कुट्टी प्रेमीदास चौराहा ग्राम जिगनिया महिपाल सिंह, कल्पीपारा चौराहा व दोनक्का तिराहा ग्राम अमीनपुर नगरौर को अलाव की व्यवस्था के लिए चिन्हित किया गया है।

नगर पालिका परिषद बहराइच अन्तर्गत अस्पताल रैन बसेरा, रोडवेज़ रैन बसेरा, रोडवेज पुलिस चौकी, अस्पताल पुलिस चौकी, टैक्सी स्टैण्ड, तिकोनी बाग पुलिस चौकी, पानी टंकी चौराहा, अस्पताल निकट बीजेपी कार्यालय, अस्पताल पुलिस चौकी, डिगिहा चौराहा, रेलवे स्टेशन, छावनी चौराहा, चांदपुरा रिक्शा स्टैण्ड, अमीरमाह के निकट, घण्टाघर चौराहा, पीपल तिराहा, सुमैय्यामाल, अटकोनवा मोड़, जलकल कम्पाउण्ड घण्टाघर, फायर स्टेशन, निकट शाद मस्जिद, बशीरगंज पुलिस चौकी, बशीरगंज चौराहा, काज़ीपुरा ट्रांसफार्मर, मूंगफली चौराहा, नीम के नीचे काज़ीपुरा, बद्री बाबू के घर के निकट, छब्बू पूर्व सभासद के घर के निकट, मंत्री जी के आवास के निकट, ब्राहम्णीपुरा तिराहा, काली मस्जिद, छोटी बाज़ार तिराहा, हनुमान मन्दिर के निकट, सिद्धनाथ मन्दिर के निकट, ईदगाह पुलिस चौकी, सलारगंज पुलिस चौकी, अस्पताल मन्दिर के निकट, अग्रसेन तिराहा, विकास भवन, डाक बंगला, घरना स्थल के निकट, जज आवास के निकट, घसियारीपुरा विधायक निवास के निकट, नाजिरपुरा निकट कबाड़ी, मुअज्जिस के घर के निकट, नाजिरपुरा तिराहा, एसडीएम सदर व नानपारा, डीएम, सीडीओ व एडीएम के आवास के निकट, काज़ीपुरा रिज़वी बाबे के घर के निकट, दीवानी कचेहरी, कलेक्ट्रेट, बक्शीपुरा मन्दिर, टीवी 24 के सामने पानी टंकी, कुबेर अस्पताल, हमज़ापुर, कानूनगोपुरा दक्षिणी, घसियारीपुरा, ब्राम्हणीपुरा, काज़ीपुरा दक्षिणी व महोपुरा वार्ड के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जायेगी।

# इंटरडिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 की रोमांचक मुकाबलों के साथ किया गया समापन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल मे 17 दिवसीय इंटरडिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 और महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का समापन परियोजना मे स्थित एनएच-3 ग्राउंड, विंध्यनगर में एक रोमांचक फाइनल मैच के साथ हुआ, जो कि स्पोर्ट्स काउंसिल विंध्यनगर द्वारा आयोजित किया गया था। फाइनल मुकाबले में टीम प्रचालन ग्रुप IV और टीम सीएंडआई, प्रचालन एवं अन्य के बीच भिड़ंत हुई, जिसमे टॉस जीतकर टीम सीएंडआई, प्रचालन एवं अन्य ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 68 रन बनाए। इसके बाद टीम ऑपरेशन ग्रुप IV ने 69 रन के लक्ष्य को 8 ओवर में हासिल कर लिया और 6 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच के बाद पुरुषों की इंटरडिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट और महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के विजयी प्रतिभागियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। महिला फाइनल में टीम पिंक पैंथर्स ने टीम लक्ष्य को 13 रन से हराकर जीत हासिल की। इस अवसर पर उपस्थित जन-समूह को संबोधित करते हुए मुख्य-अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु खेल परिषद, विंध्याचल के पदाधिकारियों और प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा परियोजना द्वारा इस प्रकार की खेल गतिविधियों के आयोजन को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा की।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक (हरित रसायन एवं बीई) सुजय कर्माकर, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा और स्पोर्ट्स काउंसिल के उपाध्यक्ष नवनीत कुमार उपस्थित रहे।

यह आयोजन कौशल और खेल भावना का अद्भुत प्रदर्शन था, जिसने टूर्नामेंट के समापन को यादगार बना दिया।

# छात्रों व अभिभावकों ने ली स्वयं को फिट रखने की शपथ



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे कुलपति प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इण्डिया वीक समारोह में विद्यार्थियों को दिनांक 11 दिसंबर को स्वयं को फिट रखने की शपथ मो0 शारिक सदस्य सचिव-क्रीड़ा परिषद द्वारा दिलाई गयी। जिसमें मो0 शारिक द्वारा स्वास्थ्य और फिटनेस विषय पर व्याख्यान भी दिया गया। व्याख्यान में यह जानकारी दी गई कि स्वास्थ्य और फिटनेस एक सिक्के के दो पहलू हैं। अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए फिट रहना अत्यंत आवश्यक है। स्वयं और अपने समाज को स्वस्थ और फिट रखकर ही हम अपने देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते है। विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने शपथ प्रक्रिया में प्रतिभाग कर अपनी फिटनेस, स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता हेतु द्रड़ संकल्प लिया। डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शपथ एवं व्याख्यान की व्यवस्था की गयी।

# बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिले के कुड़वार कस्बा स्थित प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल के बच्चों ने बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। स्कूली बच्चों ने अलग-अलग ग्रुप बनाकर बायो डायवर्जन,सौर्य मंडल, ड्रिप सिस्टम,एयर प्यूरी फायर,सोलर सिस्टम, वर्षा सूचक,तेल संशोधन (आयल रिफाइनरी),सूर्य ग्रहण व चंद्र ग्रहण,कार्बनिक व अकार्बनिक खेती, सीवेज ट्रीटमेंट, ज्वालामुखी (वालकैनो),पवन चक्की (विंड मिल)पेट्रोल पंप, दिन और रात रोटेशन) स्मार्ट सिटी,चंद्रयान-3, हास्पिटल आदि की प्रदर्शनी लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। बुधवार को स्थानीय कुड़वार बाजार के प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने 30-35 प्रकार के माडल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुड़वार



थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने विज्ञान प्रदर्शनी में पहुंचकर फीता काटा तथा मां गायत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित विज्ञान प्रदर्शनी की शुरुआत कराया। वहीं जानकारी देते हुए प्रज्ञा एकेडमी के प्रबंधक दयाराम अग्रहरि (जौहरी) ने बताया कि प्रज्ञा एकेडमी में विगत सात वर्षों से स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि प्रत्येक विद्यालयों में यह विज्ञान प्रदर्शनी लगाई जानी चाहिए।हमारा भारत देश आज विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने अपने गुरु को याद करते हुए कहा कि गुरु जी कहते हैं कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है।आवश्यकता के हिसाब से हमें नए-नए आविष्कार करने हैं। प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल तथा अन्य भी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं आवश्यकता पड़ने पर आविष्कार जरुर करेंगे। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल शिवानंद उपाध्याय ने कहा कि प्रज्ञा एकेडमी के बच्चों के दिमाग में जो बनाने के लिए रहता है उसे बनाने के लिए काफी उत्साहित हैं।आज का युग विज्ञान और आधुनिकता का है। स्कूल के बच्चे पिछले चार-पांच दिनों से बच्चे प्रोजेक्ट बनाने को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं। ज्यादातर बच्चों ने हास्पिटल बनाया।इन दिनों हम-लोग अनेकों बीमारियों से गुजर रहे हैं। बच्चों ने कई प्रकार के डेमो तैयार किया है। वहीं स्कूल के डायरेक्टर (संचालक) आशीष कुमार अग्रहरि ने बताया कि स्कूल के बच्चे आर्या सिंह,पूर्वी सिंह,प्रज्ञा अग्रहरि, अर्पिता चौरसिया, अनन्या तिवारी की टीम ने सोलर सिस्टम, आलोक कुमार, प्रियांश मिश्रा, दिव्यांस मिश्रा की टीम ने वर्षा सूचक, आदर्श,अनिकेत तिवारी की टीम ने अर्थ वेव अलार्म, भूमि गुप्ता की टीम ने वायो डायवर्जन,आदित्य पाठक, नैतिक की टीम ने विंड मिल पवन चक्की, अनामिका, अपूर्वी पांडेय, आकांक्षा यादव की टीम ने सौर्य मंडल, आराध्य श्रीवास्तव,प्रखर श्रीवास्तव व आदर्श यादव की टीम ने एयर प्यूरी फायर सिस्टम, शिवांश सिंह,नैतिक, अभय चौरसिया की टीम ने ड्रिप सिस्टम, रुद्राक्ष मिश्रा, शिवांश पाठक,अभियुदित शुक्ला की टीम ने चंद्रयान-3 प्रोजेक्ट तैयार किया।

# टेम्पल ऑफ हीलिंग ने दाखिल की थी सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** देश में हिन्दू दत्तक ग्रहण कानून के नियमों को समझने और समझाने में सम्बंधित तंत्र की हीलाहवाली से बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया बहुत जटिल रही, पर अब इस प्रक्रिया में सरलता आ रही है।

इस सम्बन्ध में एक प्रमुख सामाजिक संगठन टेम्पल आफ हीलिंग के प्रतिनिधि डा.पीयूष सक्सेना ने पत्रकारों को बताया कि भारत में गोद लेने की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के मकसद से सुप्रीम कोर्ट में अगस्त 2021 में जनहित याचिका दाखिल की थी। इसे उच्चतम न्यायालय ने संज्ञान में लिया और 12 से अधिक सुनवाइयों के बाद उसके आदेशों से कठिन राह आसान हुई। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से जवाब तलब किया। कोर्ट ने युवा दम्पतियों को बच्चा गोद लेने के लिए तीन-चार साल इंतजार कराना सही नहीं ठहराते हुए प्रक्रिया सही करने की आवश्यकता



बतायी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में ये भी साफ किया है कि हिन्दू दत्तक ग्रहण कानून में जुविनाइल जस्टिस एक्ट 2015 सेक्शन-56(3) के अनुसार एडाप्शन रेगुलेशंस 2022 का कोई दखल नहीं है।डा. सक्सेना के कथनानुसार ऐसे में बच्चा गोद लेना बहुत आसान हो जाता है। इसी क्रम में कोर्ट ने देश के सभी 760 जिलों में दत्तक ग्रहण एजेंसियां नियुक्त करने को कहा। उन्होंने बताया कि सख़्त क़ानून होने के बावजूद अमेरिका में हर साल एक लाख 35 हजार बच्चे गोद लिये जाते हैं, जबकि भारत मे उलझी हुई प्रक्रिया के कारण बमुश्किल प्रति वर्ष चार हजार। देश में 3.1 करोड़ बच्चे अनाथ हैं, वहीं ढाई करोड़ से भी बहुत ज्यादा दंपतियां संतान सुख के लिए तरसती हैं।

# फेस पेन्टिंग प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्रों को

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के कक्षा-8 के दो प्रतिभाशाली छात्रों शिवा यादव एवं मणिका सिंह यादव ने अन्तर-विद्यालयी फेस पेन्टिंग प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था राजकुमार एकेडमी के तत्वावधान में 'अक्वा लाइफ' थीम पर आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने न सिर्फ अपनी रचनात्मकता व कलात्मक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया अपितु



पर्यावरण एवं जैविक विविधता के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने सी.एम.एस. छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों की नैसर्गिक प्रतिभा को पहचानकर उसी के अनुरूप उन्हें प्रोत्साहित करता है साथ ही विभिन्न रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु प्रेरित करता है। इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है कि विद्यालय के छात्र अपनी बहुमुखी प्रतिभा से दिन प्रतिदिन विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर चोर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** थाना लाइनबाजार व थाना कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम के साथ थाना लाइनबाजार अन्तर्गत मुठभेड़ में एक शातिर चोर गिरफ्तार/पैर में लगी गोली, कब्जे से 01 तमंचा 0.315 बोर व 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस व चोरी के बेचे हुए सामान से प्राप्त 28,520 रूपया नकद बरामद।डॉ0 अजय पाल, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण मे प्र0नि0 थाना लाइन बाजार, सतीश कुमार सिंह एवं प्र0नि0 थाना कोतवाली, मिथिलेश कुमार मिश्रा की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0सं0- 523/24 धारा-331(4)/305 बी0एन0एस0 थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर, बरामदगी 18,970 रु0 नकद सम्बन्धित मु0अ0सं0- 362/24 धारा-331(4)/305 बी0एन0एस0 थाना जलालपुर जनपद जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त राजकुमार बेनवंशी पुत्र चनिका निवासी बरही कला थाना फूलपुर जनपद वाराणसी उम्र लगभग 40 वर्ष को थाना लाइन बाजार जौनपुर से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जीवन रक्षार्थ बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सदर जौनपुर रवाना किया गया। इनके द्वारा जनपद जौनपुर के विभिन्न थानों में चोरी का अपराध कारित किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध समुचित धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एनपीसीएल को टेकओवर करने के लिए प्रदेश सरकार ने लगाया मुकदमा

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्तमान में निजी क्षेत्र का पहला प्रयोग जो 1993 में नोएडा पावर कंपनी को दिया गया था वह वर्तमान में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में चल रहा है जिसमें कोई भी राजकीय सब्सिडी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नहीं दी जाती लगातार सरकार द्वारा तर्क दिया जाता है कि निजी घराने को सब्सिडी सरकार क्यों देगी? इस बार किसानों की फ्री बिजली में एनपीसीएल को एक दो करोड देने की बात हो रही है लेकिन वर्तमान में जो पांच नई बिजली कंपनियां बनाने की तैयारी एनर्जी ट्रांसपोर्ट के अनुमोदन से की जा रही है उसमें पूर्वांचल को यानी नए निजी घराने को सरकार 4535 करोड की सब्सिडी यथावत रखेगी और दक्षिणांचल को 4526 करोड की सब्सिडी यथावत रखेगी यानी कि दोनों कंपनियों को मिलने वाली 961 करोड की सब्सिडी देश के संभावित निजी घरानो को मिलेगी। दूसरी

**■ दूसरी तरफ दो सरकारी कंपनी पूर्वांचल व दक्षिणांचल को निजी क्षेत्र में देने की तैयारी**

तरफ शर्तें रखी गई कि जो भी नया निजी घराना आएगा वह साल में काम से कम 500 करोड रूपया खर्च करेगा वही बात करें वर्तमान में लाभांश यानी रिटर्न ऑफ इक्विटी जो दक्षिणांचल बिजली कंपनी को मिल रहा है वह लगभग रुपया 761 करोड है और इसी प्रकार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को 753 करोड है यानी कि नए निजी घराने काम शुरू करते ही जैसे नया टैरिफ उनको मिलेगा उनको लाभांश भी 5 1 प्रतिसत मिल जाएगा। और सबसे बडी बात यह है कि चुकी निजी कंपनियां 51 प्रतिसत वाली है इसलिए देश की सबसे बडी एजेंसी सी0ए0जी भी इनकी जांच नहीं कर पाएगी यानी देश के निजीघराने जैसे चाहेंगे अपने ऑडिटर रख कर अपनी बैलेंस शीट बनवा लेंगे खर्चा करेंगे 100 करोड और बनवा लेंगे 500 करोड सब मिलाकर पूरे प्रयोग में निजी घरानों को केवल फायदा देने की राजनीति की जा रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश की पहली निजी कंपनी नोएडा पावर कंपनी जिनके लाइसेंस को लेकर वर्ष 2023 में विवाद हुआ पुराने एग्रीमेंट के तहत नोएडा पावर कंपनी का लाइसेंस 2023 में खत्म हो रहा है लेकिन उसने पेंच फंसा कर माननीय अप्टेल ट्रिब्यूनल से विवाद खडा कर दिया अब सबसे बडा चौंकाने वाला मामला यह है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार नोएडा पावर कंपनी के लाइसेंस को समाप्त करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा लड रही है यानी कि एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार देश के निजी घराने को टेकओवर करने की बात कर रही है।

## दबंगों ने पालिका कर्मचारियों से की मारपीट

**राठ,हमीरपुर।** राठ कस्बे में बुधवार रात आवारा पशुओं को भगाने की ड्यूटी कर रहे नगर पालिका परिषद के दो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के साथ दबंगों ने मारपीट की। एक कर्मचारी ने आरोप लगाया कि उसके वेतन के 9 हजार रुपये और मोबाइल फोन भी दबंगों ने छीन लिया। घटना के विरोध में नगर पालिका परिषद के सैकड़ों कर्मचारियों ने गुरुवार सुबह राठ कोतवाली का घेराव किया और नारेबाजी की। राठ कस्बे के दीवानपुरा इलाके के निवासी गुलाब सिंह कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि वह राठ नगर पालिका परिषद में काम करता है। बुधवार की रात करीब दस बजे वह नगर में विचरण करने वाले आवारा पशुओं को भगाने की ड्यूटी कर रहा था। तभी सिकंदरपुरा इलाके में रहने वाले एक दबंग व्यक्ति ने आवारा पशुओं को भागने को लेकर हुए विवाद के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। वहीं दूसरी और नगर पालिका परिषद के आउटसोर्सिंग कर्मचारी अरविंद पुत्र कैलाश निवासी दीवानपुरा कस्बा राठ ने बताया कि वह भी नगर में विचरण करने वाले आवारा पशुओं को भगाने की ड्यूटी कर रहा था।

# सभी श्रमिकों मजदूरों में हमारी ग्राह्यता हो : अनुपम

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** भारतीय मजदूर संघ 70 वर्ष में प्रवेश करने पर प्रदेशभर में संगठन विस्तार को लेकर वृहद महासंपर्क अभियान चल रहा है। इस अवसर पर 12 दिसंबर बृहस्पतिवार को लखनऊ प्रेसक्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में भारतीय मजदूर संघ उत्तर-मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री माननीय अनुपम जी व प्रदेश अध्यक्ष श्री विशेश्वर राय ने बीएमएस यूपी की वेबसाइट व ऐप की लॉचिंग कर महासंपर्क अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम ने कहा कि 70वें वर्ष में हमें गांव-गांव तक तथा सभी उद्योगों तक संगठन की पहुंच बनानी है। सभी श्रमिकों मजदूरों में हमारी ग्राह्यता हो, सभी मजदूर-श्रमिक अपने अधिकारों को जानें तथा अपने कर्तव्यों को निभाकर अपने उद्योग,





**■ भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश की वेबसाइट व ऐप लॉच**

समाज की उन्नति करें और देश को विकास के मार्ग पर प्रशस्त करें। कहा कि आधुनिक युग में डिजिटलीकरण देश के सतत विकास के लिए किए जाने चाले हर कार्य के लिए अनिवार्य है। इसलिए भविष्य में डिजिटल रूप का बहुआयामी होना समय की आवश्यकता भी होगी। भारतीय मजदूर संघ ने प्रदेश के 2 करोड़ लोगों से संपर्क करने का लक्ष्य रखा है। आशा है कि बीएमएस के इस ऐप के माध्यम से हम ज्यादा से ज्यादा लोगी से संपर्क कर उन्हें भारतीय मजदूर संघ से जोड़ पाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष विशेश्वर राय ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 में हुई। आज 70वां वर्ष भारतीय मजदूर संघ एक उत्सव के रूप में मना रहा है। 70 वर्ष की यात्रा में बीएमएस ने देश के प्रथम क्रमांक के श्रम संगठन का दर्जा प्राप्त किया है। यह सभी कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का विषय है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय ने वेबसाइट व ऐप की लांचिंग के अवसर पर कहा कि कोई श्रमिक क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां भारतीय मजदूर संघ का कार्य नहीं है।

# टीएमयू फिजियोथैरेपी की नोवेलिया में हुनर के रंग

**अवधनामा संवाददाता**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डिपार्टमेंट ऑफ़ फिजियोथेरेपी की फ्रेशर पार्टी नोवेलिया 2024- नव विद्यार्थी आगमन समारोह में रैंप वाक, नृत्य, सिंगिंग, क्लैप बॉक्स, गिटार और पियानो पर स्टुडेंट्स ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। बीपीटी के स्नेहिल जायसवाल को मिस्टर फ्रेशर और भूमि आहाले को मिस फ्रेशर फिजियोथैरेपी चुना गया। बीपीटी प्रथम वर्ष के स्टुडेंट रजत चौधरी को स्टार ऑफ़ द ईवेंट के खिताब से नवाजा गया। इससे पूर्व एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल ने बतौर मुख्य अतिथि, एसोसिएट डीन पीएचडी सेल डॉ. ज्योति पुरी, कॉर्डिनेटर कंसल्टेंसी डॉ. सतेंद्र आर्य ने बतौर विशिष्ट अतिथि, डिपार्टमेंट ऑफ़ फिजियोथेरेपी की एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके रिद्धि-सिद्धि भवन में फ्रेशर पार्टी नोवेलिया 2024 का शुभारम्भ किया। फ्रेशर पार्टी में फैकल्टीज़- श्री हरीश शर्मा, श्री नंद किशोर शाह, मिस सोनम निधि, मिस कामिनी शर्मा, मिस प्रिया शर्मा, श्रीमती शिप्रा गंगवार, श्रीमती हिमानी, मिस नीलम चौहान, श्री रंजीत तिवारी, मिस मुस्कान जैन के संग-संग बीपीटी और एमपीटी के 421 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी मिस समर्पिता सेनापति ने किया।



बीपीटी प्रथम वर्ष के स्टुडेंट्स- आयशा, आर्यन पांचाल, गरिमा, भूमि आहाले, अनिकेत जैन, शिखा जैन, काव्या जैन, रजत चौधरी, ऋषभ जैन, हर्ष जैन, रितिका, आयुषी जैन, मुकेश जैन, स्नेहिल जयसवाल, स्पर्श गुप्ता, परिधि, वंशिका, मुस्कान आदि ने रैंप वॉक का प्रदर्शन किया। प्रथम वर्ष की मुस्कान माली और तनीषा ने वेलकम डांस की प्रस्तुति दी। स्टुडेंट्स अनिकेत जैन और भूमि ने सोलो, आयुषी जैन और मुकेश ने कपल, परिधि, वंशिका, स्नेहिल ने सामूहिक नृत्य से अपनी कला को प्रस्तुत किया। संगीत में प्रथम



**■ स्टार ऑफ़ द ईवेंट के खिताब से नवाजे गए रजत चौधरी**

वर्ष से अंशिका सेरावत, निष्ठा जैन, महक तारीख़, द्वितीय वर्ष से जतिन त्यागी ने गिटार और साहिल जैन ने कीबोर्ड के संग बॉलीवुड के गाने- प्यार हुआ इकरार हुआ..., हो गया है तुझको तो प्यार सजना... आदि को गाकर खूब वाह वाही लूटी। एमपीटी थर्ड सेमेस्टर की आकृति और पूजा ने बॉलीवुड गाने पर नृत्य का प्रदर्शन किया। अंत में सभी स्टुडेंट्स डीजे पर जमकर थिरके।

# न्यायालय राजस्व वाद चकबंदी एवं प्रवर्तन कार्यों की सी एम डैशबोर्ड पर समीक्षा



**अवधनामा संवाददाता**

**बहजोई (संभल)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कर करे त्तर एवं न्यायालय राजस्व वाद चकबंदी एवं प्रवर्तन कार्यों की सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने 3 वर्ष से अधिक लंबित वादों के निस्तारण समय से ना किया जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की एवं समस्त शिकायतों के निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। पट्टा आवंटन को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पट्टा आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाए। आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढाने के निर्देश दिए। बाट माप नियंत्रण की समीक्षा करते हुए डैशबोर्ड पर प्रदेश में टॉप रैंक में आने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। कृषक दुर्घटना सहायता योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा मंडी आय को लेकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम ना हो उसको लेकर निर्देशित किया। खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सैंपल अधोमानक के वाद दाखिल करने के लिए निर्देशित किया। औषधि निरीक्षक की प्रगति के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। धारा 34 को लेकर निर्देशित किया कि दायरे से अधिक निस्तारण किया जाए। सीएम डैशबोर्ड पर रैंक खराब ना हो यह भी सुनिश्चित किया जाए?। कोई भी विरासत का केस लंबित ना रहे इसको लेकर भी निर्देशित किया। धारा 67 एवं धारा 34 तथा धारा 24 के वादों को अभियान चलाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। खनन विभाग को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की कार्यवाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की गई आबकारी, जीएसटी, श्रम विभाग, परिवहन विभाग ,खनन विभाग, आदि के प्रवर्तन कार्यों पर चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चकबंदी विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कब्जा परिवर्तन, चकबंदी संबंधी अवशेष वाद एवं वादों के निस्तारण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वसूली को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की विद्युत विभाग की कम वसूली को लेकर अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं शत प्रतिशत वसूली करने के लिए निर्देशित किया। विद्युत एस ई ने बताया 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक एकमुश्त योजना लागू रहेगी है।

आरसी वसूली की प्रगति कम होने को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत वसूली कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी संभल वंदना मिश्रा,उप जिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया,डिप्टी कलक्टर रमेश बाबू, डिप्टी कलक्टर दीपक चौधरी, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय वीर के बच्चे मंडल रैली में विभिन्न प्रतियोगिताओं में रहे अव्वल



**ललितपुर।** विकास खंड बार अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय वीर की छात्राओं ने मंडलीय रैली में एक बार फिर विद्यालय,संकुल,ब्लॉक एवं जनपद का नाम रोशन किया। जूनियर बालिका वर्ग सौ मीटर दौड़ एवं खो-खो में अंजली ने प्रथम स्थान एवं ऊंचीकूद में शिवानी ने प्रथम और लम्बीकूद में अंजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीईओ बार शैलजा व्यास ने छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि मंडल स्तर पर प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करके ब्लॉक का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यालय स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय के स्टाफ के परिश्रम का ही फल है जिसके लिए ब्लॉक का प्रतिभाग प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा में होगा। यह बडे ही गौरव की बात है। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या सरोज सिंह,सहायक अध्यापक सपना जैन, मनोज जैन, एआरपी प्रदीप सोनी,अरविंद गौतम, महेश वर्मा, शिक्षक पुष्पेंद्र जैन ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

# दबंगों पर जमीन पर जबरन अवैध कब्जा करने का आरोप



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** मुख्यालय से चंद किमी दूर स्थित ग्राम पनारी में जमीनों पर अवैध कब्जों की शिकायतें लगातार जिला प्रशासन को मिल रहीं हैं, लेकिन इन शिकायती पत्रों पर ठोस कार्यवाही न किये जाने से अवैध कब्जा करने वाले दबंगों के हौंसले काफी बुलंद हो चले हैं। गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आमरण अनशन करते हुये मोहल्ला चौबयाना निवासी अरविन्द कुमार पुत्र स्व.श्याम मनोहर ने डीएम को एक शिकायती पत्र भेजा है। शिकायती पत्र में पीड़ित अरविन्द कुमार ने बताया कि उसकी ग्राम पनारी स्थित भूमि संख्या 227 व 228 है। बताया कि उक्त जमीन पर भाजपा नेता के भतीजे ने अपने कुछ साथियों के साथ एकराय होकर जबरन कब्जा किया जा रहा है। बताया कि उक्त दबंग भूमाफियाओं द्वारा उसकी जमीन पर मुण्डी गाड़ दी हैं। बताया कि इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी को विगत 9 दिसम्बर 2024 को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्यवाही न होने के कारण वह स्वयं अपनी जमीन पर जो दबंगों द्वारा गुमटी गाड़ी थी। बताया कि वह 11 दिसम्बर की अपराह्न 12 बजे मौके पर पहुंचा तो वहां देखा कि उक्त लोगों ने जमीन पर लगी मुण्डी हटा दी गयी हैं। यह भी आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये उसे बंधक बना लिया, किसी प्रकार वह उनके चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाकर भागा। पीड़ित ने आमरण अनशन स्थल से ही जिला प्रशासन से उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुये कानूनी कार्यवाही किये जाने और पीड़ित की जानमाल की सुरक्षा कराये जाने की मांग उठायी है।

## संयुक्त अभियान चलाकर 40 ई रिक्शा सीज किये गये

**चन्दौसी (संभल)** पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चंदौसी संतोष कुमार , ए आर टी ओ जे पी गुप्ता और यातायात प्रभारी प्रमोद मान द्वारा चंदौसी में संयुक्त अभियान चलाकर 40 अपंजीकृत ई रिक्शा को सीज किया गया। नेशनल हाइवे 509 पर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दिनांक 1/12/24 से दिनांक 15/12/24 तक विशेष अभियान के क्रम में (मुरादाबाद - चंदौसी ) रोड पर ओवरस्पीड के 28 चालान किए गए। अभियान के अनुसार 18 साल से कम उम्र के बच्चे जो वाहन चलाते हुए मिले उनसे यातायात नियमों का निबंध लिखवाकर उन्हें यातायात नियमों से अवगत कराया और हिदायत देकर छोड़ दिया गया।यातायात प्रभारी प्रमोद मान द्वारा चंदौसी चौराहा संभल में वाहन स्वामियों को जागरूक किया गया कि सर्दी आने वाली है ऐसे में सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाना जरूरी है ताकि कोहरे में रिफ्लेक्टर टेप लगा होने से वाहन दिखाई दे और सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। अभियान के क्रम में 2 बाइक सीज और 98 वाहनों के चालान एम वी एक्ट के अंतर्गत किये गए।सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## बगैर नक्शा पास कराए मकान का निर्माण करने का सांसद को नोटिस दिया गया



**संभल।** संभल के सांसद को उपजिलाधिकारी ने विनियमित क्षेत्र में बगैर नक्शा पास कराए मकान का निर्माण कराये जाने का नोटिस दे कर जवाब मांगा है संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद से संभल के सांसद की मुश्किले बढती जा रही है संभल सांसद जियाउर्हमान बर्क को बगैर नक्शा पास कराये मकान की तामीर करने का नोटिस प्रशासन ने दिया है जिसका सांसद से जवाब मॉगा गया है जिसका जवाब न मिलने पर जुर्माना की कार्यवाही हो सकती हैं सांसद के मुहल्ला दीपा सराय मे मकान की तामीर का कार्य किया जा रहा है सांसद पर विनयमित क्षेत्र में बगैर नक्शा पास कराए जाने का आरोप है जिसका नोटिस सांसद को दिया गया है।

## डीएम ने कलेक्टेट परिसर मे सफाई का जायजा लिया

**सम्भल (बहजोई)** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कलक्ट्रेट परिसर में साफ़ सफाई की उचित व्यवस्था रहे। उन्होंने कहा कि वह इसको नियमित रूप से देखेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका बहजोई भूपराम वर्मा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने विकास खण्ड़ पवांसा के श्री विद्यालय अतरासी का निरीक्षण किया

**संभल।** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के द्वारा विकासखंड पवांसा के पीएम श्री विद्यालय अतरासी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को चैक करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 31 दिसम्बर तक निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कंसल्टेंट जेई एवं टी ए अनुपस्थित पाए गए जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय कार्रवाई संज्ञान में लाई जाए। विद्यालय की प्रगति कम पाए जाने को लेकर आर ई डी जेई को कारण बताओं नोटिस जारी कराने के लिए निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकास खंड पवांसा के पी. एम. श्री विद्यालय धुरैटा का निरीक्षण किया। विद्यालय के निर्माण कार्य को 31 दिसंबर तक पूर्ण करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पोषण वाटिका एवं एजुकेशन पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। कार्य की गति धीमी पाए जाने को लेकर खंड विकास अधिकारी पवांसा एवं खंड शिक्षा अधिकारी पवांसा को कारण बताओं नोटिस जारी करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विकासखंड अधिकारी जब तक पीएम श्री विद्यालय का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक जन सामान्य की शिकायत पीएम श्री विद्यालय में सुने।

# कुआतला ग्राम प्रधान पर कार्यवाही कब

- आज फिर से कार्यवाही कराने को लेकर ज्ञापन दे सकते हैं जूनियर इंजीनियर



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुये जूनियर इंजीनियर पर हमला कर मारपीट करने और डम्फरों से मिट्टी का खुलेआम अवैध खनन व परिचालन करने के मामले में कुआतला ग्राम प्रधान पर करीब डेढ़ माह से अधिक का समय व्यतीत होने पर भी कार्यवाही न होने से जूनियर इंजीनियरों में रोष पनप रहा है। दूरभाष पर हुयी वार्ता के अनुसार कुआतला प्रधान पर कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को जूनियर इंजीनियर आलाधिकारियों से मिलकर भेंट करेंगे। गौरतलब है कि बीती 27 अक्टूबर 2024 को सिंचाई निर्माण खण्ड प्रथम में तैनात जूनियर इंजीनियर रमाकांत वर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह सहायक अभियंता उपखण्ड द्वितीय श्रवण कुमार के आदेश पर अपने साथी जूनियर इंजीनियर कमलेश वर्मा के साथ जाखलौन पम्प कैनाल की शिल्ट सफाई कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। मौके पर नहर के बैक किनारे पर ग्राम कुआं तला प्रधान विजय राजपूत द्वारा बार-बार सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुये अवैध रूप से मिट्टी खुदाई का कार्य किया जा रहा है, जब जूनियर इंजीनियर ने इसका विरोध किया तो कुआतला प्रधान ने अभद्रता करते हुये गालियां दी और देख लेने की धमकी दी गयी। निरीक्षण कर वापस मुख्यालय लौट रहे जूनियर इंजीनियर को कुआतला प्रधान विजय राजपूत ने राजघाट रोड स्थित शुभ हैविन रिसोर्ट के पास अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ रोक लिया और मारपीट शुरू करते हुये जान से मारने की धमकी दी थी। प्रकरण को लेकर कोतवाली पुलिस ने कुआतला प्रधान विजय राजपूत व पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 132, 352, 121 (1), 308 (6) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। एफआईआर दर्ज होने के करीब डेढ़ माह बाद भी कुआतला प्रधान पर कार्यवाही न होने से क्षुब्ध जूनियर इंजीनियर ने अब आलाधिकारियों से पुनः मुलाकात कर कार्यवाही कराये जाने की मांग उठाने का फैसला लिया है।

# जेकेपी ने 6 हजार स्कूली बच्चों को बांटे गर्म वस्त्र

**अवधनामा संवाददाता**

**बरसाना (मथुरा)।** कस्बे के रंगीली महल में जगद्गुरु कृपालु परिषद की चेयरपर्सन स्व. डॉ विशाखा त्रिपाठी के द्वारा बनाये गए दिशा निर्देश के अनुपालन में जेकेपी संस्था ने गुरुवार को बरसाना क्षेत्र के 6 हजार स्कूली छात्र - छात्राओं को गर्म जैकेट, कंबल आदि का वितरण किया। रंगीली महल में जैसे ही जगद्गुरु कृपालु परिषद के द्वारा गर्म वस्त्र मिलते ही बच्चे झूम उठे। उनके मुंह से अचानक आवाज निकली कि वे तीनों दीदियां दिखाई नहीं दे रहीं हैं जो बच्चों को अपने हाथों से वस्त्र पहनाती थी। उन्हें क्या पता कि बड़ी दीदी डॉ. विशाखा त्रिपाठी प्रभु के धाम को चली गई। जबकि मझली दीदी डॉ. श्यामा त्रिपाठी एवं छोटी दीदी डॉ. कृष्णा त्रिपाठी भी अस्वस्थता के कारण नजर नहीं आ रहीं हैं। बुधवार को प्रेम मंदिर में भी वृंदावन क्षेत्र के 5 हजार स्कूली बच्चों एवं आज रंगीली महल में बरसाना क्षेत्र के 6 हजार स्कूली छात्र छात्राओं को गर्म वस्त्र आदि वितरण किया गया है। 15 दिसंबर को 9 हजार स्कूली छात्र - छात्राओं को भी कृपालु धाम मनगढ़ में गर्म वस्त्र आदि का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर रंगीली महल संस्था के सेक्रेटरी नितिन गुप्ता ने बताया कि बड़ी दीदी डॉ. विशाखा त्रिपाठी जी ने हम सत्संगियों को कभी भी जगद्गुरु कृपालु महाराज की कमी नहीं खलने दी। सदैव हमें बड़ी दीदी में ही महाराज जी के दर्शन होते रहे। परंतु आज हम सभी को बड़ी दीदी की भारी कमी खल रही है। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को सामग्री वितरण का कार्यक्रम 2 दिसंबर को होना था, परंतु बड़ी दीदी के गोलोक गमन के कारण आज हमारी संस्था ने बड़ी दीदी के द्वारा बनाई नीतियों का अनुशरण निहित विधिवत वितरण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये ।

## हादसाः डबल डेकर बस और कार की टक्कर महिला दारोगा की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मांट थाना इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ, यहाँ एक डबल डेकर बस ने एक कार को बुरी तरह से टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला दारोगा की मौत हो गई और उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए, मृतक महिला दारोगा नेहा शुक्ला 2022 बैच की थीं और प्रयागराज के नैनी थाना में तैनात थीं। महिला दारोगा नेहा शुक्ला की मौत के बाद पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है, पुलिस अधिकारी उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं और घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं, पुलिस घटना की जांच कर रही है और बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## सपा की मासिक बैठक का आयोजन

**संभल।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक कैंप कार्यालय बहजोई पर सम्पन्न हुई बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा जिला में जो पदाधिकारी निष्क्रिय है उन्होंने हटा कर सक्रिय कार्यकर्ता को पदाधिकारी वनाया जयेगा बैठक में विभिन्न कार्य कर्ताओ .ने अपनी अपनी विधानसभा की समस्यायों पर चर्चा हुई एवं संगठन को मजबूत करने का काम किया जा येगा बैठक में सांसद एवं विधायक पुत्र एवं जनता लिखे मुकदमा की निंदा की जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा भाजपा सरकार संभल पर राजनीति कर भाई चारा खत्म करना चाहती है बही सांसद संभल जिया उर रहमान बर्क पर फर्जी मुकदमा लिख कर उत्पीड़न कर रही है उनके निवास को लेकर नोटिस देना घटिया सोच है विधानसभा अध्यक्ष ताहिर उल्ला खान उमेश यादव लड्डन मियां हरवीर यादव उमेश गुप्ता संगीता पाल राजेश कुमारी शोभित कुमार काका कमल शर्मा रोहिन सिंह यादव सद्दाम कुरेशी विभोर अग्रवाल अमरीश यादव शारिक सत्यदेव यादव चेतन गुप्ता शिवम यादव अशोक कुमार राणा मनोज शर्मा रामनिवास दिवाकर ठा बिजेंद्र सिंह राहुल यादव डा होराम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# राजकीय बाल गृह शिशु में 5 माह की बच्ची की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राजकीय बाल गृह शिशु मथुरा में बुधवार को बीमारी के कारण 5 माह की बच्ची की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला राजकीय बाल गृह शिशु मथुरा का होने के चलते जिलाधिकारी ने मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बाद ही पता चलेगी कि बच्ची की मौत सर्दी के कारण तो नहीं हुई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद ने बताया कि मंगलवार रात को राजकीय बाल गृह शिशु में एक 5 माह की बच्ची अर्चना की तबीयत खराब हो गई। राजकीय बाल गृह शिशु मथुरा के कर्मचारी लाखन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए आगरा रेफर कर दिया। आगरा ले जाते समय बच्ची ने दम तोड़ दिया। बच्ची का बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि बच्ची की मौत सर्दी के कारण तो नहीं हुई है। बच्ची पांच माह पहले बुलंदशहर में लावारिस हालत में मिली थी। इसके बाद उसे यहां भेज दिया गया। राजकीय बाल गृह शिशु मथुरा में वह चार माह से रह रही थी। मामला राजकीय बाल गृह शिशु मथुरा से जुड़ा होने के चलते जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। पोस्टमार्टम और मजिस्ट्रियल जांच में पता चलेगा कि बच्ची की मौत कैसे हुई। प्रथम दृष्टया जांच में पता चला कि उसकी पसलियों में संक्रमण था।

इधर, राजकीय बाल गृह शिशु मथुरा में बच्ची की मौत से अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। अधिकारी बच्ची का नाम तक बताने से कतराते रहे। यहां तक कि पोस्टमार्टम गृह पर रखे रजिस्टर में भी बच्ची के शव की एंट्री नहीं कराई।

### पहले भी हो चुकी है राजकीय बाल शिशु गृह में बच्चों की मौत

- 2021 में तीन तथा 2019 में एक नवजात की हुई थी मौत

**मथुरा।** राजकीय बाल शिशु गृह में बच्चों की मौत का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी 2021 में 3 व 2019 में एक नवजात की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते। जिलाधिकारी कैंप कार्यालय के पीछे बने राजकीय बाल शिशु गृह में बच्चों में संक्रमण के कारण पहले भी मौत हो चुकीं हैं। 15 मई को राजकीय बाल शिशु गृह की 22 दिन की रानी नाम की बच्ची की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई थी। इसके ठीक 2 दिन बाद महिला जिला अस्पताल में 20 दिन की काजल नाम की बच्ची की भी मौत हो गई। इस घटना को गुजरे 2 दिन भी नहीं हुए थे कि 22 मई को अंश नाम के बच्चे की मौत हो गई। इससे पहले 6 अगस्त 2019 को बीमारी के चलते एक माह के नवजात शिशु की मौत हो चुकी है।

# गौवंश को ठण्ड से बचाने हेतु गौशालाओं में करें पर्याप्त इंतजाम

**अवधनामा संवाददाता**




**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलैकट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक कर निराश्रित गोवंशो का शत प्रतिशत संरक्षण करने, गोचर की भूमि में हरा चारा उत्पादन करने, संरक्षित गोवंशो को ठंड से बचाव हेतु कैटल शेड को तिरपाल कवर करने, अलाव जलाने तथा निर्माणाधीन वृहद गो संरक्षण केन्द्रों कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में शीत ऋतु के दृष्टिगत गोवंश को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त उपाय किये जायें, इसके लिए उन्होंने पंचायती राज विभाग, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद को दिशा-निर्देश जारी किये गए।

उन्होंने कहा कि शीत ऋतु के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए गौशालाओं में गोवंश को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त उपाय किये जाने आवश्यक हैं, जिस हेतु आश्रय स्थलों में त्रिपाल, बोरा, पराली इत्यादी का प्रबंध किया जाये। आश्रय स्थलों में निर्मित शेड को त्रिपाल एवं बोरे आदि से विधिवत कवर करा दिया जाये, जिससे ठण्डी हवाओं से गोवंश को सुरक्षित रखा जा सके। ठंड से बचाव हेतु जूट के बोरे के झूल का उपयोग किया जाये। आवश्यकता पड़ने पर जनपद स्तर विभिन्न संस्थाओं के पास उपलब्ध अनुपयोगी बोरों टाट आदि को गो आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराकर प्रयोग में लिया जाये। आश्रय स्थलों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करायी जाये। आश्रय स्थलों में पानी, गोवर, गोमूत्र आदि की निकासी की समुचित व्यवस्था की जाये। गो आश्रय स्थलों बिछावन हेतु पराली/लकड़ी का बुरादा, गन्ने की खोई/बगास आदि का प्रयोग किया जाय और समय-समय पर बिछावन को बदला जाना अति आवश्यक है। वृद्ध अशक्त व नवजात गोवंश पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है जिसके लिये विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निराश्रित गोवंश को ठंड से बचाने हेतु पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार जिसमें प्रचुर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट उपलब्ध हो एवं स्वच्छ ताजा पीने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। यह सुनिश्चित किया जा कि किसी भी स्थिति में रात्रि में के समय गोवंश खुले स्थान पर न रहे और दिन में गोवंश को पर्याप्त धूप में रखा जाये। बैठक में सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय, डीसी मनरेगा, सीवीओ डा.देवेन्द्र पाल सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान, जिला कृषि रक्षा अधिकारी राजीव कुमार भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह सहित समस्त पशु चिकित्साधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज 15 को मथुरा आगमन

**मथुरा।** निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज 15 दिसम्बर रविवार को मथुरा आ रहे हैं। मथुरा जोन के जोनल इंचार्ज श्री एच के अरोड़ा ने बताया कि निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के प्रथम बार मथुरा आगमन पर 15 दिसंबर रविवार को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक विशाल संत समागम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि समागम में प्रदेश के कई नगरों सहित दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश के हजारों भक्तों के आगमन का अनुमान हैं। यह समागम जैत कट नेशनल हाईवे-19, वृंदावन स्थित सनसिटी अनंतम पर आयोजित किया जा रहा है। सतगुरु के आगमन की सूचना मिलते ही श्रद्धालु भक्तों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। हर भक्त सतगुरू के दर्शन के प्रति उत्साहित है। इसी के साथ ही सभी श्रद्धालु एवं सेवादार भक्त समागम स्थल को संवारने के लिए तैयारी में जुट गए हैं। मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि समागम में संत निरंकारी मिशन के प्रेम, भक्ति और मिलवर्तन के संदेश को जन-जन पहुंचाने के लिए विभिन्न स्थानों से आ रहे अनेक भक्तजन गीत, विचार व कविताओं द्वारा अपने भाव रखेगें।

# एसबीआई के द्वारा बेटियों को प्राथमिक विद्यालय में साईकिल वितरित की गयीं

- केन्द्र सरकार की योजना बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं को किया साकार

**अवधनामा संवाददाता**




**मथुरा।** भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा अपने सीएसआर फण्ड से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को साकार करते हुए गोवर्धन रोड पर गांव दतिया के प्राथमिक विद्यालय में बेटियों को साईकिल वितरण कर केन्द्र सरकार की योजना को साकार किया है। भारतीय स्टेट बैंक के उपमहाप्रबन्धक राजीव मिश्रा के द्वारा गांव दतिया के प्राथमिक विद्यालय में बेटियों को साईकिल वितरित की गयीं उन्होंने कहा कि एसबीआई के सीएसआर फण्ड से आज दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को बेटियों के आगे बढ़ने हेतु 30 साईकल दी गयीं हैं अब तक करीब एक करोड़ 25 लाख रूपये इस पूरे वर्ष 2024 में एसबीआई सीएसआर फण्ड से विभिन्न कार्यक्रमों में खर्च कर चुका है जो मथुरा जनपद के गांव गांव में अलग अगल प्राथमिक विद्यालयों में किये गये।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ केन्द्र सरकार की योजना में भारतीय स्टेट बैंक की अपनी भूमिका रही है।बच्चे पढ़ेगें तो आगे बढ़ेगें कोई संशय नहीं है क्यों कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। क्षेत्रीय शाखा प्रबन्धक उत्तम कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक अपने सीएसआर फण्ड से वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर समाज एवं देश के विकास में सदैव आग्रणी रहा है और आगे भी सामाजिक कार्यो को हम करते रहेगें।गावं दतिया में साईकिल वितरित की गयीं जिससे बेटियों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबन्धक हरीओम शर्मा ने कहा कि बेटियों के उज्जवल भविष्य की योजना में कार्यरत एसबीआई अपने सीएसआर फण्ड से सदैव कुछ ने कुछ नया करने की सोच के साथ आगे बढ़ता रहता है आज जिन बेटियों को सांइकिल मिली है उनके चेहरे पर मुस्कान है वहीं जो बेटियां रह गयीं हैं उन्हें अगले कार्यक्रम में साईकल दी जोयगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय शाखा मानव संसाधन प्रबन्धक सविता दहिया के द्वारा बच्चों को खाने-पीने की वस्तुओं का वितरण किया गया,गांव दतिया के प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य के द्वारा एसबीआई के उपमहाप्रबन्धक राजीव मिश्रा क्षेत्रीय शाखा प्रबन्धक उत्तम कुमार का पटका उढ़ाकर स्वागत किया गया उन्होंने स्टेट के सभी प्रबन्धकों को धन्यबाद देते हुए आभार प्रकट किया।

# एक दिन को बालाबेहट थाना की प्रभारी बनीं भारती निरंजन

**मिशन शक्ति**



**ललितपुर।** शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन- शक्ति फेज-5 के तहत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में बालिकाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उनमें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से थाना बालाबेहट में मुलायम सिंह यादव इण्टर कॉलेज बालाबेहट की छात्रा सुश्री भारती निरंजन को थानाध्यक्ष बालाबेहट अजीत कुमार द्वारा स्वयं एक दिन का कार्यकारी थाना प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यकारी थाना प्रभारी सुश्री भारती निरंजन द्वारा एक दिन के लिए थाना प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए उनके द्वारा थाना बालाबेहट में जनसुनवाई की। इस दौरान थाना बालाबेहट में आने वाली जनता के व्यक्तियों की समस्याओं को थानाध्यक्ष बालाबेहट के सहयोग से समझते हुए गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं को नियमानुसार/ प्रक्रिया अनुसार उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात् उनके द्वारा थाना बालाबेहट के निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर में भ्रमण कर, साफ -सफाई, व्यवस्थापन व थाना कार्यालय में अभिलेखों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी ली गयी। थाने पर पुलिस द्वारा की जाने वाली विधिक कार्यवाहियों एवं थाना संचालन की गतिविधियों/व्यवस्थापन के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय के रजिस्टर के रख- रखाव, कम्प्यूटर-कक्ष में प्रथम सूचना रिपोर्ट के पंजीकरण, मालखाना, हवालात व मेस आदि का भी निरीक्षण किया गया। एक दिन के लिये कार्यकारी थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त होने से सुश्री भारती निरंजन काफी उत्साहित रही। उनके द्वारा बताया गया कि इस अद्भुत क्षण से वह अपने आप को काफी गौरवान्वित महसूस कर रही है।

इस दौरान उनके द्वारा यह भी बताया गया कि पुलिस निरंतर सेवारत रहकर समाज की भलाई के लिए कार्य करती है, परन्तु पुलिस द्वारा की जाने वाली मेहनत की जानकारी आम- जनता तक नही पहुंच पाने के कारण समाज में अधूरी जानकारी पहुंचती है। कार्यकारी थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त किये जाने से बालिकाओं एवं महिलाओं में एक अच्छा संदेश गया है।

# यूपी में चुनाव आयोग की सख्ती : प्रदेश में 113 करोड़ की शराब और नकदी जब्त

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अवैध शराब और नकदी की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कढ़ाई से पालन हो रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने 1 मार्च से 5 अप्रैल तक कुल 113.26 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार और नकदी जब्त की।

इसमें 20.87 करोड़ रुपये नकद धनराशि, 28.92 करोड़ रुपये कीमत की 851755.96 लीटर शराब, 44.32 करोड़ रुपये कीमत की ड्रग्स, 17.78 करोड़ रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं और 1.37 करोड़ रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। 5 अप्रैल को हरदोई में 17.33 लाख रुपये मूल्य की 1400 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 5 अप्रैल तक पुलिस विभाग ने अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए। 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। 16 मार्च से अबतक अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए और 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए।

■ 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त, 3910 लाइसेंस निरस्त
■ 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

उन्होंने बताया कि 18,83,558 लोगों को पाबन्द करने के नोटिस भेजे गए हैं। इसमें से 11,59,360 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस द्वारा 4206 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4467 कारतूस, 2066.5 किलोग्राम विस्फोटक व 227 बम बरामद कर सीज किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।

# वरिष्ठ नेताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

## प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर जाइए : ब्रजेश पाठक

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में बसपा के पूर्व सांसद श्री वीर सिंह (मुरादाबाद), कांग्रेस से पूर्व सांसद व पूर्व विधायक श्री संतोष कुमार कटाई (आजमगढ़), सपा से पूर्व सांसद व जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री प्रेमदास कठेरिया (इटावा), सपा सरकार में पूर्व मंत्री डॉ. के.सी. पाण्डेय (गोरखपुर), सपा सरकार में पूर्व मंत्री श्रीमती साधना मिश्रा (बरेली), अनूपशहर, बुलन्दशहर से पूर्व विधायक श्री गजेन्द्र सिंह, बसपा से पूर्व विधायक श्री आदित्य पाण्डेय (फतेहपुर), सपा से पूर्व विधायक श्री रमेश कुमार कुशवाहा (ललितपुर), बसपा के पूर्व विधायक श्री वासुदेव सिंह बाबा (बुलन्दशहर), पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय रामनरेश यादव के पुत्र श्री अजय नरेश यादव (आजमगढ़), कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव व लोकसभा प्रत्याशी रहे श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह गौतम (फतेहपुर), सपा के एससी-एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्री शम्भु दयाल दोहरे (इटावा), सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव श्री आदित्य शुक्ल (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी डॉ. सीएस धनगर (मथुरा), जनअधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आईपी कुशवाहा (बांदा), राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा फाउन्डेशन श्री रजत सिंह (मऊ), राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव सेवा आश्रम श्री राजकुमार सिंह(मऊ), राष्ट्रीय अध्यक्ष जनहित किसान पार्टी श्री श्याम सुन्दर दास चौरसिया (महराजगंज), प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पासी महासभा श्री राजू सरोज (कानपुर), नगर पालिका अध्यक्ष डा. शरद गंगवार (फर्रूखाबाद), नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता (हरदोई), नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्यादेवी (हरदोई), नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अपूर्वा सिंह(आजमगढ़), सपा नगर पंचायत अध्यक्ष श्री मूलचन्द्र सोनकर (बांदा), ब्लाक प्रमुख श्री यशवंत शर्मा (आजमगढ), बसपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय दीक्षित (हमीरपुर), सपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधुचन्द्रा (बदायूं) सपा से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मौर्या (बदायूं) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री श्री दयाशंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कान्ता कर्दम, सदस्य राज्यसभा श्री मिथलेश कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी श्री हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बृज बहादुर ने किया।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है आप सभी के भाजपा से जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ जुड़कर आप सभी ने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण मार्ग चुना है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र और अपने-अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत करने के काम में जुट जाइए। श्री पाठक ने कहा कि पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर जाइए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए लिया है। इस संकल्प की पूर्ति तभी हो सकेगी जब प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा की झोली में आए।

# आवारा कुत्तों के झुंड ने किया अज्ञात महिला को बनाया शिकार

**लखनऊ।** आवारा कुत्तों के झुंड ने कसानगंज के नान्हूमुंडेरा गांव में शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे विक्षिप्त महिला को नोचकर मार डाला। गांव से कुछ दूरी पर खेत में महिला की चीख पुकार सुनकर जब तक लोग पहुंचते महिला की मृत्यु हो चुकी थी। मांस के लोथड़े बिखरे पड़े थे।

कुत्तों को लोगों ने दौड़ाकर भगाया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी की। घटना के बाद गांव में दहशत बन गई है। लोग खासकर अपने छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखाई दिए। ग्रामीणों के अनुसार कहीं से भटक कर आई 30 वर्षीय विक्षिप्त अज्ञात महिला दो दिनों से गांव में घूम रही थी। लोग कुछ खाने को देते तो खा लेती थी, लेकिन नाम व पता पूछने पर कुछ भी बता नहीं पाती थी। समीज सलवार पहनी गांव में घूमने वाली महिला रविवार की शाम भी गांव में ही थी। शनिवार की सुबह गांव के लोग खेत में कार्य करने के लिए निकले तो किसी महिला के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। लोग उधर दौड़कर भागे।

■ नोंचकर उतारा मौत के घाट, लोगों में दहशत

देखा कि अजीज नगर से टेकुआटार जाने वाले सड़क के किनारे रामगोपाल सिंह के खाली खेत में विक्षिप्त महिला लहूलुहान मृत पड़ी है और कुत्ते नोच रहे हैं। कुत्तों को मारकर भगाया। पुलिस टीम के साथ पहुंचे चौकी इंचार्ज मथौली अजीत विक्रम राय ने आवश्यक कार्रवाई पूरी की। कसानगंज थाना क्षेत्र के गांव नान्हूमुंडेरा में आवारा कुत्तों के जिस झुंड ने विक्षिप्त महिला की जान ली। उन्हीं कुत्तों के झुंड ने छह साल पूर्व पड़ोसी गांव गौनरिया के दया राजभर की पत्नी सूरसती को 24 जुलाई 2018 को गांव के ही पास धान के खेत में सोहनी करने के दौरान हमला कर मार डाला था।

# सप्त मंडपम के लिए नींव खोदाई का काम पूरा

**अयोध्या।** राममंदिर निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा के अनुसार ही चल रहे हैं। सप्त मंडपम निर्माण के लिए नींव खोदाई का काम पूरा हो चुका है। सप्तमंडपम में श्रीराम के समकालीन सात महापुरुषों महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, निषादराज, जटायु व शबरी के मंदिर बनाए जाने हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के अंत तक राममंदिर के प्रथम व द्वितीय तल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद मंदिर ट्रस्ट को हैंडओवर कर दिया जाएगा। दिसंबर तक परकोटा का काम पूरा करने की चुनौती है। इंजीनियरों ने आश्वस्त किया है कि 750 मीटर लंबा परकोटा दिसंबर तक तैयार हो जाएगा। राममंदिर निर्माण में टाटा कंसल्टेंसी, एलएंडटी के बाद अब राजकीय निर्माण निगम भी शामिल हो गई है।



■ बनने हैं सात महापुरुषों के मंदिर

राममंदिर निर्माण की गति भले ही धीमी रहे, मगर तेजी की कीमत पर गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राममंदिर एक हजार साल तक सुरक्षित रहे, इसी के आधार पर काम चल रहा है। इंजीनियरों की टीम को यह बात भलीभांति बता दी गई है। बैठक में राममंदिर ट्रस्ट के महसचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र मौजूद रहे।

### रामनवमी के बाद दर्शन को आएं

नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि रामनवमी पर यथाशक्ति अपने-अपने स्थानों पर भी पूजा-अनुष्ठान करें। इसके आगे समय पाकर दर्शन के लिए अयोध्या आएं। एक साथ अप्रत्याशित भीड़ हो जाएगी तो कानून व्यवस्था के लिए चुनौती हो जाएगी। इसलिए रामनवमी के बाद जब भी समय मिले, अयोध्या दर्शन को आएं।

### अयोध्या में बेहद खास होगी इस बार की रामनवमी

अयोध्या में साधु-संत और दुनिया भर में फैले करोड़ों रामभक्त 17 अप्रैल को होने वाली रामनवमी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह पहला मौका होगा जब रामलला भव्य मंदिर में रामनवमी मनाएंगे। इस मौके पर देश-दुनिया श्रद्धालु अयोध्या आ रहे हैं। इसे देखते हुए मंदिर की दर्शन व्यवस्था में बदलाव किया गया है। रामनवमी के मौके पर 15 से 17 अप्रैल तक राममंदिर 20 घंटे खोला जाएगा। यानी रामलला 20 घंटे भक्तों को दर्शन देंगे।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि रामनवमी पर रामलला के सूर्य अभिषेक की तैयारी हो रही है। इसके लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रामलला के मस्तक पर सीधे सूर्य की किरणें पड़ेंगी। इस पर वैज्ञानिक कार्य कर रहे हैं।

# लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1794 मामलों में हुई कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 71,16,499 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 43,03,917 तथा निजी स्थानों से 28,12,582 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 4,62,004, पोस्टर के 20,17,221, बैनर के 12,34,855 एवं अन्य 5,89,837 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 3,64,274, पोस्टर के 12,84,570, बैनर के 6,98,881 एवं अन्य 4,64,857 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 976 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1794 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 32 एफआईआर दर्ज, 02 एनसीआर सहित कुल 34 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

■ वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरूपयोग के 976 मामलों में की कार्रवाई

# सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों में प्रभारी मनोनीत

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ वैश्य समाज ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को पूर्ण समर्थन का ऐलान किया है। शनिवार को इण्टरनेशनल वैश्य फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर प्रभारी की नियुक्ति की। यूपी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक डा. नीरज बोरा के मार्गदर्शन में वैश्य समाज यूपी के सभी लोक सभा क्षेत्रों में बैठकें, जनसभा के साथ ही टोलियां बनाकर सघन जनसम्पर्क अभियान चलायेगा।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन यूपी के प्रदेश महामंत्री मनोज अग्रवाल ने बताया कि गत 1 व 2 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के कटरा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया था कि लोक सभा के आम चुनाव में वैश्य समाज बढ़चढ़कर अपनी भागीदारी निभायेगा तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए जनजागरण करेगा। इसके साथ ही सनातन की रक्षा और राष्ट्रहित की गतिविधियों व नीतियों को लेकर गहन विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि वैश्य महासम्मेलन भाजपा को प्रचण्ड जनादेश दिलाने में महती भूमिका निभायेगा। इसी क्रम में शनिवार को केन्द्रीय कार्यालय द्वारा 80 लोकसभा क्षेत्रों में प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

■ डॉ. अनुपमा जायसवाल को लखनऊ लोकसभा का प्रभारी एवं मनोज अग्रवाल को कॉर्डिनेटर बनाया गया

श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रभारीगण क्षेत्र में प्रवास करेंगे, वहीं जनपद के वैश्य मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, नगर निकायों के अध्यक्ष से समन्वय स्थापित करते हुए जिलाध्यक्ष के संयोजन में लोगों को मतदान के लिए जागरुक किया जाएगा तथा भाजपा व सहयोगी दल के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की जायेगी। जिन वरिष्ठ पदाधिकारियों को प्रभारी बनाया गया है उनमें दीपक मित्तल को सहारनपुर, राजेश शंकर राजू को कैराना और अमरोहा, रामराजीव सिंघल को बिजनौर, गौरव अग्रवाल को नगीना, अमित वार्ष्णेय को मुरादाबाद, बदायू, प्रतापगढ़ व मीरजापुर, नवनीत अग्रवाल को रामपुर, किशोर गुप्ता को पीलीभीत व धौरहरा, जितेन्द्र रस्तोगी को मेरठ, आजमगढ़ व कुशीनगर, अशोक अग्रवाल को बागपत, जगमोहन गुप्ता को गाजियाबाद, फतेहपुर व जौनपुर, अशोक गोयल को गौतमबुद्धनगर, देवेन्द्र अग्रवाल को बुलन्दशहर, लोकेन्द्र करवा को अलीगढ़, मिथलेश अग्रवाल को मथुरा, एटा व गोरखपुर, गिरीश रत्न को संभल, दिनेश चन्द गुप्ता को हाथरस व सीतापुर, रविकान्त गर्ग को आगरा व फैजाबाद, सचिन गोयल को फिरोजाबाद, अनुराग गुप्ता को मैनपुरी व कन्नौज, आकाश अग्रवाल को आंवला, मनोज अग्रवाल को बरेली, राममोहन गुप्ता को शाहजहांपुर, राकेश गुप्ता को खीरी, डा. अजय गुप्ता को हरदोई व रायबरेली, राहुल जायसवाल को मिश्रिख, डा. धनंजय गुप्ता को उन्नाव, प्रभारी बनाया गया है।

# हवाई पट्टी को चूमते हुए आसमान की ओर उड़े लड़ाकू विमान



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर बांगमऊ क्षेत्र में खम्भौली गांव के सामने बनी हवाई पट्टी पर दोपहर 1:25 बजे लड़ाकू विमान मिराज ने हवाई पट्टी को छूकर आसमान की ओर उड़ान भरी। करीब 2 मिनट बाद 1:27 बजे दूसरे विमान मिराज ने भी पट्टी को छुआ और आसमान की ओर उड़ान भरी।

एक्सप्रेस वे के सर्विस लेन से चल रहे वाहनों को इस दौरान 2 मिनट के लिए रोक दिया गया। आसपास ग्रामीण के विमानों की दहाड़ का लुफ्त उठाती रही। कार्यक्रम के दौरान बनाई गई दीर्घा में सिर्फ वायु सेवा के अधिकारी ही मौजूद रहे। मीडिया दीर्घा में अन्य किसी के जाने पर रोक लगा दी गई। इस दौरान सर्विस लेन के दोनों छोर पर एयरफोर्स के कमांडो वाहन में एक विशेष वैपन के साथ चौकन्ना नजर आए। विमान को देखने के लिए बच्चों ने भी बड़ी भागीदारी निभाई।

# टीएमयू एजुकेशन के अतीन्द्र और खुशी भाषण में अव्वल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर से भारत की समृद्ध विरासत को अपनाना पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली को एकीकृत करना पर हुई भाषण प्रतियोगिता में बीए-बीएड फोर्थ सेमेस्टर के अतीन्द्र झा एंड खुशी मिश्रा प्रथम स्थान पर रहे। बीएससी-बीएड की अष्टम सेमेस्टर की शिखा शुक्ला ने द्वितीय और एमएड सेकेंड सेमेस्टर के अमन सक्सेना तृतीय स्थान पर रहे। इससे पहले डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके भाषण प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा और डीएलएड की प्रिंसिपल डॉ. कल्पना जैन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल रहीं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुगंधा जैन ने किया। मुख्य अतिथि प्रो. सिंह ने भारतीय ज्ञान प्रणाली में क्रांति के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति- एनईपी 2020 को बताते हुए कहा, भारत के पास ज्ञान का अपार भंडार है, लेकिन ज्ञान की महत्वपूर्ण पांडुलिपियाँ अभी भी खोजी जानी बाकी हैं।

प्रो. रश्मि महरोत्रा कहा, प्राचीन भारतीय साहित्य शाश्वत ज्ञान और कौशल का खजाना है, जो आधुनिक दुनिया में अभी भी प्रासंगिक है। भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को जल्द ही देश की प्राचीन वैज्ञानिक, दार्शनिक और साहित्यिक शक्ति के बारे में जानने के लिए भारतीय ज्ञान पाठ्यक्रमों का विकल्प चुनना होगा। डॉ. कल्पना जैन ने कहा, प्रतियोगिता का विशेष उद्देश्य बालकों को विषय विशेष के संदर्भ में गहराई से सिखाना है। छात्र अतीन्द्र झा ने कहा, हनुमान चालीसा की पंक्ति-युग सहस्त्र जोजन पर भानु में पृथ्वी से सूर्य की दूरी को स्पष्ट कर दिया गया है, लेकिन भारतीय ऋषि-मुनियों ने कभी भी अपने ज्ञान की गंभीरता को स्वयं प्रकट नहीं किया।

# साहू तैलिक समाज ने धूमधाम से मनाया माँ कर्मा देवी जयंती व होली मिलन समारोह

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तेली समाज की आराध्य् माँ कर्मा देवी की 1008 वीं जयंती एवं होली मिल न समारोह राम दुलारी साहू मंडप जल निगम रोड़ बालागंज में उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा एवं माँ कर्मा देवी सेवा समिति द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष दिलीप साहू द्वारा माँ कर्मा देवी के चित्र पर माल्यार्पण करके व तिलक लगाकर कर किया गया इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने माँ कर्मा देवी की आरती की।

उक्त अवसर पर दिलीप साहू ने माँ कर्मा देवी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ कर्मा अपनी बाल्यावस्था से ही भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त थी माँ कर्मा की भक्ति की चर्चा दूर दूर तक थी, अपने आराध्य् श्री कृष्ण के दर्शन करने के लिए एक रात अपने घर से बिना किसी को बतायें एक छोटी सी पोटली में चावल लेकर निकल पड़ी और पुरी के जगन्नाथ मंदिर पहुंच गई। लेकिन मन्दिर के पन्डो ने फटेहाल माँ कर्मा को मन्दिर के अंदर जाने नहीं दिया और सीढियों से ढकेल दिया । माँ कर्मा बेहोश हो गई उन्हें जब होश आया तो देखा भगवान श्री कृष्ण बाल्यरुप में उनके पास खड़े हैं, माँ कर्मा ने अपनी पोटली खोलकर चावल निकाला और हाथों से अपने आराध्य् श्री कृष्ण को चावल खिलाया । तभी से जगन्नाथ मंदिर में खिचड़ी का भोग लगाया जाता है और कहावत प्रसिद्ध हैं कि माँ कर्मा का भात जगत पसारे हाथ। हम सभी लोगों को माँ कर्मा देवी की सेवा भक्ति और त्याग से शिक्षा लेनी चाहिए और अपने समाज को आगे बढ़ाने के लिए पुरजोर कोशिश करते हुए तन मन धन से कार्य करना चाहिए तभी हमारा तैलिक समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। उक्त कार्यक्रम को मुख्य रुप से वैश्य समाज के वरिष्ठ नेता सत्यप्रकाश गुलहरे जी, राम शंकर राजपूत संरक्षक बुद्धेश्वर महासभा, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश तुफानी जी, पूर्व पार्षद भारत सिंह राजपूत, कैलाश नाथ साहू, डॉक्टर डीसी गुप्ता, केपी गुप्ता, ओम साहू, एडवोकेट एम अली मदहोश एडवोकेट संजीव राठौर आदि ने संबोधित किया।

# अन्त्योदय का संकल्प भी पूर्ण हो रहा : भूपेन्द्र

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल व बूथ पर मनाते हुए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अन्त्योदय पथ, अन्त्योदय प्रण, अन्त्योदय लक्ष्य के साथ वैभवशाली राष्ट्रनिर्माण का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सहारनपुर जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी का ध्वज फहराकर सभी को भाजपा स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए भाजपा की नींव तैयार करने वाले महान विभूतियों को नमन किया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन करके पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाते हुए कार्यालयों तथा अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वज फहराया। मिठाई बांटकर बधाई दी और अन्त्योदय पथ पर चलने का संकल्प लिया। मोदी सरकार की उपलब्धियों का पत्रक लेकर घर-घर सम्पर्क किया और प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर बूथ समिति, पन्ना प्रमुख तथा स्थानीय नागरिकों के बीच पार्टी के गौरवशाली इतिहास तथा ऐतिहासिक उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति, भारतीय संस्कारों और भारतीयता के अनुरूप भारत के निर्माण का संकल्प लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अन्त्योदय दर्शन प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने कर्म पथ पर प्रेरित करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सारी प्रतिबद्धतायें पूर्ण हुई है और गांव, गरीब की खुशहाली से अन्त्योदय का संकल्प भी पूर्ण हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस संकल्प लेने और संकल्प के साथ संकल्प को पूर्ण करने के लिए आगे बढ़ने का दिन है।

■ भाजपा का धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना भारतीय मूल्यों के आधार भारत के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक विकास की अवधारणा को साकार रूप देने के लिए की गई। उन्होंने कहा पार्टी की स्थापना में राष्ट्रीय स्वाभिमान से ओतप्रोत विचार, देश के गरीब, वंचित वर्ग को मूलभूत सुविधायें प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ने का भाव और भारत को विश्व गुरू के स्थान पर प्रतिष्ठापित करते हुए आर्थिक, सामरिक महाशक्ति बनाने के संकल्प लेकर संसद और विधानसभाओं में राष्ट्रवादी सोच के लोगों को पहुंचाने का संकल्प निहित था। आप सभी को स्थापना दिवस की बधाई और भाजपा के पक्ष में जुटकर अपने बूथ पर सम्पर्क भाजपा को बड़े अंतर से जिताने के लिए सभी का आह्वान है।

# गौ रक्षा महासंघ ने भाजपा नेता संजय जोशी का देशभर में मनाया जन्मदिन

**लखनऊ।** अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ ने आज संगठन के मार्गदर्शक व भाजपा नेता संजय जोशी का हर्षोल्लास के साथ 62वा जन्मदिन पूरे देशभर में मनाया। आज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीम भारतीय ने संजय जोशी के जन्मदिन के मनाने की शुरुआत जानकीपुरम स्थिति गौशाला में पहुंच कर गौमाताओं को हरा चारा व गुड़ खिलाकर की। इसके उपरांत अपराह्न तीन बजे उतरौला हाउस कैसरबाग स्थित केन्द्रीय कार्यालय में महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनिल शुक्ला सहित काफी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर भाजपा नेता संजय जोशी का जन्मदिन मनाया और लोगों में मिष्ठान्न का वितरण किया गया। इस मौके पर सूर्य कुमार एडवोकेट, राजेश कुमार पांडे एडवोकेट, प्रमोद नारायण तिवारी, मोहम्मद जुनेद, शोएब हुजूर, अमित शर्मा, अनूप तिवारी, विवेक तिवारी, राहुल पांडे, अनिल पांडे, डॉक्टर रितू बड़वाल, सबा खान, धर्मेंद्र पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

अवधनामा




## विजय दिवस समारोह में शामिल हो सकता है बांग्लादेश का प्रतिनिधिमंडल

**कोलकाता** 16 दिसंबर को समारोह में बांग्लादेश के एक प्रतिनिधिमंडल के शामिल होने की संभावना है। हालांकि प्रतिनिधिमंडल में कितने मुक्ति योद्धा या अधिकारी होंगे, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस मौके पर फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले युद्ध के दिग्गज कार्यक्रम में शामिल होंगे। बांग्लादेश का एक प्रतिनिधिमंडल 16 दिसंबर को कोलकाता के फोर्ट विलियम में होने वाले विजय दिवस समारोह में भाग ले सकता है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि समारोह में मुक्ति योद्धा भी भाग ले सकते हैं। ये वो योद्धा हैं, जिन्होंने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना के सामने पूर्वी पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों ने आत्म-समर्णप कर दिया था। इसके साथ ही बांग्लादेश का जन्म हुआ था। मुक्ति योद्धाओं का प्रतिनिधिमंडल हर साल भारतीय सेना के पूर्वी कमान की ओर से कोलकाता में आयोजित होने वाले विजय दिवस समारोह में भाग लेता है। रक्षा सूत्रों ने कहा कि 16 दिसंबर को समारोह में बांग्लादेश के एक प्रतिनिधिमंडल के शामिल होने की संभावना है। हालांकि प्रतिनिधिमंडल में कितने मुक्ति योद्धा या अधिकारी होंगे, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम में 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में विजय दिवस पर कई कार्यक्रम होंगे। इसे लेकर हाल ही में मेजर जनरल मोहित सेठ ने कहा था कि 16 दिसंबर को फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा था कि 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले युद्ध के दिग्गज कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही पाकिस्तानी सेना को हराने वाले 1971 के युद्ध नायकों के लिए कोलकाता के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र में एक सैन्य टैटू भी आयोजित किया जाएगा।

## सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बने कट्टरपंथी, इंटरनेट की काली दुनिया में हो रही आतंकियों की ऑनलाइन भर्ती

**सहयोग**

इस खतरे से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग और बहु-सार्वजनिक सहयोग की आवश्यकता है।




**नई दिल्ली।** फ्रांस के ल्योन में 19वें इंटरपोल प्रमुखों के एनसीबी सम्मेलन के पूर्ण सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल सहित सभी प्रतिनिधिमंडलों ने इस बात पर जोर दिया था कि ऑनलाइन कट्टरपंथ, वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इस खतरे से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग और बहु-सार्वजनिक सहयोग की आवश्यकता है। दुनिया भर के कट्टरपंथी संगठन, अपनी तोड़फोड़ की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए इंटरनेट की काली दुनिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस काली दुनिया के प्लेटफॉर्म पर काम करने की वजह से आतंकी संगठन, अब सुरक्षा एजेंसियों के समक्ष एक बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। इन कट्टरपंथी संगठनों तक पहुंचना, सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों के लिए आसान नहीं है। इन संगठनों द्वारा मेटावर्स, डार्कनेट और वाइबर सहित दूसरे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर आतंकियों की ऑनलाइन भर्ती की जा रही है। उक्त प्लेटफार्म के जरिए कट्टरपंथी संगठन, भोले-भाले/उदास/अलग-थलग युवाओं को लक्षित कर रहे हैं। भारत की संप्रभुता व अखंडता को प्रभावित करने वाले सांप्रदायिक और भारत विरोधी प्रचार में शामिल वेबसाइटों/खातों की पहचान की गई है। ऐसे मामलों में कार्रवाई के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) को केस भेजा जाता है। एमईआईटीवाई ने 9845 यूआरएल ब्लॉक कर दिए हैं। एनआईए द्वारा ऑनलाइन कट्टरपंथ से संबंधित 67 मामलों की जांच की जा रही है। ऐसे मामलों में अब तक जांच एजेंसी एनआईए ने 325 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि फ्रांस के ल्योन में 19वें इंटरपोल प्रमुखों के एनसीबी सम्मेलन के पूर्ण सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल सहित सभी प्रतिनिधिमंडलों ने इस बात पर जोर दिया था कि ऑनलाइन कट्टरपंथ, वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इस खतरे से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग और बहु-सार्वजनिक सहयोग की आवश्यकता है। पहलूबद्ध रणनीति, जो चरमपंथी सामग्री की आपूर्ति और मांग, दोनों को संबोधित करती है। भारत के लिए सीबीआई, ऑनलाइन कट्टरपंथ से निपटने के लिए इंटरपोल के साथ लगातार जुड़ी हुई है। 18-21 अक्टूबर, 2022 तक नई दिल्ली में आयोजित 90वीं इंटरपोल महासभा के दौरान, इंटरपोल ने पहली बार मेटावर्स का जिक्र किया था। इसके बाद, जनवरी 2024 में, इंटरपोल ने मेटावर्स को लेकर कानून प्रवर्तन परिप्रेक्ष्य पर एक श्वेतपत्र जारी किया था। उसमें कट्टरपंथ के मुद्दे की पहचान की गई। साथ ही यह भी नोट किया गया कि आतंकवादी ऑनलाइन भर्ती, कट्टरपंथ, प्रशिक्षण और व्यक्तियों की शिक्षा के लिए मेटावर्स का फायदा उठा सकते हैं। इस संबंध में, समग्र और समन्वित तरीके से कट्टरपंथ से जुड़े कई जोखिम कारकों को सामूहिक रूप से पहचानने, काउंटर करने और कट्टरपंथ से निपटने के लिए प्रभावी तंत्र एवं रणनीति स्थापित करने के लिए कट्टरपंथी संगठनों पर इनपुट सहित अन्य जानकारी साझा करने के लिए सभी हितधारकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

## परभणी में हिंसक प्रदर्शन मामले में 40 लोग हिरासत में लिए गए



**मुंबई।** बुधवार को सेंट्रल महाराष्ट्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। सार्वजनिक स्थानों पर पांच से अधिक लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद करने के लिए राज्य रिजर्व पुलिस बल को तैनात किया गया है। महाराष्ट्र के परभणी शहर में तनावपूर्ण माहौल है। मंगलवार को संविधान की प्रति को नुकसान पहुंचाने के बाद हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में अबतक 40 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में पत्रकारों से बात करते हुए अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान 20 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। आंबेडकर के समर्थकों ने बुधवार को बंद का आह्वान किया था। भीड़ ने दुकानों में तोड़फोड़ की और कलेक्टर के कार्यलय में भी आगजनी की। पुलिस महानिरीक्षक (नांदेड़) शाहजी उमाप ने कहा, इस मामले में अबतक हमने 40 लोगों को हिरासत मं ले लिया है। हम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रहे हैं। इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।÷ परभणी शहर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में केस दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस महानिरीक्षक ने आगे कहा, हमें मालूम चला है कि 16-17 मोटरसाइकिलें और दो चार पहिया वाहन, सीसीटीवी कैमरे और दुकानों के साइनबोर्ड क्षतिग्रस्त हो गए। अपराध दर्ज होने के बाद ही आंकड़े स्पष्ट होंगे। मंगलवार को परभणी रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ उपद्रवी तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान का अपमान किया।

## सरकारी वकीलों की गैरहाजिरी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज



**नई दिल्ली।** एक दिव्यांग मेडिकल अभ्यर्थी के प्रवेश को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार के लापरवाह रवैये पर न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने चिंता जताई। इस मामले में बुधवार को वकील के अनुपस्थित रहने पर कोर्ट ने केंद्र के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के महानिदेशक को उपस्थित होने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी वकीलों के अलग-अलग मामलों की सुनवाई से गायब रहने पर कड़ी नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें सरकारी अधिकारियों को यहां बुलाकर कोई खुशी नहीं मिलती है। एक दिव्यांग मेडिकल अभ्यर्थी के प्रवेश को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार के लापरवाह रवैये पर न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने चिंता जताई। इस मामले में बुधवार को वकील के अनुपस्थित रहने पर कोर्ट ने केंद्र के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के महानिदेशक को उपस्थित होने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालत को अधिकारियों को बुलाने में खुशी नहीं होती। जब प्रक्रिया के तहत नोटिस दिए जाने के बाद भी वकील उपस्थित नहीं होते हैं, हमें ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। कोर्ट गुरुवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 23 सितंबर के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दिव्यांग अभ्यर्थी की याचिका यह कहकर खारिज कर दी थी कि विकलांगता प्रमाण पत्र के मामले में विकलांगता विशेषज्ञों की राय अदालत की राय का स्थान नहीं ले सकती। मामले में शीर्ष अदालत ने बुधवार को सुनवाई की, लेकिन कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिव्यांग व्यक्ति के मामले में नोटिस के बावजूद कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने केंद्र के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के महानिदेशक को गुरुवार को उपस्थित होने का आदेश दिया था। गुरुवार को अधिकारी और केंद्र के वकील अतिरिक्त महाधिवक्ता विक्रमजीत बनर्जी पीठ के समक्ष उपस्थित हुए।

## राज्य की स्थिति नाजुक है, स्थायी समाधान में समय लगेगा, नुपी लान के कार्यक्रम में बोले सीएम बीरेन सिंह

**कल्याण**

राज्य सरकार ने महिलाओं की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को देखते हुए महिला कल्याण योजनाएं शुरू की हैं।



**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुरी महिलाओं ने सामाजिक, आर्थिक, कला-संस्कृति और खेल के क्षेत्र में भी योगदान दिया है। राज्य सरकार ने महिलाओं की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को देखते हुए महिला कल्याण योजनाएं शुरू की हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार पिछले डेढ़ साल से जारी संकट से निपटने के लिए स्थाई समाधान लाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की स्थिति नाजूक होने के कारण इसमें समय लग सकता है। नुपी लान को याद करते हुए एक कार्यक्रम में सीएम बीरेन सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने केंद्र से पुलिस स्टेशनों से अफस्पा को हटाने की भी अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम बीरेन सिंह ने कहा, ÷राज्य और केंद्र सरकार मणिपुर में स्थायी समाधान लाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। राज्य की स्थिति नाजुक है, इसलिए स्थायी समाधान में समय लगेगा। छह पुलिस थानों में अफस्पा को फिर से लागू करने पर उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने केंद्र से उक्त पुलिस स्टेशनों से अफस्पा हटाने की अपील की। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कहा कि 1904 और 1939 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में मणिपुरी महिलाओं द्वारा निभाई गई भूमिका को याद करने के लिए नुपी लान नुमिट को हर साल मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि दो ऐतिहासिक घटनाओं में महिलाओं का योगदान रहा है। सीएम सिंह ने आगे कहा, हमें 1819-1826 के दौरान बर्मी लोगों को बाहर करने में मणिपुरी महिलाओं द्वारा दिखाई गई बहादुरी और साहस को भी याद रखना चाहिए। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने कहा, मणिपुरी महिलाओं ने सामाजिक, आर्थिक, कला-संस्कृति और खेल के क्षेत्र में भी योगदान दिया है। राज्य सरकार ने महिलाओं की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को देखते हुए महिला कल्याण योजनाएं शुरू की हैं। इसमें इमा नोंगथांगलेइमा याइफा तेंगबांग योजना भी शामिल है। इसके तहत 40 वर्ष से अधिक उम्र वाली बेरोजगार महिलाओं को हर महीने 500 रुपये वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।÷ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सदन में पारित महिला आरक्षण बिल पर भी जोर दिया। छात्रों के लिए राज्य सरकार की तरफ से शुरू की गई योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। म्यांमार शरणार्थियों के साथ व्यवहार को लेकर मीडिया से बात करते हुए सीएम बीरेन सिंह ने कहा, जो लोग आलोचना कर रहे हैं, वे यहां आकर जमीनी हकीकत देख लें।

यहां कोई मतभेद नहीं है। शरणार्थियों का इलाज संयुक्त राष्ट्र के दिशानिर्देशों, भारत सरकार और मणिपुर सरकार की देखरेख में किया जा रहा है। सभी के साथ समान व्यवहार किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करने से पहले बीरेन सिंह ने विधायकों के साथ इंफाल में नुपी लान मेमोरियल कॉम्प्लेक्स में नुपी लान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री विश्वजीत सिंह भी मौजूद थे।

## मासूमों को वेश्यावृत्ति में धकेलने वालों पर बाल आयोग सख्त, सरकारी कर्मियों पर कार्रवाई की सिफारिश

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में अगस्त में नाबालिग पीड़िताओं की ओर से शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था। इसके बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई। जांच में सामने आया कि 2019 से 2024 में एफआईआर दर्ज होने तक चार साल से सेक्स रैकेट चल रहा था। इस मामले में नाबालिगों से दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसमें तीन मुख्य आरोपी हैं। अरुणाचल प्रदेश के बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नाबालिग लड़कियों से वेश्यावृत्ति कराने के मामले में बड़ी कार्रवाई की सिफारिश की है।

## जॉय बांग्ला अब नहीं होगा बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा; सुप्रीम कोर्ट की हाईकोर्ट के फैसले पर रोक



**ढाका।** उच्च न्यायालय ने 10 मार्च 2020 को जॉय बांग्ला को देश का राष्ट्रीय नारा घोषित किया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दो दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में अपील याचिका दायर की थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय पीठ ने आदेश पारित किया। जॉय बांग्ला अब बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा नहीं होगा। बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। बांग्लादेश हाईकोर्ट ने एक आदेश में बांग्लादेश के राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के लोकप्रिय जॉय बांग्ला को देश का राष्ट्रीय नारा घोषित किया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हाईकोर्ट के 10 मार्च 2020 के फैसले के खिलाफ दो दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में अपील याचिका दायर की थी। मामले में मुख्य न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय पीठ ने मंगलवार को आदेश पारित किया। आदेश में कहा गया कि राष्ट्रीय नारा सरकार के नीतिगत निर्णय का मामला है और न्यायपालिका इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। सुनवाई में सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अनीक आर हक ने कहा कि इस आदेश के बाद जॉय बांग्ला को राष्ट्रीय नारा नहीं माना जाएगा। उच्च न्यायालय ने 10 मार्च 2020 को जॉय बांग्ला को देश का राष्ट्रीय नारा घोषित किया था। कोर्ट ने सरकार को आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया था ताकि नारे का इस्तेमाल सभी राज्य समारोहों और शैक्षणिक संस्थानों की सभाओं में किया जा सके। इसके बाद 20 फरवरी 2022 को हसीना के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने इसे राष्ट्रीय नारे के रूप में मान्यता देते हुए एक नोटिस जारी किया और अवामी लीग सरकार ने 2 मार्च 2022 को एक गजट अधिसूचना जारी की। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक दिसंबर को 15 अगस्त को राष्ट्रीय शोक दिवस और सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी।


## ब्रिटेन में सड़क हादसे में भारतीय छात्र की मौत, चार की हालत गंभीर; सभी आंध्र प्रदेश के रहने वाले

**लंदन।** पुलिस ने बताया कि वाहन चालक (27) को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है। पूर्वी इंग्लैंड के लीसेस्टरशायर में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। लीसेस्टरशायर की पुलिस ने बताया कि हादसा मंगलवार सुबह हुआ, जिसमें एक कार के खाई में गिर जाने से उसमें सवार चिरंजीवी पंगुलुरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला, दो पुरुष और चालक घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक (27) को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

## ट्रंप को पर्सन ऑफ द ईयर चुन सकती है टाइम मैग्जीन, 2016 में भी मिल चुका है सम्मान

**प्रतिष्ठित**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पर्सन ऑफ द ईयर चुन सकती है।



**वॉशिंगटन।** टाइम मैग्जीन साल 2016 में भी ट्रंप को पर्सन ऑफ द ईयर चुन चुकी है। इसके बाद 2020 में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को भी पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पर्सन ऑफ द ईयर चुन सकती है। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन चयन प्रक्रिया से जुड़े लोगों हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है। इस बार अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव बेहद ध्रुवीकृत माहौल में हुआ और पूरी दुनिया की निगाहें इस चुनाव पर लगीं थी। चुनाव से पहले कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर होने का दावा किया जा रहा था, लेकिन चुनाव के नतीजों में ट्रंप ने आसानी से कमला हैरिस को हरा दिया। टाइम मैग्जीन साल 2016 में भी ट्रंप को पर्सन ऑफ द ईयर चुन चुकी है। इसके बाद 2020 में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को भी पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया था। पिछले साल पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट को इस सम्मान से नवाजा गया था। अब इस साल ये खिताब डोनाल्ड ट्रंप को दिए जाने की चर्चा है। गौरतलब है कि गुरुवार को ट्रंप, न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की ओपनिंग बेल भी बजाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज न्यूयॉर्क में ट्रेडिंग दिवस की शुरुआत या समापन को दर्शाने के लिए बेल बजाई जाती है। किसी भी व्यक्ति के लिए यह बड़ा सम्मान है। ट्रंप से पहले पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन, नेल्सन मंडेला और आर्नोल्ड श्वार्जनेगर जैसी मशहूर हस्तियों को भी ये सम्मान मिल चुका है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने जनवरी में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भी न्योता भेजा है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के न्योते को स्वीकार किया गया है या नहीं। अमेरिका स्थित चीनी दूतावास ने भी अभी तक इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया है। हाल ही में एक मीडिया चैनल से बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने हाल ही में चीन के राष्ट्रपति से बातचीत की है। एक तरफ ट्रंप ने शी जिनपिंग को शपथ ग्रहण का न्योता भेजा है, लेकिन दूसरी तरफ वे चीनी सामान पर अत्यधिक टैरिफ लगाने की बात भी कह रहे हैं।

## मोदी-शी मुलाकात से दोनों देशों के रिश्तों में नई शुरुआत

**सम्मेलन**

मोदी-शी की बैठक के बाद, विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की।



**बीजिंग।** चीन की आधिकारिक मीडिया के अनुसार, लियू ने इस बातचीत के दौरान कहा कि चीन-भारत संबंधों को फिर से शुरू करना दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के बुनियादी हितों को पूरा करता है। यह वैश्विक दक्षिण की आम अपेक्षाओं और इतिहास की सही दिशा के अनुरूप भी है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि रूस में अक्तूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई सफल मुलाकात ने भारत-चीन संबंधों में नई शुरुआत की थी। सीपीसी के आतंरिक विभाग के मंत्री लियू जियानचाओ ने चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात के दौरान मोदी-शी के बीच रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई मुलाकात का जिक्र किया। चीन की आधिकारिक मीडिया के अनुसार, लियू ने इस बातचीत के दौरान कहा कि चीन-भारत संबंधों को फिर से शुरू करना दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के बुनियादी हितों को पूरा करता है। यह वैश्विक दक्षिण की आम अपेक्षाओं और इतिहास की सही दिशा के अनुरूप भी है। लियू ने आगे कहा कि चीन भारत में सभी राजनीतिक दलों के साथ मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान को मजबूत करने, दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को संयुक्त रूप से लागू करने और इसके अनुसार, द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और विकास के पथ पर शीघ्र वापस लाने का इच्छुक है। एजेंसी पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय से चले सैन्य गतिरोध के कारण दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध लगभग ठप पड़ गए थे।

## एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे का पद छोड़ने का एलान



**वॉशिंगटन।** क्रिस्टोफर रे का यह एलान डोनाल्ड ट्रंप के उस एलान के एक हफ्ते बाद ही आया है, जिसमें ट्रंप ने कश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था। एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ने का एलान कर दिया है। रे ने कहा है कि वे जो बाइडन का कार्यकाल खत्म होने के बाद ही जनवरी में एफबीआई निदेशक का पद छोड़ देंगे। क्रिस्टोफर रे का यह एलान डोनाल्ड ट्रंप के उस एलान के एक हफ्ते बाद ही आया है, जिसमें ट्रंप ने कश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था। बुधवार को एफबीआई मुख्यालय में आयोजित हुई एक बैठक में क्रिस्टोफर ने पद छोड़ने का एलान किया। अभी रे के 10 साल के कार्यकाल में तीन साल का समय और बचा है। हालांकि जब ट्रंप ने कश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था तो तभी से इस बात की चर्चा थी कि क्रिस्टोफर रे समय से पहले इस्तीफा दे सकते हैं, लेकिन ट्रंप के शपथ लेने से पहले ही इस्तीफे का एलान कर क्रिस्टोफर रे ने चौंकाया है। माना जा रहा है कि नई सरकार के साथ किसी तरह के टकराव से बचने के लिए क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ना ही बेहतर समझा है। अपने कार्यकाल के दौरान रे ने एफबीआई को राजनीति से दूर रखने की कोशिश की। पद छोड़ने का एलान करते हुए क्रिस्टोफर रे ने कहा कि पद छोड़ने का एलान उनके लिए आसान नहीं है। मुझे इस जगह से प्यार है और मुझे अपने काम से भी प्यार है, लेकिन मेरा फोकस हमेशा इस बात पर रहा है कि एफबीआई के लिए क्या सही है।

## अफगानिस्तान में धमाका, तालिबान शरणार्थी मंत्री की मौत; थरूर से मिला यूरोपिय संघ का प्रतिनिधिमंडल

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान में एक भीषण आत्मघाती बम धमाके में तालिबान शरणार्थी मंत्री खलीली हक्कानी और दो अन्य लोगों की मौत हो गई है। आंतरिक मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा, धमाका मंत्रालय के अंदर हुआ। हक्कानी ने बुधवार को उप प्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर की अध्यक्षता में एक बैठक की थी। खलीली हक्कानी कार्यवाहक आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी का चाचा था, जो तालिबान के भीतर एक शक्तिशाली नेटवर्क का नेतृत्व करता था। धमाके का शक आईएस पर जताया गया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन के आवास पर 26 यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। बुधवार को हुई इस बैठक में भारतीय विदेश नीति की भूमिका, अवसर और चुनौतियों समेत कई मुद्दों पर बातचीत की गई। थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी। यूएन राजदूत ने भी चीन, रूस, दक्षिण एशिया, मध्य पूर्व और यूरोप को लेकर थरूर से चर्चा की। गूगल ने अमेरिकी सरकार से ओपन-एआई तकनीक को अपने क्लाउड सर्वर पर होस्ट करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ समझौता तोड़ने को कहा है। यह बातचीत तब हुई जब अमेरिकी संघीय व्यापार आयोग ने एक जांच के हिस्से के रूप में गूगल से माइक्रोसॉफ्ट की व्यावसायिक प्रथाओं के बारे में पूछा। वार्ता का विवरण चर्चा में शामिल सूत्रों ने दिया। ब्रिटेन में भारतीय मूल के सांसद इकबाल मोहम्मद ने हाउस ऑफ कॉमन्स में पेश किए गए एक बिल पर चिंता जताई है। इसमें चचेरे भाई-बहनों में शादी पर पाबंदी लगाने की मांग की गई है। यह बिल संसद में पहली बार पढ़ा गया और सांसद रिचर्ड होल्डन ने प्रस्ताव पेश करने के लिए 10 मिनट की नियम प्रक्रिया का इस्तेमाल किया। भारत में थाईलैंड की इलेक्ट्रॉनिक वीजा प्रणाली एक जनवरी से प्रभावी होगी। यह घोषणा थाई दूतावास ने बुधवार को की। दूतावास ने यह भी कहा कि सभी प्रकार के वीजा के लिए आवेदन वेबसाइट थाईवीजा.जीओ.टीएच के माध्यम से भेजे जाने चाहिए। वीजा प्रोसेसिंग समय वीजा शुल्क की रसीद जारी होने की तारीख से करीब 14 कार्य दिवसों के भीतर होगा। भारत ने श्रीलंका से हिरासत में लिए गए मछुआरों की जल्द रिहाई का आग्रह किया है। भारत ने कहा कि इस मुद्दे को सुलझाने के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने बुधवार को श्रीलंका के मत्स्य पालन और महासागर संसाधन मंत्री रामलिंगम चंद्रशेखर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मत्स्य पालन क्षेत्र में विकासात्मक सहायता परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। भारतीय मिशन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त ने मछुआरों के मुद्दे को सुलझाने में मानवीय और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया है।

# डिप्टी सीएम ने जननायक चंद्रशेखर हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टिट्यूट की डायलिसिस इकाई का किया उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को जिले के इब्राहिमपट्टी में जननायक चंद्रशेखर हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टिट्यूट की अत्याधुनिक डायलिसिस इकाई का उद्घाटन किया। उन्होंने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भी बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि चंद्रशेखर जी के बगैर भारतीय राजनीति को पूर्ण नहीं माना जा सकता। चंद्रशेखर और बलिया एक दूसरे के पर्याय थे। पूरे भारत वर्ष में बलिया को स्थापित करने का कार्य किया। 1980 के दशक में उन्होंने कल्पना की थी कि बलिया के हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले और उसी सोच के क्रम में उन्होंने जिला मुख्यालय से सुदूर अपने गांव में इस अस्पताल का निर्माण करवाया था। इस अस्पताल के आधारशिला में लोकनायक जयप्रकाश नारायण का नाम भी जुड़ा हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पूरे प्रदेश के मुख्य सचिव होते हुए बलिया के इस अस्पताल को बेहतर स्वरूप में देखने की चिंता की, जिसके लिए वह भी धन्यवाद के पात्र हैं। अस्पताल संचालक का जिम्मेदारी उठाने वाले डॉक्टर संजय सिंह से कहा कि बलिया के ऐतिहासिक धरती के लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो ,इसका पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। हर गरीब, किसान और बहन-बेटियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए। सरकार ने जनता के लिए सारी व्यवस्था दी है। यहां भी स्वास्थ्य सुविधा ऐसी हो कि पूरे देश में इसका संदेश

### निःशुल्क होगा अल्ट्रासाउंड

**बलिया।** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रेगनेंसी के दौरान बहनों को तीन या चार बार अल्ट्रासाउंड के लिए जाना पड़ता है। इसको देखते हुए सरकार ने यह भी व्यवस्था दी है कि सरकारी के अलावा प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भी नि-शुल्क अल्ट्रासाउंड होगा। नवजात शिशु के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिले पर व्यवस्था है। इसके अलावा हर सीएससी, पीएचसी तथा सब-सेंटर पर टीकाकरण सहित जच्चा-बच्चा की की सारी सुविधाएं हैं।

### आवश्यकता से अधिक भोजन न लें और पर्याप्त पानी पिएं

**बलिया।** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले हमें इस बात का ध्यान रखना है कि हम बीमार पड़े ही ना। इसके लिए किसी भी ऐसे पेय पदार्थ को नहीं लेना है या ऐसा कुछ नहीं खाना है, जिसका नुकसान हमारे शरीर पर पड़े। लगभग 40-50 मिनट योग-व्यायाम को अपनी दैनिक दिनचर्या में जरूर शामिल करें। आवश्यकता से अधिक भोजन न लें और पर्याप्त पानी पिएं। लोगों से यह भी आवाह्न किया कि अपने दांतों को सुरक्षित रखने पर भी विशेष ध्यान दें। इसके लिए सुबह के अलावा रात को भी दांतों की सफाई करके ही सोएं।

### उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में किया वृक्षारोपण

**बलिया।** उप मुख्यमंत्री के जनपद आगमन पर स्वागत पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार, पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर तथा निदेशक डा.संजय सिंह सहित अन्य गणमान्य ने किया। कार्यक्रम को पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री जननायक चंद्रशेखर जी सपना था कि हम अपने गांव में एक बड़ा हॉस्पिटल बनाएं। उन्होंने अस्पताल को संचालित करने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री जी तथा पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर पूर्व विधायक धनंजय कनौजिया, डा. सुषमा शेखर, डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार,एसपी विक्रांत वीर आदि मौजूद रहे।

# ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से कटहल नाला पुल एक हिस्सा धंसा

- रिपेयरिंग जगह पर से गुजरा वाहन और धंस गया ज्वाइंट का हिस्सा
- दिनभर जाम से कराहता रहा बलिया शहर

अवधनामा संवाददाता



**वन वे बनाकर सुरक्षा की कोशिश**
पुल के ज्वाइंट का एक हिस्सा धंस जाने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने एनएच–31 को वन वे बना दिया। जिससे जाम की स्थिति और भी ज्यादा विकराल हो गई। राहगीरों का कहना था कि यदि एक दो दिन के अंदर समस्या का हल नहीं निकाला गया तो बलिया शहर जाम के झाम में इसी तरह फंसता रहेगा।

**बलिया।** शहर के पास कटहल नाला पुल के ज्वाइंट का एक हिस्सा गुरुवार की दोपहर डेढ़ बजे के करीब धंस जाने से आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। इसके बाद पूरे दिन ट्रैफिक पुलिस हांफते हुए नजर आई। हालांकि धंसने के पीछे कारण भी ट्रैफिक पुलिस की लापरवाहीपूर्ण ड्यूटी रही। यदि रिपेयरिंग जगह पर ट्रैफिक पुलिस ठीक से ड्यूटी दी होती तो न बड़े वाहन रिपेयरिंग हिस्से से गुजरता और न ही ज्वाइंट का हिस्सा धंसता और न ही आवागमन दिनभर के लिए प्रभावित होता। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि माल्देपुर मोड़ से लेकर कदम चौराहा तक एनएच–31 को टू–लेन बनाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। ऐसे में कटहल नाला पुल के पास एक नया पुल बनाने का काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। चूंकि पुल के बगल में पुल बनाया जा रहा है, लिहाजा एप्रोच मार्ग पर भी इसका बुरा असर पड़ा है। साइड क मिट्टी आदि हटा दिए जाने से पुराने पुल का एप्रोच मार्ग कमजोर पड़ गया। लिहाजा इंजीनियर जैसे–तैसे रिपेयर तो कर दिया, लेकिन ट्रैफिक पुलिस की लापरवाहीपूर्ण ड्यूटी से रिपेयरिंग जगह पर बड़े वाहन गुजर जाने से ज्वाइंट मार्ग पूरी तरह से धंस गया और खतरा उत्पन्न हो गया। जिसके चलते अब जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई।

## ठगी कें साइबर फ्रॉड मे 40,000 वापस कराया गया

**मुबारकपुर, आजमगढ़।** थाना मुबारकपुर पूर्व की घटना 23.जनसंप..... को आवेदक वीरेन्द्र प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति निवासी ग्राम अमिलो थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ से मास्टर ट्रस्ट एप के माध्यम से शेयर मार्केट मे इनवेस्ट कराने के नाम पर कुल 40,000- रूपये का साइबर फ्रॉड हो गया था। आवेदक द्वारा उक्त घटना की सूचना थाना मुबारकपुर पर दिया गया। कम्प्यूटर ऑपरेटर मेहताब आलम द्वारा आवेदिका से तत्काल साइबर हेल्पलाइन के टोल फ्री नम्बर 1930 पर कॉल कराकर कम्पलेन्ट नं0 23109240110458 दर्ज कराया गया था।

प्रकरण मे जाँचोंपरान्त साइबर सेल एवं सम्बन्धित बैंक के अधिकारी से सम्पर्क कर साइबर फ्राड के माध्यम से फ्रॉड हुआ 40,000- रूपयों के सम्बन्ध मे न्यायालय से आदेश कराते हुए। भ्वथ्ब् ठ।छञ्ज के नोडल अधिकारी के माध्यम से आवेदक का 40,000- रूपया खाते मे वापस कराया गया। आवेदक अपना फ्रॉड के माध्यम से कटा हुआ रूपया वापस पाकर पुलिस का आभार व्यक्ति किया है।

# हॉल पल्हनी ब्लॉक में शपथ ग्रहण समारोह आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** शपथ ग्रहण समारोह विकासखंड पल्हनी के मीटिंग हॉल पल्हनी के ब्लॉक प्रमुख प्रमोद कुमार यादव अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी शपथ ग्रहण समारोह मे सम्मिलित रहे।

सहायक विकास पंचायत अधिकारी उमाकांत पाठक शपथ ग्रहण कराया गया निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार यादव शपथ लेते हुए ब्लॉक मंत्री बाबूराम शपथ लेते हुए कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शपथ लेते हुए। ब्लॉक पर भीषण अभय चौहान शपथ लेते हुए। इरशाद शपथ लेते हुए। शपथ ग्रहण में ब्लॉक के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्वाचित अधिकारियों द्वारा कहते हुए मैं कर्मचारियों के लिए हमेशा लड़ता रहूंगा जो आप लोगों ने हमें दायित्व दिया है। उसका निर्वहन हम ईमानदारी के साथ करते रहेंगे। ब्लॉक प्रमुख प्रमोद यादव ने बताया की आप लोगों का कार्य सराहनीय है । इसी तरह अपने ब्लॉक का नाम रोशन करते रहिए जिले का नाम रोशन करते रहिए। हम आपके साथ कोई भी दिक्कत होगी तो हमको बताइए हम उसका निस्तारण करेंगे। आज के स्वागत समारोह में जनपद लोकप्रिय जिला अध्यक्ष सीपी यादव जिला महामंत्री ओंकारनाथ वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया जिला संगठन मंत्री अखिलेश कुमार यादव अनिल मौर्य जिला प्रतिनिधि जहानागंज ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप यादव सेक्टर प्रभारी राज बहादुर चौधरी संजय कुमार छतरपुरबरी सेक्टर प्रभारी महेश कुमार यादव सेक्टर प्रभारी उमेश यादव संजय कुमार बृजेश यादव सेक्टर वीरेंद्र कुमार सेक्टर प्रभारी रामाश्रय सेक्टर प्रभारी महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सीमा मौर्य परवीन बानो ब्लॉक के समस्त कर्मचारी उपस्थित

# जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा की उपस्थिती में जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित अधिकारीगण आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत सभी प्रकार की व्यवस्थाएं जैसे सड़क, प्रकाश व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाए।

उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से भी सहयोग करने की अपील की। जनपद में चाइनीज मांझा की बिक्री पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि अभियान चलाकर चाइनीज मांझा बिक्री करने वालों पर कार्यवाही की जाए, इसके साथ ही संबंधित एसएचओ और हल्का सिपाही की भी जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा से संबंधित रूट डाइवर्जन, रूट प्लान व्यवस्था आदि को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को निर्देशित किया कि व्यापारियों को जागरूक किया जाए कि बिक्री के दौरान वे सड़कों पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पॉलिथीन में सामानों की बिक्री न किया जाए इसके साथ ही इसका प्रयोग भी ना करने की सलाह सभी को दी। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा ने कहा कि तथ्यों की सत्यता की जांच बाद सोशल मीडिया पर खबरों को प्रसारित करें, उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कानून व्यवस्था प्रभावित न हो। पुलिस प्रशासन जनपद में अमन चैन कायम रखने के लिए कटिबद्ध है, शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान सहित शांति समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

# व्यावसायिक खेती से आएगी खुशहाली: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कृषि विभाग द्वारा गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा में कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय विराट किसान मेला/गोष्ठी/प्रदर्शनी के दूसरे दिन का आयोजन किया गया, इसमें कृषि विविधीकरण द्वारा किसानों की आय दूनी करने के उपाय, फार्मर रजिस्ट्री, प्राकृतिक खेती,विपणन व्यवस्था, मृदा स्वास्थ्य, रबी फसलों के बेहतर उत्पादन वाली तकनीकीयो एवं लाभकारी कृषि योजनाओं से विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने तथा आय बढ़ाने हेतु सन्तुलित खेती के साथ - साथ पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन, रेशम उत्पादन, मशरूम उत्पादन अति आवश्यक है ताकि कृषि विविधीकरण अपनाते हुए विभिन्न स्रोतों से अपनी आय में वृद्धि कर किसान अपनी समृद्धि कर कृषि का सतत विकास कर सकते है। उन्होंने बताया कि गाँवो में कैम्प लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है किसान सम्मान निधि के साथ अन्य योजनाओं के लाभ के लिए सरकार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा अरविंद सिंह ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को अब खेती को आजीविका के साधन के रूप में नही बल्कि उद्यम के रूप में अपनाने की आवश्यकता है, इसमे कृषि तथा संबंधित विभागों यथा पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, मंडी का सहयोग किसान भाइयों को लेना होगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/193/2024–25 | | |
| कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ में विभिन्न विद्युत उपकरणों के प्रावधान एवं ऑल्टरनेटर व आर्मेचर सेक्शन में सी०ओ०ई० का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹73,38,454.18 | धरोहर राशि | ₹1,46,800/- |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 03.01.2025 को अप. 15:00 बजे तक | | |
| निविदा खुलने की तिथि व समय | 03.01.2025 को अप. 15:00 बजे के बाद | | |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फॉर्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जाएगा।

निविदा सं.: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/193/2024–25 दिनांक 12.12.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3812/2024


# खेलकूद से बच्चों में होता है मानसीक ऊर्जा का संचार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शहजादी देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज बिजरवा बनकट आजमगढ़ फिट इंडिया सप्ताह 2024 के तहत महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता उद्घाटन श्री दीपक कुमार सिंह सहायक सोसाइटी चीट्स फंड आजमगढ़ मंडल द्वारा फीता काटकर किया गया मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद का कार्यक्रम कराकर बच्चों में फिट रहने का अच्छा साधन है खेलकूद के से बच्चों को ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम में मुझे बुलाकर संस्था के निदेशक को मैं बहुत ही बधाई देता हूं कि आप मुझे ऐसे कार्यक्रम में बुलाए और मुझे बहुत ही अच्छा लगा मैं सभी छात्राओं की उज्जवल भविष्य कामना करता हूं संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार सिंह एवं ट्रस्टी श्रीमती बीना सिंह जी ने मुख्य अतिथि महोदय का स्मृति चिन्ह भेटकर स्वागत किया सर्वप्रथम महिला क्रिकेट प्रतियोगिता मांसाहारी देवी मेमोरी नर्सिंग कॉलेज एवं क्रिश्चियन हॉस्पिटल स्कूल आफ नर्सिंग के बीच खेला गया। क्रिश्चियन हॉस्पिटल स्कूल आफ नर्सिंग की टीम 10 ओवर में 91 रन का लक्ष्य दिया तत्पश्चात खेलते हुए मां शहजादी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने आठ ओवर में 92 रन बनाकर विजय हुए फिर दूसरा प्रतियोगिता रस्सा कसी का किया गया। मां शहजादी देवी में मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज एवं क्रिश्चियन हॉस्पिटल स्कूल आफ नर्सिंग के बीच खेला गया जिसमें मां शहजादी देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज की टीम विजय रही इस मौके पर सचिव डॉ राम जी सिंह, प्राचार्य डॉक्टर जिजल बी, ऊप प्राचार्य डॉक्टर राजी, प्राचार्य अवनी, प्राचार्य अर्पण श्रीवास्तव , प्राचार्य डॉक्टर आमिर, डॉक्टर अजीत पांडे, संदीप मौर्य, डॉक्टर अमित सिंह, प्रतीक,योगेंद्र मौर्य श्वेता सिंह, दीपशिखा, साधना , सौधन्या, सर्वेश सिंह , सूर्या, श्री राम,जयप्रकाश सिंह,

# कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी सस्ती दवाओं को विकसित करने में महत्वपूर्ण: डॉ. शैलेन्द्र

- विज्ञान संकाय में हुआ व्याख्यान का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के बॉयोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी और एनवायर्नमेंटल साइंस विभाग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन गुरुवार को किया गया। ट्रांसलेशनल हेल्थ एंड साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, डिपार्टमेंट ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी, गुरुग्राम हरियाणा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर शैलेंद्र अस्थाना ने कहा कि प्रोटीन के अध्ययन से कारगर एवं सस्ती दवा को विकसित किया जा सकता है जिससे विभिन्न प्रकार के असंचारी और संचारी बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ अस्थाना ने कहा कि महंगी एंटीबाडी कैंसर जैसी बीमारी के इलाज में लाखों रूपये खर्च करने पड़ते है उसके विकल्प के तौर पर वे एंटीबाडी मिमिक्स विकसित करने पर लगे है जिससे कैंसर जैसी बीमारी पर होने वाली भारी भरकम खर्च को कम करके 8 से 10 हजार रुपये पर लाया जा सकता है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की प्रेरणा एवं विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों में शोध के प्रति आकर्षण विकसित हो, ऐसे कार्यक्रमों के लिए सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम का संचालन बायोटेक्नोलॉजी की शोध छात्रा मंजूषा ने किया और स्वागत प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. राम नारायन, डॉ श्री प्रकाश तिवारी , डॉ मनीष कुमार गुप्ता, एवं डॉ विवेक पाण्डेय ने किया 7 डॉ. सिपाही लाल पटेल द्वारा कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया एवं डॉ. श्वेता श्रीवास्तव अतिथि के संक्षिप्त जीवन परिचय के बारे में बताया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ दिनेश कुमार ने किया इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी एवं एनवायर्नमेंटल साइंस के विद्यार्थी एवं शिक्षकों में डॉ संजीव मौर्य, श्री ऋषि श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा , मिस ईशानी भारती, डॉ दीपक, डॉ अभय कुमार गुप्ता, शोध छात्र एवं बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के छात्र उपस्थित रहे।

## गन्ने के खेत में लगी आग दो बीघा जलकर खाक

**आजमगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ी में आज दिन गुरुवार को शाम लगभग 3:00 बजे राजाराम यादव रामसूरत यादव पुत्रगड़ रामसुमेर यादव निवासी ग्राम पकड़ी और उनके बगल रामचेत यादव पुत्र माता बदन यादव ग्राम मुबारकपुर के खड़ी गन्ने के खेत में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई जब की वहां पर अगल-बगल कोई भी विद्युत का तार या फिर मकान नहीं है गन्ने के खेत में अचानक आग लग जाने से गान्ने का खेत पूरी तरीके से

# भवानी फिजिकल अकेडमी द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद महोत्सव समापन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** लालगंज स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अगेहता में राम सूरत स्मारक इंटर कॉलेज तथा जय भवानी फिजिकल अकेडमी द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद महोत्सव 2024 का आज शानदार समापन हुआ। इस महोत्सव में छात्रों, शिक्षकों, और अभिभावकों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। पिछले दो दिनों तक चले इस आयोजन में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें ख्खेलों के नाम जैसे दौड़, कबड्डी, आदि, शामिल थे। प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान रविंद्र यादव सपा नेता तथा अनुराग तिवारी ने किया तथा समापन समारोह में रहे विशिष्ट अतिथि अम्ब्रीश राजकीय इंजीनियर कॉलेज के प्रोफेसर दवरा किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। बल्कि टीम वर्क और अनुशासन का भी पाठ पढ़ाते हैं। प्रधनाचार्य अमित शुक्ला ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों, आयोजकों, और दर्शकों का धन्यवाद आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस महोत्सव ने छात्रों में आत्मविश्वास और खेल के प्रति रुचि को प्रोत्साहित किया है। इस आयोजन की सफ्लता में ख्विद्यालय परिवार के समस्त स्टाफ एवं कोच अजय, विनायक, विवेक, प्रमोद, ओमप्रकाश, सरद, सर्वेश, सरस्वती, वंदना, कामना, अनीता प्रीति की भूमिका सराहनीय रही। उपस्थित जनसमूह ने खेल महोत्सव को बड़े उत्साह के साथ समर्थन दिया और इसे यादगार बनाया। हम आशा करते हैं कि आगामी वर्षों में भी यह परंपरा जारी रहेगी और हमारे युवा खेल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे। रामसूरत स्मारक इंटर कॉलेज अगेहता कब्बडी की टीम में उन्नीस लड़को में राम सूरत स्मारक इंटर कालेज के विजेता सत्तरह में सुन्दर लाल स्मारक इंटर कॉलेज श्रीकांत पुर सत्तरह लड़कियों में राम सूरत इंटर कॉलेज विजेता रहा दौड़ सोनाली गुप्ता उजाला मौर्या सिध्द्न्त आर्यन यादव प्रथम रहे स्कूल के मैनेजर ने सभी का धन्यवाद करके खेल प्रतियोगिता को समापन की घोषणा किया।

# मॉनिटरिंग समिति की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के कृषकों के क्लेम एवं उसके संबंध में की गई क्षतिपूर्ति के संबंध में समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो क्लेम रिजेक्ट किए गए हैं उनका पुनः सत्यापन करवाया जाए तथा जो भी क्लेम रिजेक्ट किए गए हैं उनका आधार/ कारण सहित प्रमाणपत्र दिया जाय। कहा बिना किसी वैध कारण के अनावश्यक क्लेम रिजेक्ट नही होना चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कहा कि ऐसे किसान जिन्हें अपना फसल बीमा नहीं करवाना है वह अपने संबंधित बैंक में जाकर इस संबंध में आवेदन पत्र 24 दिसंबर2024 तक अवश्य दे दें। जनपद हमीरपुर में रबी मौसम में जौ, गेहूं, चना ,मटर, मसूर ,लाही ,सरसों ,अलसी आदि फसलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से अधिसूचित किया गया है। योजना का लाभ लेने हेतु इन फसलों की बीमित रकम का संबंधित कृषकों द्वारा डेढ़ प्रतिशत की प्रीमियम देनी होगी। कृषक अधिसूचित फसलों का बीमा जन सुविधा केंद्र तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर करा सकते हैं। प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि जलभराव सूखा आदि से नष्ट हुई फसलों की सूचना कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, बैंक को निर्धारित प्रारूप पर 72 घंटे के अंदर कृषक अवश्य उपलब्ध करा दें जिससे बीमा कंपनी द्वारा नष्ट हुई फसलों का सर्वे करते हुए क्षतिपूर्ति की धनराशि प्राप्त हो सके।


**कार्यालय नगर पंचायत मझौलीराज, जनपद- देवरिया।**

पत्रांक- 63(3) न0पं0 मझौलीराज/2024-25 दिनांक- 06-12-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) सेन्टर का संचालन तथा कूड़े के निस्तारण हेतु पंजीकृत फर्मो से मुहर बंद निविदाएं दिनांक 06-12-2024 से दिनाक 16-12-2024 दोपहर 12:00 बजे तक आमत्रित की जायेगी तथा दिनांक 16-12-2024 को दोपहर 3:00 बजे नगर पंचायत मझौलीराज में निविदा खोली जायेगी। निविदा हेतु आवश्यक जानकारी नगर पंचायत मझौलीराज से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है।

**नियम व शर्ते :-**

1- समस्त निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधिकारी अधिशासी/अध्यक्ष में निहित होगा।
2- निविदादाता का आयकर, GST पंजीकरण और सर्टिफिकेट होना चाहिए।
3- निविदादाता को एम0आर0एफ0 सेन्टर संचालन करने तथा आर0डी0एफ0 निस्तारण का अनुभव होना चाहिए।
4- निविदादाता के द्वारा किए गए कार्य का अनुभव का साक्ष्य उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
5- किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र देवरिया होगा।
6- कम्पनी कम से कम 03 वर्ष पुरानी हो तथा कम्पनी का पिछले 03 वर्षो का औसत टर्नओवर कम से कम 9 करोड़ रुपए होना आवश्यक है।
7- कम्पनी का किसी भी सीमेन्ट प्लांट या वेस्ट टू एनर्जी प्लाट से अनुबंध हो।
8- कम्पनी के पास कम से कम प्रति वर्ष 28333 (03वर्ष का कुल) मीट्रिक टन/वर्ष (कुल 85000 एम0टी0) आर0 डी0एफ0 डिस्पोज कराने का सर्टिफिकेट होना चाहिए।
9- कम्पनी ISO 9001:2015 एवं ISO14001:2015 सर्टिफाइड होना चाहिए।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मझौलीराज**
**देवरिया।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मझौलीराज**
**देवरिया।**

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पूरी तरह नई कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का अनावरण किया

**हाइब्रिड इलेक्ट्रिक**

**कार्बन न्यूट्रल लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल 5वीं पीढ़ी की उन्नत हाइब्रिड तकनीक से लैस है**




**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का अनावरण किया, जिसे पूरी तरह से सेडान के रूप में डिज़ाइन किया गया है। कार्बन न्यूट्रल लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल 5वीं पीढ़ी की उन्नत हाइब्रिड तकनीक से लैस है, जो काफी बेहतर दक्षता और बेहतर प्रदर्शन प्रदान करती है। यह नया मॉडल अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं, बेहतरीन एक्सटीरियर और इंटीरियर, सहज प्रौद्योगिकी एकीकरण के साथ बेजोड़ परिष्कार लाता है, जिससे उपभोक्ताओं की अनूठी आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। हाइब्रिड पावरट्रेन के साथ बोल्ड इनोवेशन = स्वच्छ वाहन तकनीक को अपनाते हुए, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन के केंद्र में शक्तिशाली और कुशल 2.5 लीटर डायनेमिक फोर्स इंजन है, जो 3200 आरपीएम पर 221 एनएम टॉर्क प्रदान करता है। इलेक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित निरंतर परिवर्तनीय ट्रांसमिशन (ई-सीवीटी) के साथ जोड़ा गया, वाहन एक सहज और गतिशील ड्राइविंग अनुभव सुनिश्चित करता है। ई- सीवीटी सभी ड्राइविंग शैलियों और स्थितियों के अनुरूप कई ड्राइविंग मोड प्रदान करता है- स्पोर्ट, इको और नॉर्मल। इसके अलावा, टोयोटा की 5वी पीढ़ी की हाइब्रिड प्रौद्योगिकी प्रणाली में उच्च क्षमता वाली लीथियम आयन (Li-ion) बैटरी है जो ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन के आउटपुट को 169 केडब्ल्यू (230 पीएस) की प्रभावशाली कुल अधिकतम शक्ति तक पहुँचाती है।नए मॉडल के लॉन्च पर अपने विचार रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मसाकाज़ु योशिमुरा ने कहा, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का लॉन्च टोयोटा की वैश्विक पर्यावरण चुनौती 2050 के अनुरूप बेहतर, संधारणीय गतिशीलता विकल्प विकसित करने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है। भारत एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, और हमारी उत्पाद रणनीति कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है। इस दिशा में, हमने स्वच्छ गतिशीलता को बढ़ावा देने और अधिक चपलता और गति के साथ बड़े पैमाने पर विद्युतीकरण को बढ़ावा देने के लिए बहु-मार्ग दृष्टिकोण को अपनाया चुना है। ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन की शुरूआत एक ग्रीन मोबिलिटी पेशकश है, जो भविष्य के कार्बन-मुक्त, खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में हमारे योगदान को और मजबूत करेगी।यह लग्जरी सेडान चार शानदार नए रंगों में उपलब्ध है= प्रेशियस मेटल, डार्क ब्लू, सीमेंट ग्रे और इमोशनल रेड, जो इसके आकर्षण के अनुरूप पैलेट प्रदान करते हैं। इस नए मॉडल के अन्य रोमांचक रंग हैं एटीट्यूड ब्लैक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल।

## आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. पीएमएवाय-यू 2.0 के अंतर्गत लखनऊ में घर खरीदना बनाएगा ज्यादा किफायती



**लखनऊ।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. लखनऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना- अर्बन 2.0 (पीएमएवाय-यू 2.0) के माध्यम से घरों को खरीदना ज्यादा किफायती बनाने के लिये समर्पित है। सरकार की इस पहल पर जागरूकता बढ़ाने और उसके बाद बिना किसी परेशानी के होम लोन्स देने के मकसद से, यह हाउसिंग फाइनेंस कंपनी 12 से 15 दिसंबर, 2024 को अपने शाखा कार्यालय में स्पॉट सैंक्शन कैम्प का आयोजन कर रही है। स्पॉट सैंक्शन कैम्प से लखनऊ में रहने वाले लोगों को फायदा होगा और साथ ही छोटे शहरों, जैसे कि उन्नाव, बरेली, सीतापुर, रायबरेली और शाहजहांपुर आदि में रहने वाले लोग बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे।

आधार उत्तर प्रदेश में अपनी 72शाखाओं के विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। इनमें डीप इम्पैक्ट ब्रांचेस भी शामिल हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में नागरिकों को आसानी से ऋण मुहैया कराना है। पीएमएवाय पहल से कंपनी को कम आय वाले वर्गों (EWS, LIG, और MIG) को किफायती हाउसिंग लोन्स देने में मदद मिलेगी। इससे उन परिवारों का जीवन बेहतर होगा, जिन्हें अपना पहला घर खरीदना है।

'हर भारतीय को पक्का घर' देने के अपने मिशन में, आधार पीएमएवाय उत्सव में पीएमएवाय-यू 2.0 के बारे में उन लोगों को शिक्षित करना चाहती है, जो पहली बार घर खरीद रहे हैं। यह कैम्प पात्रता के मानदण्डों पर गहन जानकारी प्रदान करेगा और अंतिम उपभोक्ता के लिये पीएमएवाय सब्सिडी लेने की प्रक्रिया को आसान बनाएगा। इसके अलावा, कैम्प में संबद्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लोगों को होम लोन की स्वीकृति के पत्र वहीं मिल जाएंगे। इस प्रकार घर खरीदने वाले लोग उनका मालिक बनने की दिशा में बिना किसी परेशानी के आगे बढ़ सकेंगे।

आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ऋषि आनंद ने कहा, ''हमारा मानना है कि सभी को घर मिलना चाहिये। घर का मालिक बनना दूर की कौड़ी न हो, बल्कि सभी के लिये पूरा होने वाला मकसद बन जाए, खासकर समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिये। पीएमएवाय-यू 2.0 योजना का प्रमुख ऋण भागीदार होने के नाते हम चाहते हैं कि लोग और परिवार अपना घर पाने के लिये जरूरी संसाधनों से लैस हों। हमारे स्पॉट सैंक्शन कैम्प्स घर खरीदने की आकांक्षा रखने वाले लोगों को उनके सपनों का घर खरीदने की पूरी प्रक्रिया में आवश्यक मागदर्शन देंगे।''

# यासमीन कराचीवाला ने दुल्हनों के लिए बताये शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखने के 5 टिप्स



हर दुल्हन की ख्वाहिश होती है कि वह अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी नजर आए, और यह पूरी तरह से सही है। हालांकि, शादी की तैयारियों में ढेर सारे कामों के बीच खुद की सेहत और फिटनेस अक्सर पीछे रह जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि थोड़ा सा ध्यान और सही दिशा में किया गया प्रयास आपको न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी तैयार कर सकता है फिटनेस कोच और पिलेट्स एक्सपर्ट यासमीन कराचीवाला अपनी कुछ खास टिप्स शेयर कर रही हैं, जिनकी मदद से हर दुल्हन खुद को आत्मविश्वास से भरपूर और दमकता हुआ महसूस कर सकती है-

**कैलिफोर्निया आमंड के साथ करें स्मार्ट स्नैकिंग**

समझदारी से खाने का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं कि आप भोजन करना छोड़ दें या क्रैश डाइटिंग करें। बल्कि, आपको एक संतुलित आहार अपनाना चाहिये, जिसमें आवश्यक पोषक तत्व हों। स्मार्ट स्नैकिंग के लिए कैलिफोर्निया आमंड एक बेहतरीन विकल्प हैं। 200 से ज्यादा प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार, बादाम में 15 पोषक तत्व जैसे विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। कैलिफोर्निया आमंड विशेष रूप से प्रोटीन का अच्छा स्रोत है, जो न केवल ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि मांसपेशियों के विकास और रखरखाव में भी मदद करता है। आप बादाम को भूनकर खा सकती हैं या इन्हें भारतीय मसालों/स्पाइस के साथ मिला सकते हैं। क्योंकि बादाम ऊर्जा का खजाना हैं, ये आपको एनर्जी से भरपूर महसूस कराएंगे।

**वर्कआउट सबसे जरूरी है**

दुल्हन बनना एक बहुत ही खास अनुभव है, लेकिन इस दौरान आप खुद को लेकर हमेशा व्यस्त रहती हैं, और अक्सर लगता है कि वर्कआउट के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। लेकिन ध्यान रखें, वर्कआउट का मतलब हमेशा एक घंटा जिम में बिताना नहीं होता। छोटे-छोटे वर्कआउट, जैसे दिन में तीन बार 10 मिनट की एक्सरसाइज, आपके शरीर और मन दोनों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। इन छोटी-छोटी कोशिशों से ना सिर्फ आप फिट और आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करेंगी, बल्कि आपका दिन भी और खास बन जाएगा। नियमित वर्कआउट से ब्लड सर्कुलेशल में सुधार होगा, जिससे आपकी त्वचा पर एक कुदरती चमक आएगी, और आप खुद को पूरी तरह से तैयार महसूस करेंगी। इसके अलावा, वर्कआउट के पहले और बाद में एक मुट्ठी कैलिफोर्निया आमंड खाने से आपकी ऊर्जा बनी रहती है और वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने भी अपने नए आहार दिशानिर्देशों में बादाम को रोजाना खाने के लिए एक बेहतरीन आहार माना है।

## फ्लिपकार्ट की सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी ने 16,000 लोगों के कौशल विकास की योजना बनाई



भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने ई-कॉमर्स सप्लाई चेन में काम करने वालों को प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए अनूठी पहल करते हुए 2021 में सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी (एससीओए) की स्थापना की थी। एससीओए में स्थानीय क्षेत्रों के वंचित समुदायों के युवाओं को निशुल्क एवं उद्योग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वे तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर में सफल होने और स्थानीय सप्लाई चेन इकोसिस्टम को मजबूत करने में सक्षम बनें। एससीओए ने 2024 में 3,000 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षित किया, जिनमें 20 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं। ये आंकड़े विविधता एवं समावेश की दिशा में फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। यहां प्रतिभागियों को फ्लिपकार्ट के विभिन्न केंद्रों पर 45 दिन के हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस और ऑनलाइन क्लासरूम सेशन के माध्यम से रियल-वर्ल्ड ऑपरेशनल स्किल्स प्रदान की जाती हैं। फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं री-कॉमर्स के प्रमुख हेमंत बद्री ने कहा फ्लिपकार्ट लाखों स्थानीय कंपनियों को उनके ई-कॉमर्स के सफर में योगदान देने और देश के समावेशी विकास में सहभागी बनने के लिए प्रतिबद्ध है। सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी (एससीओए) का उद्देश्य छात्रों एवं संभावित पेशेवरों को ई-कॉमर्स, रिटेल एवं वेयरहाउसिंग सेक्टर में काम करने के लिए उपयुक्त कौशल प्रदान करना है।

## स्विच मोबिलिटी शहरी गतिशीलता को फिर से परिभाषित करेगी

**अयोध्या।** अशोक लीलैंड की सहायक कंपनी और हिंदुजा समूह का हिस्सा, स्विच मोबिलिटी लिमिटेड, जो इलेक्ट्रिक बसों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों का एक प्रमुख निर्माता है, ने आज भारतीय बाजार के लिए अपने समकालीन इलेक्ट्रिक बस प्लेटफॉर्म स्विच ईआईवी12 - लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बस का अनावरण किया। यह चेसिस-माउंटेड बैटरी वाली भारत की पहली लो-फ्लोर सिटी बस है, जिसमें 400+ kWh से अधिक की स्केलेबल बैटरी क्षमता है।इस वाहन को भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री माननीय श्री नितिन गडकरी द्वारा हिंदुजा ग्रुप कंपनीज (भारत) के अध्यक्ष अशोक पी. हिंदुजा, अन्य गणमान्य व्यक्तियों और उद्योग के नेताओं की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन श्री अशोक पी. हिंदुजा ने इन वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा, ये बसें प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया विजन को समर्पित हैं भारत में बनी, भारत और दुनिया के लिए। स्विच मोबिलिटी अत्याधुनिक तकनीक और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले नए वाहनों को लॉन्च करने के लिए प्रेरित है, केवल इसलिए क्योंकि भारत में मोदी जी जैसे दूरदर्शी और गडकरी जी जैसे कार्यान्वयनकर्ताओं के कारण शानदार सड़क बुनियादी ढांचा विकसित हो रहा है। भारत में इलेक्ट्रिक सिटी बस बाजार 2030 तक 21% की छ्वत्र से बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें EV पैठ 70% होगी। इलेक्ट्रिक सिटी बसों का कुल पार्क 2030 तक 70,000 यूनिट को पार कर जाने की संभावना है।

## वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार का आयोजन

**लखनऊ।** वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं उत्तर प्रदेश राज्य कृषि एवं ग्रामीण निगम लिमिटेड लखनऊ के सौजन्य से एक 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार का आयोजन 13 दिसंबर से 22 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है।

## टेक बी कार्यक्रम के जरिये इंटर के छात्रों के लिये खुलेगी कॅरियर की राह

**लखनऊ।** इण्टरमीडिएट छात्रों को कॅरियर की शुरूआत करने के लिये एससीएल टेक प्रशिक्षण देने के लिये टेक बी कार्यक्रम की घोषणा की है। इस कार्यक्रम के जरिये चयनित छात्रों को एक वर्ष तक प्रशिक्षण देने के बाद एचसीएल में ही न सिर्फ पूर्णकालिक नौकरी दी जायेगी बल्कि प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे बीआईटीएस पिलानी, ट्रिपल आईटी कोट्टायम, एसएएसटीआरए विश्वविद्यालय और एमिटी विश्वविद्यालय ऑनलाइन से पार्ट-टाइम उच्च शिक्षा भी प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के लिये आवेदन आमंत्रित करते हुये एचसीएलटेक के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, सुब्बारमन बालसुब्रमण्यम ने बताया कि टेक बी कार्यक्रम के लिये चयनित उम्मीदवारों को एचसीएलटेक के साथ 12 महीने की प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजरना होता है। उन्हाने बताया कि 2017 से टेक बी कार्यक्रम ने हजारों छात्रों को प्रशिक्षित किया है, उन्हें नौकरी से जुड़ी कौशल और अवसर प्रदान किए हैं ताकि वे प्रमुख वैश्विक ब्रांड्स के लिए परियोजनाओं पर काम करते हुए अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

गणित या व्यवसाय गणित में पृष्ठभूमि रखने वाले छात्र तकनीकी भूमिकाओं के लिए आवेदन करने के योग्य हैं। अब तक के आठ वर्षों में, टेक बी कार्यक्रम के सफल छात्रों ने कंपनी में डिजिटल इंजीनियरिंग, क्लाउड, डेटा साइंस और ए.आई. जैसी भूमिकाओं में काम किया है। एचसीएलटेक ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और भारत की विभिन्न राज्य कौशल विकास निगमों के साथ साझेदारी की है ताकि कम प्रतिनिधित्व वाले पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्रों के लिए समावेशिता और पहुँच सुनिश्चित की जा सके।

# ईस्टमैन ने भारत में सबसे बड़ी इन्वर्टर बैटरी रेंज लॉन्च की

**नई दिल्ली।** पॉवर सॉल्यूशंस के मुख्य प्रदाता, ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने आज अपने इन्वर्टर बैटरी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 170+ स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) के साथ ईस्टमैन ब्रांड के अंतर्गत 100 से ज्यादा और U ADDO ब्रांड के अंतर्गत 70 से ज्यादा नए मॉडल पेश किए। इस विस्तार के साथ ईस्टमैन इन्वर्टर बैटरी बाजार में सबसे बड़ा पोर्टफोलियो पेश करने वाली कंपनी बन गई है, जो पॉवर की हर जरूरत को पूरा करने के लिए समाधान प्रदान कर रही है। इसके विस्तृत पोर्टफोलियो में अब 100Ah से लेकर भारत में पहली बार पेश किए गए 400Ah तक के उत्पाद शामिल हैं। ये उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक और उद्योग जगत के हर प्रयोग के लिए ऊर्जा समाधान प्रदान करेंगे।

ईस्टमैन अपनी पूरी रेंज के लिए उद्योग में अग्रणी वॉरंटी के साथ भारतीय इन्वर्टर बैटरी बाजार में विश्वसनीयता का नया मानक स्थापित कर रहा है। ग्राहकों को 3 महीने से लेकर 240 महीने (20 साल) तक की लंबी वॉरंटी प्रदान करके ईस्टमैन अपने उत्पादों की गुणवत्ता में अटूट विश्वास प्रमाणित कर रहा है।




ईस्टमैन की उच्च क्षमता की प्रीमियम सीरीज़ में इनोवेटिव 400Ah की बैटरी और 250Ah से लेकर 400Ah तक के मॉडल शामिल हैं। यह सीरीज़ विशेषकर उन उपयोगों के लिए बनाई गई है, जिनमें एक मजबूत और विश्वसनीय पॉवर बैकअप की जरूरत होती है। बाजार में भिन्न-भिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए ईस्टमैन ने अपने पोर्टफोलियो को बजट-प्रेमी ग्राहकों के लिए स्मार्ट सीरीज़, किफायत पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए रैगुलर सीरीज़, और सर्वोत्तम परफॉर्मेंस एवं फीचर्स पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए प्रीमियम सीरीज़ में बाँटा है। ये उत्पाद ADDO ब्रांड के अंतर्गत भी

## बंधन म्यूचुअल फंड ने नई ब्रांड फिल्मों के साथ बढ़ते रहो कैम्पेन को अगले स्तर पर पहुंचाया

बंधन म्यूचुअल फंड ने बढ़ते रहो कैम्पेन के अगले चरण की शुरुआत की, जो जीवन के खुशनुमा पलों का जश्न मनाने के शुरुआती फोकस से आगे बढ़ता है। नया अभियान आम लोगों को वर्तमान में साहसपूर्वक जीने के लिए प्रोत्साहित करके एक मजबूत सोच को और आगे ले जाता है यह लोगों से एक दिन, मैं करूंगा से आज, मैं कर सकता हूं की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है यह कैम्पेन दर्शाता है कि कैसे वित्तीय सुरक्षा व्यक्तियों को वर्तमान में सपनों को साकार करने और गलतियों से सीखने में सक्षम बनाती है। ये कैम्पेन इस तथ्य को भी सामने लाता है कि गलतियां विफलता नहीं हैं वे सबक हैं जो ग्रोथ को सुविधाजनक बनाते हैं। नए कन्सेप्ट्स को पेश करने के लिए, बंधन म्यूचुअल फंड ने दो नई ब्रांड फिल्में लन्च कीं- मिस्टेक्स और डीम्स।



श्री विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि जब हमने पिछले साल ष्बढ़ते रहोष् लन्च किया था, तो इसने लोगों को हर पल का जश्न मनाने और छोटी-छोटी चीजों में खुशी खोजने के लिए प्रोत्साहित किया। इस साल, हम इसे एक कदम आगे ले जा रहे हैं। नया अभियान लोगों को वर्तमान में साहसपूर्वक कार्य करने, अपने सपनों को पूरा करने और गलतियों को असफलता के रूप में नहीं बल्कि अधिक ग्रोथ की सीढ़ी के रूप में देखने के लिए प्रेरित करता है। वित्तीय सुरक्षा लोगों को बड़े सपने देखने और बिना किसी हिचकिचाहट के आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देती है।

खुशियों का जश्न मनाने, चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना करने, गलतियों से सीखने और प्रगति को अपनाने के सिद्धांतों पर आधारित, बढ़ते रहो, कैम्पेन लोगों को हर दिन अपने जीवन को समृद्ध बनाने के लिए प्रेरित करता है।

# बालकृष्ण-बोयापति की फिल्म 'अखंडा 2: थांडवम' 25 सितंबर 2025 को होगी रिलीज




अगले साल तेलुगू सुपरस्टार बालकृष्ण की एक्शन फिल्म 'अखंडा 2= थांडवम' भी देश भर में रिलीज होगी। अभिनेता बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने इसकी शूटिंग एक जबरदस्त एक्शन सीन के साथ शुरू कर दी है। एक्शन फिल्म 'अखंडा 2' में पहली फिल्म के मुकाबले ज्यादा धमाकेदार एक्शन दर्शकों को देखने को मिलेगा। सुपरस्टार बालकृष्ण इसमें अपने एक्शन को एक स्तर और ऊपर लेकर जाएंगे। इसके लिए निर्देशक बोयापति श्रीनु हर संभव कोशिश करेंगे। फिल्म में एक्शन की जिम्मेदारी स्टंट मास्टर राम-लक्ष्मण संभाल रहे हैं। एक कमाल के फाइट सीक्वेंस के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू की गई। फिल्म 'अखंड 2' की शूटिंग हैदराबाद के आरएफसी में हो रही है। फिल्म 'अखंडा 2' को 14 रील्स प्लस बैनर तले राम अचंता और गोपीचंद अचंता निर्मित कर रहे हैं। साथ ही फिल्म को एम तेजस्विनी नंदमुरी भी प्रस्तुत कर रही हैं। इस फिल्म के साथ टैलेंटेड टेक्निशियन की टीम भी शामिल है, जिसमें म्यूजिक एस थमन, कोरियोग्राफी सी रामप्रसाद, आर्ट डायरेक्टर एएस प्रकाश जैसे नाम शामिल हैं। फिल्म को 25 सितंबर 2025 को दशहरा के खास मौके पर रिलीज किया जाएगा। दशहरे के दिन छुट्टी होगी तो फिल्म को इस बात का फायदा जरूर होगा।

'अखंडा 2' से पहले भी अभिनेता बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु साथ में काम कर चुके हैं। दोनों ने साथ में मिलकर बेहतरीन और हिट फिल्में दी हैं। 'अखंड 2' साथ में इनकी चौथी फिल्म है। बोयापति ने हमेशा ही अपनी फिल्मों में बालकृष्ण को अलग ही अंदाज में पेश किया है, आने वाली फिल्म में भी वह ऐसा ही करेंगे। फिल्म 'अखंड 2' में बालकृष्ण के अलावा कई और नामी कलाकार भी शामिल हैं। अखंडा 2 पूरे भारत में रिलीज होने के लिए तैयार है, जो बालकृष्ण और बोयापति श्रीनु दोनों के लिए पैन इंडिया स्तर पर पहली फिल्म होगी।

## इक्केंवटिस एंजेल फंड ने लॉन्च किया 500 करोड़ रुपये का निवेश फंड



**भारतीय स्टार्टअप्स के लिए अगले 2 वर्षों में 40-50 कंपनियों में निवेश की योजना**

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी कंपनी, इक्केंवटिस वेल्थ एडवाइजरी सर्विसेज ने आज अपना पहला कैटेगरी I ऑल्टर्नेटिव इन्वेस्टमेंट फंड, इक्केंवटिस एंजेल फंड, लॉन्च करने की घोषणा की है। इस फंड का लक्ष्य अगले 18-24 महीनों में भारतीय स्टार्टअप्स में 500 करोड़ रुपये (60 मिलियन डॉलर) का निवेश करना है। फंड प्री-सीरीज ए और ब्रिज-टू-सीरीज ए राउंड पर फोकस करेगा और 4-10 करोड़ रुपये तक की सीमा में निवेश करेगा। इक्केंवटिस एंजेल फंड भारतीय स्टार्टअप्स के उच्च विकास वाले क्षेत्रों में निवेश करेगा, जिसमें डिफेंस, कंज्यूमर टेक, डीप टेक, लॉजिटेक, फिन टेक और एआई जैसे उद्योग शामिल हैं। इक्केंवटिस के मुताबिक, फंड उन कंपनियों में निवेश करेगा जिनका कुल एड्रेसेबल मार्केट (TAM) 8,000 करोड़ रुपये (1 बिलियन डॉलर) से अधिक हो और जिनकी विकास की गति मजबूत हो। मनीष गोयल, इक्केंवटिस वेल्थ एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, ने कहा, हमारा मिशन पूंजी निर्माण को लोकतांत्रिक बनाना है, और इस फंड के जरिए हम निवेशकों और उद्यमियों दोनों के लिए सतत विकास को बढ़ावा देंगे। यह फंड भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने और भारतीय कारोबारी क्षेत्र में सार्थक योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।÷ अब तक, इक्केंवटिस ने यत्लामवत टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (लॉजिटेक स्टार्टअप) में अपना पहला निवेश किया है और इस तरह के और निवेशों को बढ़ाने की योजना बना रहा है।

## बच्चों के लिए सर्दियों में स्वास्थ्य से संबंधित सावधानियां



**लखनऊ।** भारत में सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है, इसलिए माता-पिता के लिए अपने बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाने के लिए सक्रिय कदम उठाना ज़रूरी हो गया है। ठंड के महीनों में फ्लू, स्ट्रेप थ्रोट और अन्य सामान्य बीमारियों जैसे सांस से संबंधित संक्रमणों में वृद्धि होती है, जिससे छोटे बच्चों को ज्यादा समस्या होती है। चूंकि बच्चों का इम्यून सिस्टम विकसित हो रहा होता है इसलिए उन्हें ठंड में ज्यादा खतरा होता है। कुछ सरल सावधानियों का पालन करके माता-पिता अपने बच्चों को सर्दियों के मौसम में सुरक्षित और स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।

रीजेंसी हेल्थ की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा अग्रवाल ने बताया,÷सर्दियों में बीमारियाँ छोटे बच्चों काफ़ी नुक़सान पहुंचा सकती हैं, लेकिन कुछ उपाय करके और जरूरी आदतों को अपना करके माता-पिता बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं। अपने बच्चे को फ्लू का टीका लगवाना, अच्छी स्वच्छता को बढ़ावा देना और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर कम से कम जाना सुनिश्चित करना ठंड के महीनों में आपके नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्वस्थ रखने के सरल लेकिन असरदार तरीके हैं।

बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है समय पर फ्लू के टीके लगवाना। बाल रोग विशेषज्ञ फ्लू के मौसम के चरम पर पहुंचने से पहले ही बच्चों को टीका लगवाने की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और गंभीर बीमारी होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा ऐसे व्यक्तियों के संपर्क में बहुत कम बच्चों को रखना चाहिए जो बहुत बीमार हो। ऐसा करने से संक्रमण की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकता है। संक्रामक बीमारियों के संपर्क में आने से बचने के लिए माता-पिता को भीड़-भाड़ वाली जगहों, जैसे अस्पताल या सामाजिक समारोहों में अनावश्यक रूप से जाने से बचना चाहिए। घर में स्वस्थ वातावरण बनाना भी बहुत ज्यादा ही महत्वपूर्ण है। घर के अंदर धूम्रपान और सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क से बचना सांस से संबंधित स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए जरूरी होता है। सर्दी के लक्षण वाले बच्चों के लिए सलाइन ड्रॉप्स, नेज़ल एस्पिरेटर या ह्यूमिडिफायर जैसे उपाय करने से परेशानी कम हो सकती है। हालाँकि कमरे को बहुत ज्यादा नमीयुक्त बनाने से बचना भी बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे श्वसन संबंधी समस्याएँ और भी बदतर हो सकती हैं, खासकर अस्थमा से ग्रस्त बच्चों के लिए ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए।

## राजकीय पॉलिटेक्निक के पूर्व एवं वर्तमान छात्रों द्वारा 10 किलोग्राम पेलोड के ड्रोन वायुपुत्र का सफल परीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) के हैंडहोल्ड सपोर्ट और मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय के मार्गदर्शन में राजकीय पॉलिटेक्निक के पूर्व और अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा 10 किलोग्राम पेलोड क्षमता वाले ड्रोन का सफल परीक्षण विकास भवन की पार्किंग में किया गया। इस ड्रोन का उपयोग फसलों पर दवा, कीटनाशक और बूस्टर के छिड़काव में किया जाएगा, जो विशेष रूप से गन्ने की खेती और बागवानी के लिए अत्यंत उपयोगी है। इस ड्रोन की निर्माण लागत लगभग 3.5 लाख रुपये है, जो इस वर्ग के अन्य व्यावसायिक ड्रोनों की तुलना में एक तिहाई है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, देवरिया के केंद्र प्रमुख रोहित सिंह और हिमांशु ने बताया कि इस इकाई का जल्द ही उद्यम पंजीकरण कराया जाएगा, जिससे इस निर्माण का व्यावसायिक लाभ भी मिल सके। पंजीकरण के उपरांत ये छात्र ड्रोन निर्माण, मरम्मत, सिंचाई और निगरानी जैसे कार्य व्यावसायिक रूप से कर सकेंगे। इस निर्माण कार्य में डीके गौतम (प्राचार्य), कृति अस्थाना (विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स), नरेंद्र मोहन मिश्रा (व्याख्याता, इलेक्ट्रॉनिक्स), और सुधीर सिंह (व्याख्याता, इलेक्ट्रॉनिक्स) ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस ड्रोन के सुधार और व्यावसायिक विस्तार में उनका सहयोग निरंतर रहेगा। मौके पर उपस्थित ज्योति प्रकाश जायसवाल (राष्ट्रीय सचिव, इंडियन इंडस्ट्रियल एसोसिएशन), अभिषेक (उद्यमी, बिजलीवाला), और कमलेश मिश्रा (उद्यमी, पॉलीहाउस) ने कहा कि शार्क टैंक की तर्ज पर यहां के उद्यमी इस नवप्रवर्तित उद्योग में सशर्त निवेश करने के लिए तैयार हैं। इस कार्यक्रम में सूरज शुक्ला (जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड), रविशंकर राय (जिला विकास अधिकारी), कुमार गौरव (डीडीएम, एनआरएलएम), गन्ना विकास विभाग और इफ्को के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने छात्रों को अपने विभागों से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की सितंबर 2024 की त्रैमासिक बैठक गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, और माटीकला योजना में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि पर जनपद की सराहना की। साथ ही, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल ऋण वितरण में जनपद की राज्यस्तरीय उत्कृष्टता की भी प्रशंसा की।

बैठक में सभी शासकीय योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यवसाय ऋण, और पीएम स्वनिधि से संबंधित ऋण प्रकरणों को समय पर स्वीकृत और वितरित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, शासकीय योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बैंकों को सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने वित्तीय साक्षरता और समावेशन बढ़ाने के लिए बैंकों को मॉनिटरेबल एक्शन प्लान के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। ऋण-जमानुपात बढ़ाने के लिए अग्रणी जिला अधिकारी ने केसीसी कैंप आयोजित करने का सुझाव दिया। बैठक में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर बल दिया गया। किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वाले सभी किसानों को केसीसी प्रदान करने के निर्देश दिए गए। जनपद की ऋण-जमानुपात स्थिति एवं वार्षिक ऋण योजना की प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गई। सितंबर 2024 को समाप्त वार्षिक छमाही में जनपद ने वार्षिक ऋण योजना के 541069.90 लाख रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 256845.11 लाख रुपये की उपलब्धि प्राप्त की, जो लक्ष्य का मात्र 47.47 प्रतिशत है।

कृषि क्षेत्र में 27.08 प्रतिशत और कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 34.05 प्रतिशत की उपलब्धि असंतोषजनक रही। इस पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त की और सभी बैंकों को लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सितंबर 2024 तिमाही में जनपद का ऋण-जमानुपात रेशियो 41.57 प्रतिशत रहा, जो राज्य के औसत लक्ष्य 59 प्रतिशत से काफी कम है। अधिकांश प्रमुख बैंकों का ऋण-जमानुपात रेशियो 40 प्रतिशत से कम है, जिस पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताई। बैंकों को निर्देश दिया गया कि कृषि, उद्योग, और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण वितरण को बढ़ावा देकर जनपद का ऋण-जमानुपात राज्य के औसत स्तर तक लाया जाए। अंत में, अग्रणी जिला प्रबंधक अरुणेश कुमार ने विधायक प्रतिनिधि, मुख्य राजस्व अधिकारी, और जिला विकास अधिकारी को लक्ष्यों की प्राप्ति का आश्वासन देते हुए सभी अधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर देवरिया सदर विधायक प्रतिनिधि नवीन सिंह, भारतीय रिजर्व बैंक की अग्रणी जिला अधिकारी पल्लवी सोम, उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य, मिशन प्रबंधक (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) अरविंद सिंह, विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला बैंक समन्वयक उपस्थित रहे।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने की कृषि मंत्री से मुलाकात



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष कृष्णमोहन उपाध्याय के नेतृत्व में अपने आम ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं को लेकर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से उनके आवास पर मिला। मंत्री को ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं से अवगत कराया गया। कृषि मंत्री जी द्वारा आश्वस्त किया गया कि जल्द ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आप सभी की समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। इस दौरान प्रेमलता सिंह, रंजीत राव, राहुल आर्य, विनोद सिंह कुशवाहा, सूरज यादव, विनोद राव, सूरज प्रताप, श्री निवास सिंह,रामानंद सिंह, हृदयानंद सिंह सहित ग्राम रोजगार सेवक साथी उपस्थित रहे।

## किसानो के मुआवज़ो के लिए चौदह से होगा धरना

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी व रामजानकी मार्ग भुमी बचाओ संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक सुबह ग्यारह बजे बरहज देवरिया बाई पास पर सुरेन्द्र यादव जी की अध्यक्षता मे हुई। इस दौरान चौदह तारिक से किसानो के मुआवज़े की माँग को लेकर होने वाले धरने को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। इस दौरान सपा नेता विजय रावत व सुरेन्द्र यादव ने किसानो से वार्ता करते हुए कहा की भाजपा की सरकार किसानो के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है और वह किसानो के जमिन का उचित मुआवज़ा नही देना चाहती जब की मुआवज़े की माँग को लेकर पिछले दो सालों से आए दिन शासन व प्रशान को जगाने का काम कर रहे थे लेकिन प्रशासन सुनने को तैयार नही है जिसके वजय से किसानो का हक़ दिलाने के लिए धरने का कार्यक्रम रखा गया है

# खुद को बचने के लिए मास्टर साहब ने कोटेदार को बना दिया बलि का बकरा

### स्पष्टीकरण में प्रधानाध्यापक ने कोटेदार पर बच्चों को बुलाकर राशन ले जाने का लगाया है आरोप



राशन की दुकान पर बैठकर बच्चों से राशन लोड कराते प्रधानाध्यापक

**बोले बीएसए**

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी मिलने पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।



कुशीनगर में परिषदीय स्कूल के बच्चों से राशन ढुलाई का वीडियो वॉयरल

अवधनामा अखबार में वॉयरल वीडियो की प्रकाशित खबर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पिछले दिनों सरकारी स्कूल के बच्चों से राशन ढुलाई मामले में वायरल वीडियो का जवाब खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक को जो रिपोर्ट प्रधानाध्यापक द्वारा सौंपी गई है वह बेहद चौंकाने वाली है। प्रधानाध्यापक ने खुद को बचने के लिए गांव के कोटेदार को बलि का बकरा बना दिया है।

रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि कोटेदार द्वारा ही बच्चों को बुलाकर राशन दिया गया है, जबकि कोटेदार का कहना है कि मास्टर साहब पहले रसोईया को राशन लेने भेजते थे। अब तीन बार से खुद ट्रैक्टर ट्राली लेकर बच्चों के साथ आते है और राशन लोड कराकर ले जाते है। इनका लोकेशन चेक किया जाएगा तो राशन की दुकान पर ही मिलेगा। कुल मिलाकर प्रधानाध्यापक द्वारा शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। बता दें कि पिछले 6 दिसंबर 2024 को संविलियन विद्यायल लंगड़ी क्षेत्र मोतीचक कुशीनगर के बच्चों द्वारा राशन धुलाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हो गया था। वीडियो वॉयरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा गया था। इसका संज्ञान लेकर खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक राजेश कुमार ने प्रधानाध्यापक लंगड़ी सतवंत सिंह से स्पष्टीकरण मांगा था।

**बोले कोटेदार, मास्टर साहब खुद ट्रैक्टर ट्राली लेकर बच्चों के साथ आते है राशन लेने**

स्पष्टीकरण का जो जवाब प्रधानाध्यापक द्वारा दिया गया है वह बेहद चौंकाने वाला है। खुद को बचने के लिए प्रधानाध्यापक ने गांव के ही कोटेदार पर बच्चों को बुलाने का आरोप लगाया है। कोटेदार को फंसाने के लिए मास्टर साहब ने जो लिखित जवाब दिया है उसकी खूब चर्चा हो रही है। साथ ही विभाग की किरकिरी भी हो रही है। क्षेत्र के समाजसेवी राजेश राव सहित तमाम लोगों ने उक्त प्रकरण को त्रिस्तरीय कमेटी गठन कर जिला प्रशासन से जांच की मांग किया है। इस संबंध में कोटेदार से पूछा गया तो कोटेदार प्रतिनिधि प्रद्युम्न कुमार राव ने बताया कि मेरे द्वारा बच्चों को राशन लेने के लिए नहीं बुलाया गया था। मास्टर साहब हमेशा ट्रैक्टर ट्राली लेकर बच्चों के साथ आते है, इन्हीं बच्चों से राशन लोड कराकर ले जाते है। अपने आप को बचने के लिए मुझ पर आरोप लगा रहे है। अगर मास्टर साहब का मोबाइल लोकेशन जांच हो जाए तो असलियत सामने आ जाएगी। खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक राजेश कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि स्पष्टीकरण मिल गया है। स्पष्टीकरण में प्रधानाध्यापक ने कोटेदार पर बच्चों को बुलाकर राशन ले जाने की बात कही गई है, किसी शिक्षक की नहीं।

## घरेलू विवाद में ससुर ने बहू को मारा चाकू, हालत गंभीर

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के मिश्रौली गांव में बुधवार की रात ससुर से अपनी बहू को चाकू से वार कर घायल कर दिया। घायल का इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज चल रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि थाना कोतवाली पडरौना के ग्राम मिश्रौली में शमसुद्दीन पुत्र चिरकल्ली ग्राम मिश्रौली ने अपनी सबसे छोटी बहु शकीना को घरेलू विवाद में चाकू से हमला कर दिया है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल अवस्था में शकीना को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल रविन्द्र नगर भेजवाया गया जहां से चिकित्सकों द्वारा उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर किया गया जहां ईलाज चल रहा है। आरोपी शमसुद्दीन को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध पुलिस क्षेत्राधिकारी पडरौना ने बताया कि उक्त प्रकरण में पुलिस आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधि कार्रवाई की जा रही है।

# खराब प्रगति वाले अधिवक्ताओं को डीएम ने सुधार लाने का दिया निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में अभियोजन/ई- प्रॉसिक्यूशन पोर्टल पर की गई फीडिंग कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई। बैठक दौरान विगत माह के अंतर्गत विभिन्न न्यायालयों में निस्तारित होने वाले मामलों की समीक्षा एक-एक कर की गई, तथा खराब प्रगति वाले अधिवक्ताओं को अपेक्षित सुधार लाए जाने सहित शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में तीव्र गति से लंबित पत्रावलियों में पैरवी करने के निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त महिलाओं से संबंधित अपराध/गैंगस्टर सहित संवेदनशील मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा दौरान विगत माह में कुल विभिन्न अधिनियमों अंतर्गत 376 मामलों में निर्णय लिया गया, 330 को सजा दिलाई गई, 15 को रिहा किया गया। लंबित मामलों के संदर्भ में द्वारा बताया गया कि अधीनस्थ न्यायालय अंतर्गत भादवि के 32142 मामले, अन्य अधिनियम के 14074 मामले। इसी प्रकार सत्र न्यायालय अभियोजन, सत्र न्यायालय डीजीसी/एडीजी के कुल लंबित मामलों की जानकारी दी गई। ई-प्रॉसिक्यूशन की फीडिंग अभियोजनवार बताई गई जिसके अंतर्गत माह नवंबर के अंत तक कुल 2760 मामले पोर्टल पर फीड किए जाने की जानकारी जेडी द्वारा दी गई। इसके अतिरिक्त आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, पीएफ एक्ट, ईसी एक्ट, के अंतर्गत अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया तथा गवाहों के संदर्भ में भी जानकारी ली गई।

# नगर पंचायत तरकुलवा भवन का मंत्री ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**तरकुलवा देवरिया।** जनपद के स्थानीय नगर पंचायत तरकुलवा में नगर पंचायत भवन का शिलान्यास कृषि मंत्री के द्वारा किया गया था। भवन का उद्घाटन का कार्य भी उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व पूर्व सांसद देवरिया रमापति राम त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत तरकुलवा के 15 वार्डों के वार्ड सभासद भी उपस्थित थे।

उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत तरकुलवा में आने वाले निहायत गरीब मजमून लोगों को कंबल वितरण कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद देवरिया रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि देश प्रदेश के साथ विश्व में अपनी ख्यात भारतीय जनता पार्टी बना चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी को पूरा विश्व अब विश्वगुरु मान रहा है एक ओर अपने प्रदेश में योगी सरकार की एक-एक योजनाएं हर नागरिक तक पहुंच रहा है। वहीं पर सभा को संबोधन में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सरकार की उपलब्धियां को जम करके गिनाया।

सभा के अन्य संबोधन के रूप में डॉ जितेंद्र प्रताप राव,जिला महामंत्री रविंद्र किशोर कौशल,अंबुज शाही, जीवन पति त्रिपाठी राजु भारती,राजेश सिंह सेंगर,आदि ने भी मंच को संबोधित किया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों के स्वागत गान प्रस्तुत करने का कार्य बसंतपुर घुसी इंटर कॉलेज की छात्राओं के द्वारा किया गया।

उक्त के क्रम में सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र देते हुए माला पहना करके नगर अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा ने सबका स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी नाथ सिंह के द्वारा किया गया। मुख्य आगंतुकों के रूप में तहसीलदार देवरिया,विकासखंड तरकुलवा ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता, विकासखंड अधिकारी अरुण कुमार पांडेय, दुष्यंत राव, ग्राम प्रधान मठिया महाबल सत्येंद्र गुप्ता,रामनगर ग्राम प्रधान ओंकार राव,सत्यम अंकित राव, राधेश्याम गुप्ता, रणजीत सिंह, मनोज यादव, मण्डल महा मंत्री धीरज मिश्रा, अभिषेक पासवान जय सिंह के साथ अनेकों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में सबके आगमन पर नगर अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा के द्वारा सबके आगमन पर उन्होंने बधाई और अभिनंदन का संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यम अंकित राव के द्वारा किया गया। सह संचालक अवधेश सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की देखरेख नगर पंचायत अभियंता स्वयं कर रहे थे।

# लाओस व कंबोडिया भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



घटना का खुलासा करते एडिशनल एसपी

**कुशीनगर।** भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर लाओस, कम्बोडिया जैसे देशों में भेजने के नाम धोखाधड़ी कर साइबर क्राइम करवाने वाले गैंग के तीन सदस्यों को तराया सुजान पुलिस ने स्वाट व साइबर थाने की मदद से गिरफ्तार किया है। पुलिस इन अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद किया है।

घटना का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि नन्दन पाण्डेय पुत्र भृगुनाथ पाण्डेय निवासी सलेमगढ़ थाना तरया सुजान के द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था कि अभिषेक कुमार पाण्डेय पुत्र नगनरायण पाण्डेय निवासी तरया कारीशाही थाना तरया सुजान व उनके साथियों राहुल राय पुत्र हरिकेश राय निवासी बंजारी थाना गोपालगंज जिला गोपालगंज बिहार व चुसमन शाह पुत्र दिनानाथ शाह निवासी कपरपुर थाना उचकागांव जनपद गोपालगंज बिहार द्वार विदेश भेजने के नाम पर रुपए लेकर ठगी व धोखा किया किया गया है। इस सूचना पर घटना का संज्ञान लेते हुए थाना तरया सुजान पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। आज गुरुवार को थाना तरया सुजान, स्वाट व साइबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र तरया सुजान से विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले नामजद व वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों के पास से 26 अदद फर्जी मुहरे, 08 पासपोर्ट भिन्न-भिन्न नामो से, दो लैपटाप, एक की बोर्ड, एक चार्जर, एक आधार कार्ड, 05 एटीएम कार्ड, 72 अदद फर्जी प्रपत्र, 03 मोबाइल भिन्न भिन्न कम्पनियों के साथ नगदी बरामद किया गया है।

**अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद**

## पेंशनर दिवस का आयोजन 17 को

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण की कार्यवाही किए जाने हेतु कोषागार परिसर में 17 दिसंबर 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से पेंशन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पेंशनर स्वयं उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करा सकतें हैं।

## पानी परात को हांथ छुयो नहिं .....

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के मित्रता की मिसाल दुनिया मे आज भी दी जाती है। यह प्रसंग कथा वाचक ने बड़े मार्मिक ढंग से वर्णित किया। विकास खण्ड संग्रामपुर के कसारा गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा में गुरुवार को कथा व्यास आचार्य देवव्रत महाराज ने बताया कि संदीपनि मुनि के आश्रम में श्री कृष्ण और सुदामा ने शिक्षा ग्रहण की थी दोनों बालसखा थे। कालांतर में श्री कृष्ण द्वारिकाधीश बने और सुदामा गरीब ब्राह्मण हुए।पत्नी सुशीला के हठ पर सुदामा अपने मित्र से मिलने द्वारिका पहुंचे। जहां नगर वासियों के तमाम तिरस्कार को दरकिनार कर सुदामा ने श्रीकृष्ण से मिलने का निश्चय किया। समाचार पाकर द्वारिकाधीश का विह्वल होकर अपने मित्र से मिलने नंगे पैर दौड़ पड़े। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के मिलन का वर्णन करते हुए बताया कि पानी परात को हाथ छुयो नहि नैनन के जल से पगु धोयो। देखि सुदामा की दीन दशा करुणा करके करुणानिधि रोए। कहा कि आज समाज में मित्रता स्वार्थ के बस हो रही है। कथावाचक ने यदु दत्तात्रेय संवाद गुरु से अधिक शिष्य का महत्व भगवान के 16108 विवाह प्रसंगों का वर्णन करते हुए परीक्षित के मोक्ष की कथा विस्तार से वर्णन किया।कहा कि आधुनिकता के चकाचौंध में बढ़ती विषमता का एकमात्र समाधान श्रीमद्भागवत महापुराण में ही मिल सकता है। मानव जन्म प्रभु की कृपा से निमित्त वश होता है।



## जिमनास्टिक प्रतियोगिता के लिए चयन आज

**अमेठी।** उपक्रीड़ाधिकारी मो मुशर्रफ खां ने बताया कि वर्ष 2024-25 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष महिला जिमनास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए जिला स्तरीय 13 दिसंबर 2024 को एवं मंडल स्तरीय चयन प्रतियोगिता 14 दिसंबर 2024 को अयोध्या में आयोजित की जाएगी तथा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता क्षेत्रीय खेल कार्यालय प्रयागराज में 16 व 17 दिसंबर 2024 को आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर चयन ट्रायल्स 13 दिसंबर 2024 को अपराह्न 3 बजे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित होगा।

# भगवान बुद्ध की धरती पर जिस्मफरोशी का धंधा, बुलाई जाती है कॉलगर्ल

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर के होटलों में लगती है नाबालिग लड़कियों की बोली**

**छापेमारी के बाद भी नहीं बंद हो रहा जिस्मफरोशी का धंधा**

**कुशीनगर।** सूबे की योगी सरकार और उनकी सरकारी मशीनरी जहा भगवान बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली को अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए भागीरथ प्रयास कर रही है वही यहां के कुछ मनबढ लोग देह व्यापार के अनैतिक कारोबार को बढावा देकर कुशीनगर के नाम को कलंकित करने मे जुटे हुए है।

चर्चा-ए-सरेआम है कि गंदा है पर धंधा है के तर्ज पर हाइवे के किनारे संचालित रेस्टोरेंट व होटल देह व्यापार के अवैध कारोबार का मुख्य केंद्र बना हुआ है। ऐसा नही है कि प्रशासन समाज को दूषित करने वाले इस अवैध कारोबार को संचालित करने वाले कारोबारियों से अनभिज्ञ है बल्कि कहने वाले कहते है कि इस धंधा में लिप्त कारोबारी यहां के स्थानीय प्रशासन के संरक्षण में ही डंका की चोट पर जिस्मफरोशी के कारोबार चार चांद लगा रहे है राष्ट्रीय राजमार्ग 28 के किनारे बसा कुशीनगर व कसया क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में छोटे बड़े होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालित होता है जहां पुलिसिया संरक्षण मे बेखौफ जिस्मफरोशी का अवैध कारोबार फलफूल रहा है। ऐसी चर्चा है कि हाइवे के किनारे हिरनहापुर से गोपालगढ़ के बीच संचालित हो रहे रेस्टोरेंट व होटलों मे नाबालिग लडकियों की बोली लगती है और यह सब कुछ यहां के होटल व रेस्टोरेंट मालिको द्वारा किया जाता है। कहना न होगा कि होटल, ढाबा व रेस्टोरेंटो में चल रहे इस अवैध कारोबार को पूर्व में यहां के पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी कर देह व्यापार के अवैध धंधे का पर्दाफाश किया जाता रहा है। जानकार बताते है कि समय समय पर इन होटलों व ढाबों पर छापेमारी करना पुलिस प्रशासन के कार्यवाही का एक सुनियोजित हिस्सा होता है। ताकि खाकी और धंधेबाजों की यारी सार्वजनिक तौर पर चर्चा का विषय न बने। यही वजह है कि इन अवैध कारोबारियों के अवैध कारोबार पर जब भी पुलिसिया कार्रवाई का डंडा चलता है तो दो-चार दिन तक हड़कंप मचा रहता है। फिर उसके बाद गंदा है पर धंधा के तर्ज पर नाबालिग लड़कियों के बोली के साथ जिस्मफरोशी का धंधा ऐसे शुरू हो जाता है जैसे यह धंधा कभी बंद ही न हुआ हो। यही कारण है कि होटल व्यवसाय की आड़ में देह व्यापार का सिलसिला रुकने के बजाय दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है।

### बिहार और नेपाल से भी बुलाई जाती है कॉलगर्ल

होटल व ढाबा व्यवसाय से जुड़े जानकर बताते है कि ग्राहकों के डिमांड के अनुसार इस धंधे मे पड़ोसी राज्य बिहार व नेपाल से भी लड़कियां बुलाई जाती है। नाबालिग व कम उम्र की लडकियां ग्राहकों की पहली पसंद होती है बाहर से आने वाले लोग इन लड़कियों पर लाखों रुपए लूटाने से भी परहेज नही करते है। इस धंधे का ट्रेंड भी बदल गया है। सूत्रों की मानें तो इस धंधे से जुडे ग्राहक मोबाइल मैसेज व कोडवर्ड का इस्तेमाल भी करते हैं, जैसे छोटी मछली, मछली मछली, चलहवा आदि नाम लिए जाते है ताकि किसी को शक न हो।

### पेशेवर लड़कियों को मिलती है तरजीह

होटलों में जिस्म देह व्यापार के इस धंधे मे होटल व रेस्टोरेंट मालिक स्थानीय पेशेवर महिलाओं व लड़कियों को ज्यादा तरजीह देते है। वजह यह है कि ग्राहक के डिमांड पर कम समय में यह महिलाए और लडकिया होटल में उपलब्ध हो जाती है। जिसका ज्यादा मुनाफा होटल मालिक को मिलता है। इसके साथ ही इन्हें घर वापस भेजने के लिए होटल प्रबंधक को कोई इंतजाम नही करना पड़ता है।

अवधनामा



# पीएम मोदी के सपने को देश के नौनिहाल करेंगे साकार : राज्यपाल

**देश को सबल राष्ट्र बनाने में हर नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका**



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** गुरुवार की शाम सुल्तानपुर जिला मुख्यालय पहुंचे असम व मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य का भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में स्थानीय निवासियों व भाजपाइयों ने असरोगा टोल प्लाजा पर जोरदार अगवानी व स्वागत किया।मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के निदेशक भाजपा नेता सुशील त्रिपाठी के आग्रह पर उनके स्कूल परिसर पहुंचने पर लक्ष्मण आचार्य का बच्चों ने बैंड के स्वागत किया। बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई। इसके बाद बच्चों व शिक्षकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि,देश के नौनिहाल पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे। देश ने गत दस वर्षो में उत्तरोत्तर प्रगति की है। शिक्षकों ने भी देश की संस्कृति और सभ्यता से शिक्षा को जोड़कर निरन्तर स्वावलंबी भारत बनाने के लिये प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। संभ्रांत जनों से संवाद करते हुए असम गवर्नर लक्ष्मण आचार्य ने कहा मौजूदा समय में देश के प्रबुद्ध नागरिकों पर बड़ा दारोमदार है। हमारा भारत देश सबल विकसित और समर्थ राष्ट्र बनने की ओर है। प्रत्येक नागरिक इसमें अपनी महती भूमिका निभाएं। अधिकार के साथ कर्तव्य का भी महत्व है।इसके पहले राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य के अमहट स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल पहुंचने पर डीएम कृतिका ज्योत्सना ने पूरे शासकीय सम्मान के साथ उन्हें सलामी पेश की। स्कूल अध्यक्ष ममता त्रिपाठी, निदेशक सुशील त्रिपाठी ने राज्यपाल का स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, राजेश गौतम, रामचन्द्र मिश्रा,गिरीश नारायन सिंह, डॉ सीताशरण त्रिपाठी, ऋषिकेश ओझा, जगजीत सिंह छंगू, विजय सिंह रघुवंशी, वेद प्रकाश सिंह, प्रवीन कुमार अग्रवाल,ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी, राजेन्द्र वर्मा, श्रवण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**टूंडला।** श्री दीप सिंह इंटर कॉलेज राजावली के स्वयं सेवकों नुनैर गढी में गांव के आसपास शिविर लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया शिविर का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष नगला बीच विनोद पाल सिंह ने किया कॉलेज के प्रधानाचार्य गिरीश शर्मा अध्यक्ष मुनेश पाल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कातिकी रविकांत ने बताया कि एनएसएस एक ऐसी संस्था है जो समाज को जीने की राह दिखाता है यह संगठन समाज सेवा के जितने काम करता है,उससे हम सभी को यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि समाज हित में और देश में हम सभी को कार्य करने चाहिए उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों ने जिस प्रकार से ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया है उसे हम सबको सीख लेनी चाहिए कि यदि हम अपने आसपास सफाई रखेंगे स्वच्छता का वातावरण तैयार करेंगे तो तमाम बीमारी हमारे पास भी नहीं फटक पाएंगीं इसलिए आज हम सब प्रण लें कि स्वच्छता को लेकर किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं करेंगे और लोगों को इसके प्रति जागरूक भी करेंगे स्वयं सेवकों गांव में सफाई अभियान चलाया ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया।

# जिलाधिकारी ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहॅुचाये जाने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम डिपो (रोडवेज़ बस स्टैण्ड), महर्षि बालार्क चिकित्सालय एवं रेलवे स्टेशन पर स्थापित किये गये रैन बसेरों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बुधवार को देर रात्रि औचक निरीक्षण किया। रोड़वेज़ पर स्थावित रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर किये जाने तथा महिला कक्ष हेतु महिला सुरक्षा कर्मी की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन पर स्थापित रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि इंसुलेशन के दृष्टिगत गद्दों के नीचे पुआल बिछ्वा दें तथा उपयुक्त स्थान पर रैन बसेरे से सम्बन्धित बोर्ड भी स्थापित करा दिया जाय। रेलवे स्टेशन के पश्चात डीएम ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय में स्थापित रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव व नायब तहसीलदार सुरेन्द्र प्रसाद यादव मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएमओ के भ्रष्टाचार की जांच के दिए आदेश

**सुल्तानपुर।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सुल्तानपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओम प्रकाश चौधरी समेत सहयोगी डॉक्टरों के भ्रष्टाचार की जांच के आदेश दिए हैं। मंडलीय अपर निदेशक चिकित्सा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से जांच आख्या मांगी गई है। उक्त के ऊपर झोलाछाप डॉक्टरों को संरक्षण देकर प्रतिमाह लाखों रुपए का अवैध कारोबार करने का आरोप है। जनपद के दर्जन भर से अधिक गैर पंजीकृत हॉस्पिटलों में इलाज चल रहा है। अधिकारियों की लापरवाही एवं धन उगाही के चलते नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। लंबी शिकायतों के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओपी चौधरी के कारनामों की पोल खुल गई है। मामला सुल्तानपुर में तैनात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओपी चौधरी के भ्रष्टाचार से जुड़ा बताया जा रहा है।

### तीन को नोटिस हुई जारी

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र के धनपतगंज विकास खंड के टीकरगांव में कागजों में तालाब खोदवाने के मामले में जद में आए तीन आरोपियों पर कार्रवाई का खतरा मंडराने लगा है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम के निर्देश पर उपायुक्त मनरेगा ने आरोपियों को नोटिस जारी किया है।गांव के राजेश सिंह ने ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव समेत अन्य मनरेगा कर्मियों पर गांव में फर्जी तालाब की खोदाई दर्शाकर 2.41 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। तत्कालीन एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह ने अपनी रिपोर्ट भेज दी लेकिन उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। दोबारा शिकायत पहुंचने पर मंडलायुक्त ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने डीएम को पत्र भेजकर आरोपियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपायुक्त मनरेगा के.डी गोस्वामी ने आरोपी ग्राम प्रधान,तत्कालीन पंचायत सचिव और मनरेगा के तकनीकी सहायक को नोटिस जारी किया है। उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी ने बताया कि नोटिस का सही जवाब नहीं मिलने पर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्लम्बर मिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**सुल्तानपुर।** संग्दिध परिस्थितियों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति/प्लम्बर मिस्त्री की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम हाउस के लिए भेज दिया। कोतवाली देहात क्षेत्र के खोरेपुर गांव का मामला बताया जा रहा है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह बोले-लखनऊ ले जाते रास्ते में उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### तैयारियां हुई पूरी, पांच दिवसीय मजलिस हुई शुरू

**सुल्तानपुर।** बंधुआकलां थाना क्षेत्र के मनियारपुर रौजा ए जनाब सकीना (स.) में कमेटी खादिमाने अबुल फज्ल की जानिब से पांच दिवसीय मजलिस का आयोजन किया गया है। मजलिस 12 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक होगी। मजलिस 7 बजे शुरू होगी। मजलिस में देश व प्रदेश के कई उलमाए कराम तसरीफ ला रहे हैं। पहली मजलिस मौलाना इंतेज़ाम हैदर लखनऊ दूसरी मजलिस मौलाना हाफ़िज़ सैयद मोहम्मद रज़ा रिज़वी दिल्ली दिसरी मजलिस मौलाना शाहिद रज़ा रिज़वी मुंबई चौथी मजलिस मौलाना वसी असगर पाशा पांचवीं मजलिस मौलाना आजम मेहदी खेताब करेंगे। मजलिस में सोज़ख्वानी जीशान हैदर करेंगे। मजलिस में निजामत (संचालन) लकाउल हसन करेंगे। पेशख्वानी शोएब अब्बास, जरगाम हैदर, नावेद फैसल, मौलाना फकीह, शहवार आदि करेंगे। मजलिस में नौहाख्वान क़माल मेहदी उत्तराखंड, शादाब गदीरी मुजफ्फरनगर और अंजुमन हैदरिया मनियारपुर नौहाख्वानी करेंगे। कमेटी आप भी से शिरकत की गुज़ारिश करतीं हैं। ये जानकारी कमेटी खादिमाने अबुल फज्ल के सदस्य फज़ल रिज़वी फैज़ ने दी।

### राम सिंह कॉलेज में दिया गया राइफल चलाने का प्रशिक्षण

**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर में फायरिंग कैंप के दूसरे दिन टूंडला क्षेत्र के चार कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया शिविर में एनसीआर कॉलेज टूंडला के आरबी इंटर कॉलेज कोटकी लीलावती इंटर कॉलेज कोटकी आरआर एम इंटर कॉलेज बछगांव को शामिल किया गया शिविर में छात्रों को राइफल चलाने के साथ-साथ फायरिंग करने का भी प्रशिक्षण दिया गया इस मौके पर राम सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.डीपी सिंह ने कहा के शिविर में जिस प्रकार से छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है उससे ये सभी भविष्य के एक अच्छे सैनिक बन सकते हैं यदि देश को अतिरिक्त सैनिकों की कभी जरूरत पड़ेगी तो ये इसके लिए सबसे अच्छा विकल्प सिद्ध होंगे उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद व् ज्ञापित किया।

## थानों का किया सौन्दर्यकरण

**फिरोजाबाद।** पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थिति में थाना दक्षिण नालबन्द पुलिस चौकी का सौन्दर्यकरण कराकर लोकार्पण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक दक्षिण व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## फिजियोथेरेपी सेन्टर उद्घाटन

**फिरोजाबाद।** पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन फिरोजाबाद में अत्याधुनिक नवनिर्मित फिजियोथेरेपी सेन्टर का फीटा काटकर उद्घाटन किया गया है, फिजियोथेरेपी सेन्टर 50 वर्ष से अधिक उम्र वाले पुलिस कर्मियों के जोड़ो के दर्द की शिकायत की सुविधा के लिए एवं उनके परिवारीजनों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा, पुलिस कर्मियों, उनके परिवारों व पुलिस के खिलाडियों की सुविधा के लिए खोला गया फिजियोथेरेपी सेन्टर, फिजियोथेरेपी सेन्टर में आधुनिक थेरेपी मशीनों स्थापित की गयी है।

## रिजर्व पुलिस लाइन फिरोजाबाद बडा खाना आयोजन

**फिरोजाबाद।** पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा जिलाधिकारी फिरोजाबाद व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन फिरोजाबाद में बडे भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण समस्त क्षेत्राधिकारी तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। पुलिस लाइन में बड़ा खाना आयोजन, पुलिस विभाग की एक परंपरा है। इस परंपरा के तहत, पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। इस परंपरा का मकसद यह बताना है कि पुलिस विभाग में हर पुलिसकर्मी का काम समान रूप से महत्वपूर्ण होता है।

## दोषी को डेढ़ वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

**फिरोजाबाद।** डीजीपी उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल फिरोजाबाद द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना बसई मौहम्मदपुर पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त पप्पू को न्यायालय द्वारा दोषी पाते हुए 01 वर्ष 06 माह का कारावास एवं 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। थाना बसई मौम्मदपुर के मु0अ0सं0 172/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त पप्पू पुत्र विजय सिंह निवासी सोफीपुर थाना बसई मौम्मदपुर को न्यायालय एफ्टीसी-01 द्वारा दोषी पाते हुए 1 वर्ष 06 माह का कारावास एवं 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अभियुक्त को सजा दिलाने में अभियोजक प्रदीप कुमार चौहान एवं कोर्ट पैरोकार है0 का0 अकबर खां का विशेष योगदान रहा।

## केन्द्रिय विद्यालय हजरतपुर के विद्यार्थियों के साथ वन दर्शन कार्यशाला

**शिकोहाबाद।** पर्यावरण मित्र ने तीन दिवसीय जैविक वन दर्शन का आयोजन किया। जिसमें केन्द्रिय विद्यालय हजरतपुर के कक्षा 3, 4 व 5 के कुल 300 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें विद्यार्थियों ने केचुए से बनाई जाने वाली खादी,वेस्ट सामग्री से बनाई जाने वाली खाद व नाड़ेप पिट का अध्ययन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मिश्रित वनों में जाकर वनों की महिमा को समझा। इस अवसर शब्दम् अध्यक्ष किरण बजाज ने अपने संदेश में कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में विद्यार्थियों की शिक्षा,वनों में बने गुरूकुलों में प्रकृति के मध्य व्यवहारिक और प्रमाणिक हुआ करती थी। वह स्वतः ही पर्यावरण के प्रति सचेत होकर अपने ज्ञान को अर्जित करते थे। इसके उनको बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम और उसकी रक्षा, करना भी सीख जाया करते थे। पर्याववरण और वन दर्शन का उद्देश्य का उद्देश्य भावी और वर्तमान पीढ़ी को हवा, पानी, भूमि, ध्वनि और जंगल के महत्व को बताना, समझाना और सचेत करना है। केन्द्रिय विद्यालय से देवेन्द्र सिंह,शैलेन्द्र प्रताप सिंह, साधाना त्रिपाठी, आकांक्षा पांडे, विश्व प्रकाश, सुमैया, लोकेश, सागर कुलश्रेष्ठ, सलमा, आलोक तिवारी, कनिष्क वाजपेयी, प्रतीक्षा आदि शिक्षकों ने भी प्रतिभाग किया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** बुधवार को देर शाम चकबन्दी कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि आने वाले समय में ग्रामों का कार्य मानक कार्यगुजारी के अनुसार करते हुए लक्षित समय में कार्य पूर्ण करायें तथा चकबन्दी न्यायालयों में लम्बित वादों में 5 वर्ष पुराने वादों/अपील/निगरानी का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरुप प्राथमिकता के आधार पर करें। कब्ज़ा परिवर्तन से सम्बन्धित प्रकरणों के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित अधिकारी स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर भौतिक रूप से कब्ज़ा परिवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

बैठक के दौरान बताया गया कि जनपद में कुल 11 ग्राम चकबन्दी प्रकिया के अन्तर्गत हैं। ग्राम इमिलियागंज, बेलामकन, मनिकापुरकला उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश/विचाराधीन रिट से प्रभावित होने के कारण चकबन्दी कार्य बाधित है। तहसील कैसरगंज के अन्तर्गत ग्राम मीरपुरकोनिया में धारा 8 के स्तर पर पड़ताल कार्य चल रहा तथा ग्राम मंझारातौकली में धारा 9 के स्तर पर जोत चकबन्दी आकार पत्र 5 की तैयारी का कार्य किया जा रहा है। तहसील महसी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बभनौटी शहर उर्फ गोलागंज, मैकूपुरवा धारा 10 के स्तर पर है. धारा 9 के अन्तर्गत वादों का निस्तारण किया जा रहा है।

इसी प्रकार तहसील पयागपुर के अन्तर्गत ग्राम लक्खारामपुर धारा 10 के स्तर पर है, वादों का निस्तारण किया जा रहा है। ग्राम उधरानाठकुराइन धारा 20 के स्तर का है, जिसमें जोत चकबन्दी आकार पत्र 23 भाग (1) की तैयार की जा रही है, ग्राम गांगूदेवर कब्जा परिवर्तन स्तर का है, जिसका कब्जा परिवर्तन नियत समय माह अप्रैल से जुलाई के बीच में किया जायेगा, ग्राम राजापुरगिरन्ट धारा 27 के स्तर पर है, जिसमें जोत चकबन्दी आकार पत्र 41 की तैयारी की जा रही है।

बैठक का संचालन बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सुखेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी/उप संचालाक चकबन्दी देवेन्द्र पाल सिंह, चकबन्दी अधिकारी श्री नकवी, मसूदुल हसन, अशोक कुमार सिंह व रामसजीवन, सहायक चकबन्दी अधिकारी राजेश कुमार सोनी, कौशल कुमार श्रीवास्तव व गया प्रसाद सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने कुड़वार थाने का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण



**कुड़वार,सुल्तानपुर।** स्थानीय कुड़वार थाना का अर्धवार्षिक निरीक्षण बुधवार को नगर क्षेत्रधिकारी (सीओ सिटी) प्रशांत सिंह ने किया। निरीक्षण के दौरान थाने की साफ सफाई,अपराधिक रजिस्टर,कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रों तथा उनके रख रखाव को देखा। साथ ही थाना परिसर में बन रहा नवनिर्मित आवास का भी निरीक्षण करने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा से अपराधिक मुकदमों सहित सभी बिंदुओं पर चर्चा की। वहीं साथ ही निरीक्षक यदुवीर सिंह, उप-निरीक्षक बलिराम यादव,उप-निरीक्षक दिनेश कुमार,उप-निरीक्षक सत्येंद्र सिंह,उप-निरीक्षक मुक्ताबुद्दीन,मुख्य आरक्षी (दीवान)अवधेश यादव को दिशा-निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी नगर प्रशांत सिंह ने बताया कि कुड़वार थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में सब कुछ ठीक ठाक मिला। थोड़ी बहुत जो कमियां हैं, इसके लिए थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा को दिशा-निर्देश दे दिया गया है,जिससे दुरुस्त हो सके।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 17 दिसम्बर को

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 17 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए सदस्य सचिव ने बताया कि पूर्व में यह बैठक 10 दिसम्बर 2024 को होना प्रस्तावित थी, परन्तु अपरिहार्य कारणों से बैठक स्थगित हो गई थी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जनपद में स्वास्थ्य की दृष्टि से संचालित संस्थानों और निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान वह सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज गए, जहां उन्होंने प्राचार्य मेडिकल कॉलेज को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण संस्थान का साईनेज जगह-जगह बने होने चाहिए जो स्पष्ट हो और लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकें, साथ ही वह मेडिकल कॉलेज में व्याप्त गंदगी को देखकर अत्यंत नाराज दिखे, उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि यहां साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था कराये,जिससे मेडिकल कॉलेज का प्रांगण बेहतर और स्वस्थ्य बन सके। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज का निर्माण चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा पद्धति को बेहतर बनाने के लिए हुआ है, इसलिए जरूरी है यह मेडिकल कॉलेज अपने ही उद्देश्यों को पूरा करें। इसके पश्चात जिलाधिकारी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रांगण में बन रहे नर्सिंग कॉलेज और हॉस्टल के निर्माण को देखने गए जहां उन्हें अवगत कराया गया की 15 मार्च 2024 को शुरू हुआ 14 जून 2025 तक पूरा होना है, परंतु जिलाधिकारी के निरीक्षण के उपरांत ज्ञात हुआ कि अभी यहां कार्य केवल 30 प्रतिशत हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि आर0के0 कंपनी जो इसका निर्माण कर रही है, 'विलंब कार्य करने पर दो प्रतिशत पेनल्टी भी लगाई जाए', जिलाधिकारी इस बात पर भी नाराज हुए कि यहां पर इस महत्वपूर्ण परियोजना में केवल 22 मजदूर लगे हैं उन्होंने कहा कि मजदूरों की संख्या बढ़ाए अन्यथा कठोरतम कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि अब से यहां पर संचालित कार्यो का विवरण हर सप्ताह उपलब्ध कराये, जिससे यहां चल रहे कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 100 बेडेड क्रिटिकल हॉस्पिटल का निर्माण कार्य देखने गए। उन्हें बताया गया कि इस भवन में भू-तल, प्रथम तल व द्वितीय तल एवं तृतीय तल का निर्माण कार्य हो रहा है, मैसर्स इको ग्रीन वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड इसकी कार्यदाई संस्था है, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि भवन की फूटिंग का कार्य पूर्ण एवं प्लिंथ बीम का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, अवशेष कार्य प्रगति पर है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों की समस्याओं का होगा सर्वोच्च प्राथमिकता पर निदान : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**भूत-पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं, आश्रितों हेतु केन्द्र-प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ बिना किसी असुविधा के मिले : अंजनी कुमार**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सैनिक बन्धु की बैठक में भूत-पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों की समस्याएं सुनने के दौरान कहा कि सेना से सेवानिवृत्त होकर आने वाले सैनिकों की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता पर सभी विभागों में समाधान हो, उन्हें मिलने वाली सुविधाएं समय से मिले इसके बेहतर प्रबंध होंगे।

उन्होने सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी प्रत्येक समस्या का सर्वोच्च प्राथमिकता पर निदान होगा, उनके द्वारा जो भी प्रार्थना पत्र दिए जाएंगे, उन्हें प्राथमिकता पर निस्तारित कराया जाएगा। उन्होने भूत-पूर्व सैनिकों से सीधे संवाद करते हुए कहा यदि किसी भी भूत-पूर्व सैनिक, उनके आश्रितों, विधवाओं को कोई भी समस्या हो तो किसी भी कार्य दिवस में कलेक्ट्रेट आकर उनके संज्ञान में लाएं, उनकी समस्याओं का निदान प्राथमिकता पर कराया जायेगा।

आयोजित सैनिक बन्धु की बैठक में भूत-पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं द्वारा 03 शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किये, मु. कोट बेवर नि. अरूण कुमार ने गाटा संख्या-1186 पर दबंगों द्वारा अनाधिकृत कब्जा करने व नाजायज रूप से परेशान करने, देवी रोड शीतला नगर नई बस्ती नि. कालिका प्रसाद ने पुत्र-वधु द्वारा घरेलू उत्पीड़न एवं गृहक्लेश कर धमकाने, नगला भूपति कुसमरा नि. मालती देवी ने पेतृक भूमि पर परिजनों द्वारा अनाधिकृत कब्जा करने की शिकायत अपने प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिस पर उन्होने पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारण होगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर हयात उल्ला द्वारा केन्द्र, राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान ले. कर्नल सुरेश चंद्र यादव, नायब सूबेदार नरेंद्र सिंह, एस.एम. सैल इंचार्ज सूबेदार राजेंद्र सिंह, पूर्व सैनिक अध्यक्ष बृजेश कुमार चौबे, हवलदार अरविंद सिंह चौहान, वीर सिंह, अरुण मिश्रा मनीषा कुमारी बिंदु, नायब सूबेदार रमेश चंद्र भदोरिया सहित अन्य पूर्व सैनिक, उनकी विधवाएं, आश्रित आदि उपस्थित रहे।


भारत सरकार रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
लखनऊ 226011
EPBX (0522) 2451200
FaX ( 0522) 2458500
सत्यमेव जयते
संख्या : PGL/Advt/2024 दिनांक : 12.12.2024

Government of India-Ministry of Railways Research Designs & Standards Organisation Lucknow-226011
DID (0522) 2450115
DID (0522) 2465310

अअमासं RDSO
रेल अग्रदुत Transforming Railways
www.rdso.gov.in

**कंसल्टेंट के रूप में सेवानिवृत्त रेलवे राजपत्रित अधिकारियों की रि-इंगेजमेंट**
Re-engagement of Retired Railway Gazetted Officers as Consultants

**आरडीएसओ के विभिन्न विभागों में कंसल्टेंट के रूप में सेवानिवृत्त रेलवे राजपत्रित अधिकारियों की रि-इंगेजमेंट के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**
Applications are invited for Re-engagement of Retired Railway Gazetted officers as Consultants in various departments of RDSO

| क्रमांक SN | विभाग Department |
|---|---|
| 1 | कार्मिक विभाग Personnel Department |
| 2 | सिविल इंजीनियरिंग विभाग Civil Engineering Department |
| 3 | विधुत इंजीनियरिंग विभाग Electrical Engineering Department |
| 4 | सिग्नल और दूरसंचार विभाग S&T Engineering Department |
| 5 | यांत्रिक इंजीनियरिंग विभाग Mechanical Engineering Department |

आवेदन के लिए नियम और शर्तों और प्रोफार्मा के साथ अधिसूचनाएं आरडीएसओ की वेबसाइट पर उपलब्ध है : https://rdso.indianrailways.gov.in > News & Announcements > Re-engagement of Retired officers.
किसी भी पूछताछ के लिए कृपया मोबाइल नंबर 8953265111 पर संपर्क करें।
The notifications along with Terms and Conditions and proforma for applications are available at RDSO's website: https://rdso.indianrailways.gov.in> News & Announcements> Re-engagement of Retired officers.
For any enquiry please contact with Mobile Number 8953265111.



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-4, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांक-2000/निविदा/2024-25 दिनांक- 06.12.2024

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में रोड साईनेज कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें तथा निविदा में भाग लेने से पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण भी कर लें।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कार्य। | | | | | |
| 1 | सीतापुर | हरगॉव | जनपद सीतापुर में वर्ष 2024 में चयनित ब्लैक स्पॉट बड़ेलिया (बिलरायां पनवारी मार्ग एस0एच0-21) के सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सुधार कार्य। | 28.78 | 2.88 | 800.00 | 02 माह | ''ए'' (रोड साइनेज में पंजीकृत) |
| 2 | सीतापुर | हरगॉव | जनपद सीतापुर में वर्ष 2023 में चयनित ब्लैक स्पॉट मुद्रासन (महोली हरगॉव लहरपुर भदफर मार्ग एस0एच0-140) के सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सुधार कार्य। | 8.86 | 0.89 | 800.00 | 02 माह | |
| 3 | सीतापुर | महोली | जनपद सीतापुर में वर्ष 2023 में चयनित ब्लैक स्पॉट काजीकमालपुर (महोली हरगॉव लहरपुर भदफर मार्ग एस0एच0-140) के सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सुधार कार्य। | 32.64 | 3.26 | 800.00 | 02 माह | |
| 4 | सीतापुर | महोली | जनपद सीतापुर में वर्ष 2023 में चयनित ब्लैक स्पॉट बड़ागॉव (महोली हरगॉव लहरपुर भदफर मार्ग एस0एच0-140) के सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सुधार कार्य। | 7.81 | 0.78 | 800.00 | 02 माह | |
| 5 | सीतापुर | महोली | जनपद सीतापुर में वर्ष 2024 में चयनित ब्लैक स्पॉट जल्लापुर (नेरी सिधौली महमूदबाद मार्ग) के सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सुधार कार्य। | 19.10 | 1.91 | 800.00 | 02 माह | |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.12.2024 से 30.12.2024 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 30.12.2024 को समय अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 30.12.2024 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगी।
निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी व`बसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राघवेन्द्र सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-4, लो.नि.वि.
सीतापुर

UPID-223698 Dated-11-12-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# दिव्यांग बच्चे भी किसी से कम नहीं: सी.डी.ओ.

अवधनामा ब्यूरो

**उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों के खिले चेहरे**



**इटावा।** ब्लांक संसाधन केन्द्र बसरेहर में समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा के अन्तर्गत 6 से 14 वर्ष के विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग), जिन्हें चलने, उठने बैठने में तथा दृष्टि से समस्या ग्रस्त बच्चों के लिए तथा सुनने में अक्षम (श्रवणबाधित) बच्चों के लिए उपकरण/उपस्कर वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) अर्चना सिन्हा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी अनुपम शुक्ला के द्वारा तथा एलिम्को कानपुर से आये दिव्यांगता विशेषज्ञ एलिम्को कानपुर से आये दिव्यांगता विशेषज्ञ अमित कुमार तथा ऑडियोलाजिस्ट विशेषज्ञ राजू कुमार और कैलीपर्स विशेषज्ञ रवि कुमार, सतेन्द्र कुमार द्वारा उपकरण के लिए चिन्हित बच्चों को उपकरण प्राप्त कराये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार गौतम मुख्य विकास अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि श्री लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी तथा मनोज कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती माँ पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा.राजेश कुमार, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा व खण्ड शिक्षा अधिकारी अनुपम शुक्ला के द्वारा मुख्य अतिथि को एवं रिसोर्स टीचर श्री प्रहलाद कुमार द्वारा विशिष्ट अतिथियो को बुके व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और प्रहलाद कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, अनिल कुमार व खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहाँ कि आपको स्कूल आने व जाने में जो असुविधा हो रही थी आज इस उपकरण के प्रयोग से आपको शिक्षण-प्रशिक्षण में काफी सुविधा होगी और इस उपकरण के सहारे आप शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगें। दिव्यांगता अभिशाप नही है। कितना अच्छा है आज स्कूल न जा सकने वाले बच्चें भी उपकरण पाकर सुगमता पूर्वक रैम्प के माध्यम से स्कूल के कक्षा कक्ष तक पहुँच सकेंगे। हमें बहुत खुशी हो रही है कि समेकित शिक्षा के अन्तर्गत आप सभी बच्चों को उपकरण/उपस्कर (ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कैलीपर्स ब्रेलस्लेट, स्टाइलस, छड़ी, रोलेटर तथा एमआर शिक्षण सामग्री) आदि उपकरण और कान की मशीन प्रदान कियें जा रहें है। इस कैम्प के लिए समेकित शिक्षा से अर्चना सिन्हा व उनके समस्त विशेष शिक्षक बधाई के पात्र है। जो इन दिव्यांग बच्चों को सुदूर ब्लाकों से लाकर उपकरण उपलब्ध करा रहे है और शैक्षिक सपोर्ट प्रदान कर रहे है। अन्त में जिला समन्वयक श्रीमती अर्चना सिन्हा द्वारा यह जानकारी दी गयी कि यहाँ पर कुल पंजीकृत 197 बच्चों में से कुल 153 बच्चों को उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया, जिसमें 28 व्हीलचेयर, 12 बैसाखी, 18 कैलीपर्स, 17 ट्राईसाइकिल, 13 रोलेटर, 03 ब्रेलकीट, 03 सुगम्य केन, 13 सी0पी0 चेयर, 25 एमआर टीएलएम और कान की मशीन हेतु 24 सुनने में अक्षम बच्चों को 48 कान की मशीन के साथ बैटरी भी प्रदान की गई और यह भी जानकारी दी कि कुछ बच्चों को एक अथवा दो और तीन उपकरण भी प्रदान किये जा रहें जिससे बच्चा ट्राईसाईकिल से विद्यालय तक पहुँच कर बैसाखी के माध्यम से या रोलेटर के सहारे कक्षा-कक्ष में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर सकें। कैम्प में दिव्यांग बच्चों को उपस्थित होने की हार्दिक शुभकामनायें दी गयी। कैम्प में समस्त स्पेशल एजुकेटर्स अनिल कुमार, अवधेश कुमार, जितेन्द्र मौर्य, रामकुमार यादव, यशवन्त सिंह, अवधेश सिंह, अतुल कुमार, नीलेश कुमार, ओम प्रकाश, अवधेश कुमार, सच्चिदानन्द पाण्डेय साधना मिश्रा, आकृति गौर, अम्बिका गौर, राजेश कुमार, सनेश कुमार, साधना, दिलीप सिंह, कु0 अंशिका विशेष सहयोग रहें। कार्यक्रम का संचालन सत्यपाल सिंह भदौरिया एआरपी बसरेहर द्वारा किया गया।

## पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष ने थामा आज़ाद समाज पार्टी का दामन

**इटावा।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बूथ से लेकर मुख्य कॉर्डिनेटर कानपुर मंडल का सफर तय करने वाले पूर्व जिलाध्यक्ष बलबीर सिंह जाटव ने आजाद समाज पार्टी की नीतियों को देखते हुए पार्टी का दामन थामा। उक्त जानकारी पूर्व जिलाध्यक्ष बलबीर सिंह जाटव ने स्वयं दी। श्री जाटव ने भीम आर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद से मुलाकात की। बलबीर सिंह जाटव के साथ रहे पूर्व आसपा वरिष्ठ नेता मोहम्मद आमीन भाई, पूर्व प्रधान गुजराती एवं पूर्व बसपा विधानसभा अध्यक्ष बसपा प्रभारी रहे लाल सिंह जाटव, हरिशचंद्र गौतम विधानसभा सचिव आदि बसपाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को शॉल उड़ाकर और बुके भेंट कर सम्मानित किया। बलबीर सिंह जाटव ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद से मुलाकात कर कहा कि ऐसा नेता हमने कभी नहीं देखा जो अपने समाज और जहां भी दलित मुस्लिम पिछड़ों पर अत्याचार होता है वह वहां पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचता और हर सम्भव पीड़ित को न्याय दिलाने का काम करता है।

# डीएम की अध्यक्षता में जल संरक्षण कार्यों के संबंध में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जल संरक्षण के कार्यों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जल संरक्षण संबंधी कार्यों में शिथिल कार्यप्रणाली पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारियों का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण संबंधी कार्यों में शिथिलता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि कार्य प्रणाली में सुधार कर लें अन्यथा प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों द्वारा 02 दिन के अंदर जनपद के सभी नालों का सर्वे कर वहाँ पर होने वाले जल संरक्षण संबंधी कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट/ कार्ययोजना दी जाए। इन सभी नालों का जीर्णोद्धार कर इनमें जल संरक्षण किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा दिया जाए। जल के परंपरागत स्रोतों यथा कुओं, तालाबो,पोखरों ,झीलों का जीर्णोद्धार किया जाय। सभी सरकारी व अर्धसरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया जाय। खेत तालाब योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाय। जल संरक्षण संबंधी अच्छा कार्य कर जनपद के सेमी क्रिटिकल ब्लॉकों सुमेरपुर व गोहांड को सेफ जोन में लाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल संचयन की कार्य योजना बनायें जिससे आने वाले वर्षों में भूजल स्तर में सुधार आये और साथ ही साथ ग्राम पंचायत स्तर में जल संरक्षण हेतु जन सहभागिता एवं जन जागरूकता को बढ़ावा दिया जाय। इस मौके पर सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, उपायुक्त मनरेगा राघवेंद्र सिंह, पीडी साधना दीक्षित, समस्त बीडीओ, जिला पंचायत राज अधिकारी ,जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपराध गोष्ठी में दिये आवश्यक दिशा निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में गुरुवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान एस एस पी ने जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, हत्या, दुष्कर्म, लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही, महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी के लिए शेष अपहृताओं की सकुशल बरामदगी एवं चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लागने के लिए कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट देने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए। गोष्ठी के प्रारंभ एवं समापन मे समस्त अधिकारीगण द्वारा खडे होकर राष्ट्रगान का गायन किया गया। गोष्ठी में समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

# इटावा महोत्सव: क्विज कान्टेस्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जूनियर वर्ग में संस्कृति इण्टरनेशनल स्कूल व सीनियर वर्ग में सन्त विवेकानन्द पब्लिक स्कूल ने मारी बाजी**

वहाज अली निहाल



**इटावा।** इटावा महोत्सव के तत्वाधान में वृहस्पतिवार को नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के संयोजन में क्विज कान्टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन प्रदर्शनी पण्डाल में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि एस.पी.सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, डॉ0मुकेश यादव ए.डी.आई.ओ.एस. संत विवेकानंद विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ0 आनन्द मोहन (सिटी कोर्डिनेटर सी.बी.एस.ई.), डॉ0 श्वेता तिवारी डायरेक्टर नारायन ग्रुप ऑफ इन्सटीट्यूशन, श्रीमती पूनम शर्मा और कार्यक्रम संयोजक एवं प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज डॉ0धर्मेन्द्र शर्मा तथा विभिन्न विद्यालयों से आये हुए प्रधानाचार्य के द्वारा माँ सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एस.पी.सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को क्विज कम्पटीशन का महत्व बताया। प्रतियोगिता दो वर्गा जूनियर तथा सीनियर वर्ग में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में 29 और सीनियर वर्ग में 24 टीमों ने प्रतिभाग किया। नारायन कालेज ने पारदर्शिता बनाये रखने के लिए प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि नारायन कालेज ने क्विज कान्टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। जूनियर वर्ग में प्रतियोगिता 5 राउण्ड में आयोजित की गई प्रथम लिखित राउण्ड से बेस्ट 4 टीमों को सेलेक्ट किया गया जिसमें कि जूनियर वर्ग में थियोसोफिकल इण्टर कालेज, सेविन हिल्स इण्टर कालेज, सन्त विवेकानन्द सीनियर सेकण्डरी पब्लिक स्कूल, संस्कृति इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल का चयन हुआ जिसमें से संस्कृति इण्टरनेशल स्कूल ने प्रथम व सन्त विवेकानन्द पब्लिक स्कूल इटावा ने द्वितीय एवं सेविन हिल्स इण्टर कालेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में ब्लू बर्ल्ड इण्टर कालेज, माउन्ट लिटेरा जी स्कूल, देहली पब्लिक स्कूल एवं सन्त विवेकानन्द सीनियर सेकण्डरी पब्लिक स्कूल का चयन हुआ जिसमे सन्त विवेकानन्द सीनियर सेकण्डरी पब्लिक स्कूल ने प्रथम, देहली पब्लिक स्कूल ने द्वितीय व माउन्ट लिटेरा जी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य, नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता एक माइण्ड गेम है जो प्रायःविभिन्न विषयों के ज्ञान के मूल्यांकन में प्रयोग किया जाता है क्विज में प्रतिभाग करने से मानसिक विकास तीव्र होता है। हमारा यह सतत् प्रयास रहेगा कि प्रत्येक छात्र व छात्रा अपने आने वाले भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपने विद्यालय व माता-पिता को गर्व की अनुभूति कराएं। इस प्रकार की प्रतियोगिता आगे विभिन्न परीक्षाओं में सफलता के लिये बहुत उपयोगी होती है। कार्यक्रम में डॉ0 आनन्द डायरेक्टर /प्रधानाचार्य संत विवेकानन्द, अनूप मिश्रा प्रधानाचार्य थियोसोफिकल इण्टर कालेज, अभिषेक सक्सेना प्रधानाचार्य पुलिस मार्डन पब्लिक स्कूलख् डॉ0 कैलाश यादव प्रधानाचार्य पान कुंवर इण्टरनेशनल स्कूल, सौरभ दुबे प्रधानाचार्य सेविन हिल्स इण्टर कालेज, भाष्कर शर्मा प्रधानाचार्य रेड बुड इण्टर कालेज, एस.एन. यादव प्रधानाचार्य एस.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल सैफई, श्रीमती भावना सिह प्रधानाचार्य देहली पब्लिक स्कूल, संजय शर्मा प्रधानाचार्य एस.डी.इण्टर कालेज, उमेश यादव प्रधानाचार्य श्री चित्रगुप्त इण्टर कालेज आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल कॉर्डिनेटर उरूसा रिजवान एवं कृष्ण गोपाल त्रिवेदी व डिजिटल प्रसारण कौशलेन्द्र माधव अवस्थी, नवीन कुमार, तृप्ती सक्सेना एवं मसरूर अली ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## मासूम को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत,



**हमीरपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रित गति से ट्रैक्टर चलाते हुए मासूम बच्चे को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। ट्रैक्टर को कब्जे में लेते हुए ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। हादसा जलालपुर थाना क्षेत्र के बरखेरा गांव के बरखेरा गांव के रहने वाले मृगेंद्र राजपूत की 15 माह की बेटी गौरी जो दरवाजे पर खेल रही थी। तभी अनियंत्रित गति से आए ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हादसे को अंजाम देकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने फिलहाल फरार हुए ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस का होगा आयोजन

**हमीरपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी हमीरपुर (श्रवण कुमार सिंह) ने बताया कि दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 दिन मंगलवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष, कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में जिलाधिकारी महोदय, हमीरपुर की अध्यक्षता में मध्यान्ह 12:00 बजे से पेंशनर दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जनपद के सभी पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी, प्रमुख विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष व समस्त आहरण वितरण अधिकारी आमंत्रित है। अतः प्रत्येक कार्यालय से स्वयं अधिकारी तथा पेंशनर संघों के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ-साथ केवल वही पेशनर जिनकी अपनी अनिस्तारित व लम्बित समस्यायें हों उपस्थित होने का कष्ट करें। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि मा0 न्यायालय से सम्बन्धित वाद, दूसरे जनपद, अथवा विभाग को संदर्भित प्रकरण तथा नीतिगत प्रकरण पेंशनर दिवस से सम्बन्धित नहीं हैं। अतः ऐसे प्रकरणों को पेंशनर दिवस में न रखा जाये।

## डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की बैठक संपन्न



**हमीरपुर।** अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न अभियोजन कार्यो/केसों में शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों द्वारा सरकार का पक्ष मजबूती के साथ रखा जाए ,केसो में लचर रवैया ना अपनाया जाए ताकि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले दोषी लोगों को जेल भेजा जा सके। कहा कि अभियोजन कार्यों में प्रभावी कार्यवाही किया जाए तथा जिसने अपराध किया है उसे दंड अवश्य मिलना चाहिए ताकि कानून व्यवस्था प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराई जा सके। विभिन्न अभियोजनो में प्रभावी ढंग से पैरवी की जाए। उन्होंने कहा कि गवाहों की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाए। इस मौके पर उन्होंने गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य से संबंधित केसों की समीक्षा करते हुए उसके संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अपर पुलिस अधीक्षक, अभियोजन विभाग के अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता गण तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# श्रद्धा और भक्ति से रोटीराम मय हुई गायत्री तपोभूमि, यज्ञ की वर्षगांठ में उमड़ रही भीड़

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर हमीरपुर।** गायत्री तपोभूमि में स्वामी रोटीराम द्वारा स्थापित यज्ञ की 68वीं वर्षगांठ श्रद्धा, भक्ति और वैराग्य की त्रिवेणी का अद्भुत संगम बन गई है। यज्ञ में शामिल होकर श्रद्धालु स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। वर्षगांठ के अवसर पर यज्ञशाला में यज्ञाचार्य माधव नारायण शास्त्री, बल्देव शास्त्री और उमादत्त शास्त्री के मार्गदर्शन में 65 कर्मकांडी ब्राह्मण प्रतिदिन गायत्री मंत्र का जप और हवन कर रहे हैं।

प्रवचन पंडाल में कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण भक्तों के लिए आत्मिक अनुभव बन रहा है। कथा सुनने के लिए भक्तों की भीड़ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वहीं, यज्ञ परिसर में साधु-संत साधना में लीन नजर आ रहे हैं। जैसे-जैसे यज्ञ की पूर्णाहुति का समय नजदीक आ रहा है, भक्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालु यज्ञ वेदी की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं और विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। तपोभूमि का हर कोना श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत दिखाई दे रहा है। भक्तगण विरक्त आश्रम पहुंचकर स्वामी रोटीराम की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर रहे हैं और अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं।यज्ञ स्थल पर भव्य मेला भी लगा हुआ है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग खरीदारी और मनोरंजन का आनंद ले रहे हैं। मेले में रोजाना श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे तपोभूमि का वातावरण भक्तिमय हो गया है। गौरतलब है कि उत्तर भारत के महान संत ब्रह्मलीन स्वामी रोटीराम ने 1957 में इस तपोभूमि में एक विशाल यज्ञ करवाया था। उसी ऐतिहासिक यज्ञ की 68वीं वर्षगांठ भक्तों के लिए धर्म-आस्था का महोत्सव बन गई है। इस मौके पर स्वामी जी के उपदेशों और जीवन आदर्शों का भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की अपार चहल-पहल और भक्ति-भावना ने तपोभूमि को स्वामी रोटीराम मय बना दिया है।

# पेट्रोल पंप का उद्घाटन कर सरकार की गिनाई उपलब्धि: भूपेश चौबे

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** वार्ड नं0-2 छपका लोढी महाल में वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग से सटे फिल्टर प्लान्ट के पास पालिका की भूमि पर इण्डियन आयल कारपोरेशन लि0 के सहयोग से नगर पालिका परिषद सोनभद्र के नवनिर्मित पेट्रोल पम्प का लोकार्पण गुरुवार को रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद की उपस्थिति में भूपेश चौबे , विधायक, सदर भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा अजीत चौबे द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर रूबी प्रसाद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा कहा गया कि अपना स्वयं का पेट्रोल पम्प संचालित करने वाली यह प्रदेश की प्रथम नगर पालिका परिषद है। इससे निकाय के आय में वृद्धि होगी जिससे नागरिक सुविधाओं के विकास को महत्वपूर्ण गति मिलेगी। अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा उक्त पेट्रोल पम्प पर शीघ्र ही सी0एन0जी0 की सुविधा भी उपलब्ध कराने की जानकारी दी गयी। कार्य में तत्परतापूर्वक सहयोग हेतु इण्डियन आयल को भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पेट्रोल पम्प संचालित करने वाली प्रदेश की प्रथम नगर पालिका परिषद होने पर विधायक द्वारा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद तथा इण्डियन आयल कारपोरेशन की सराहना की गयी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला मुख्यालय की नगर पालिका परिषद होने के कारण इसके उत्तरोत्तर विकास हेतु मेरे स्तर से तत्परतापूर्वक प्रयास किये जा रहे है ताकि यह निकाय विकास के लिए माडल के रूप में प्रदेश स्तर पर स्थापित हो सके।उक्त अवसर पर विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार व शुभम सिंह प्रतिनिधि इण्डियन आयल, सभासद मनोज चौबे अनवर अली, सजीत, अजित सिंह, विमलेश, सुजीत ,शन्त कुमार, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह व पालिका के सभी वार्डो के सदस्यगण, कर्मचारीगण तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल: सतत राख प्रबंधन प्रयासों में अग्रणी

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत राख प्रबंधन पहलों के माध्यम से बनाए रखता है। संयंत्र ने सूखी राख प्रबंधन प्रणाली अपनाकर, फ्लाई ऐश उपयोग को अधिकतम करके और प्रभावी राख डाइक प्रबंधन लागू करके राख के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे पर्यावरणीय पदचिह्न को न्यूनतम किया गया है। राख परिवहन के दौरान, संयंत्र स्थल के अंदर या नजदीकी स्थलों तक परिवहन करते समय धूल उत्सर्जन को कम करने के लिए, राख को बंद वाहनों या सील और तिरपाल से ढंके वाहनों में सुरक्षित रूप से लोड किया जाता है। यह तरीका परिवहन के दौरान फ्लाई ऐश से होने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में सहायक है। राख परिवहन वाहनों की सतत चौबीसों घंटे ❖ कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वाहन अच्छी स्थिति में हैं, सीलिंग सही है, और तिरपाल से पूरी तरह ढंके हुए हैं, जिससे परिवहन के दौरान राख का कोई रिसाव न हो। एनटीपीसी प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि राख परिवहन में केवल अच्छे रखरखाव वाले वाहन ही लगाए जाएं, जो राख रिसाव और वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण दोनों को कम करने में योगदान दें। इसके अतिरिक्त, एनटीपीसी विंध्याचल व्यापक धूल नियंत्रण उपाय अपनाता है, जिसमें संयंत्र की सड़कों और राख परिवहन मार्गों पर नियमित पानी का छिड़काव शामिल है।

# एसबीए चुनाव: कुल 31 प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

- **अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद पर तीन-तीन प्रत्याशी**
- **20 दिसंबर को मतदान और 21 दिसंबर को मतगणना होगी**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2024925 के लिए हो रहे मतदान के लिए वृहस्पतिवार को अंतिम दिन तक कुल 31 लोगों ने पर्चा दाखिल किया। अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद पर तीन-तीन प्रत्याशी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी और कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से नीचे 7 प्रत्याशी हैं। इन्हीं पदों पर फिलहाल चुनाव होगा, क्योंकि शेष पदों पर लगभग निर्विरोध निर्वाचन होना तय है। 13 दिसंबर शुक्रवार को पर्चा की जांच, वापसी और वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची का वितरण, 17 दिसंबर को टेंडर मतदान, 20 दिसंबर को मतदान और 21 दिसंबर को मतगणना होगी। प्रत्याशियों ने संपर्क कर वकील मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट देने का आग्रह किया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि के कुल 33 लोगों ने पर्चा लिया था, लेकिन सिर्फ 31 लोगों ने ही पर्चा दाखिल किया है। क्योंकि उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए पुष्पा तिग्गा और संयुक्त मंत्री प्रकाशन के लिए गीता गौर ने पर्चा दाखिल नहीं किया। इस प्रकार से अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार मिश्र, अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व ओम प्रकाश पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए गोविंद प्रसाद मिश्र व शारदा प्रसाद मौर्या, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर प्रदीप देव पांडेय व संजय कुमार पांडेय,उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे अखिलेश कुमार मिश्र व आशुतोष कुमार दुबे, महामंत्री पद के लिए अखिलेश कुमार पांडेय, अरुण कुमार सिंघल व योगेश कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पद के लिए आशीष कुमार मिश्र उर्फ मंटू, वंशीधर पांडेय व वीरेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशासन अजय प्रकाश मिश्र, संयुक्त मंत्री प्रकाशन शरद चंद्र गुप्ता, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय सूरज वर्मा ने पर्चा दाखिल किया है। वही सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए अशोक कुमार मिश्र, पुष्पा तिग्गा,प्रदीप पांडेय, सुनील कुमार, सुशील कुमार चौबे व सेराज अख्तर खां एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए अविनाश रंजन त्रिपाठी, आशीष कुमार पाल, कंचन, प्रमोद कुमार सिंह, रमाशंकर चौधरी, राहुल जैन व श्याम किशोर मिश्र ने पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने यह भी बताया कि 13 दिसंबर शुक्रवार को पर्चा की जांच, पर्चा वापसी के साथ ही वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची का वितरण, 17 दिसंबर को टेंडर मतदान, 20 दिसंबर को मतदान और 21 दिसंबर को मतगणना होगी। उधर अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों द्वारा समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया गया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई।

# हिण्डाल्को में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आगाज़



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** ऊर्जा संरक्षण के प्रति जनमानस में जागरूकता लाने हेतु प्रत्येक वर्ष दिनांक 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में हिण्डाल्को रेणुकूट प्रबंधन द्वारा दिनांक 12 से 18 दिसम्बर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार दिनांक 12 दिसम्बर को संस्थान के कर्मचारियों को ऊर्जा शपथ दिलाकर ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आगाज़ किया गया। हिण्डाल्को एडमिन विभाग के कॉन्फ्रेंश हॉल में आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा विभाग के विवेक अग्रवाल ने सभी को ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला तथा क्विज़ व स्लोगन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए नुक्कड़ नाटक, पेप टॉक, महिलाओं के लिए अवेयरनेस सेशन आदि कार्यक्रमों का वृहद् स्तर पर आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर हिण्डाल्को के क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह ने संस्थान के नव नियुक्त क्लस्टर हेड समीर नायक का गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया तथा ऊर्जा बचत के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए हिण्डाल्को में चल रहे विभिन्न ऊर्जा संरक्षण के प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। कार्यकम में उपस्थित नवनियुकत क्लस्टर हेड समीर नायक ने सभी कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा संरक्षण के प्रोजेक्ट करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बड़े स्तर पर ऊर्जा का संरक्षण करके ही पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सकता है जो कि आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

# शिक्षा और संस्कारों से मिलती है तरक्की: कोविंद

## परौंख में बालिका शिक्षा का नया अध्याय: सर्वोदय बालिका विद्यालय का शिलान्यास

- सर्वोदय विद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति ने लगाई संस्कारों की पाठशाला
- दो साल में पूरा होगा सर्वोदय विद्यालय का निर्माण कार्य, वर्ष 2027 में शुरू होगा नया शिक्षा सत्र
- सर्वोदय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, ई-लैब, टैब-लैब, और लाइब्रेरी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी



### ग्रामीण बालिकाओं के लिए उम्मीद की किरण

यह विद्यालय बालिकाओं को कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करेगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय, स्मार्ट क्लास, ई-लैब, टैब-लैब, और लाइब्रेरी जैसी तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग भी दी जाएगी। छात्राओं को एनसीसी के माध्यम से डिफेंस और पुलिस फोर्स में जाने का प्रशिक्षण मिलेगा। शिक्षा का तकनीक और परंपरा से जुड़ाव सर्वोदय बालिका विद्यालय शिक्षा की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और आधुनिक तकनीकी शिक्षा का अनूठा संगम होगा। विद्यालय में ज्म्ड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और कंप्यूटेशनल थिंकिंग जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा 75 जनपदों में मॉडल सर्वोदय विद्यालय विकसित करने का प्रयास चल रहा है।

### पूर्व राष्ट्रपति की प्रेरणा से नई पहल

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ग्रामीण विकास और शिक्षा के प्रति गहरी निष्ठा के परिणामस्वरूप यह विद्यालय स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा, परौंख में इस विद्यालय का निर्माण न केवल बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि उन्हें सपनों को साकार करने का अवसर देगा।

### उत्तर प्रदेश सरकार का बड़ा कदम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की यह पहल ग्रामीण बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने कहा, यह विद्यालय न केवल कानपुर देहात बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

### गांव देखने आए सावजी ढोलकिया

जलसंचयन करके कई नदियों, पोखरों और जलश्रोतों को पुर्नजीवित करने वाले सूरत गुजरात के साव जी ढोलकिया भी मंच पर उपस्थित रहे। वे परौंख गांव में जल संचयन की संभावनाएं तलाशने आए थे, उन्होंने गांव के दो तालाबों को जल संचयन और संरक्षण के लिये चयन किया है। पूर्व राष्ट्रपति ने उनके काम की तारीफ करते हुए कहा कि इन्होंने गुजरात की बरसाती नदी कही जाने वाली नदी में चेक डैम बनाकर उसे जल से लबालब कर दिया है। इस प्रकार के कई जलसंरक्षण के कार्य सावजी ने किया है।

### आठ लोगों को मिले वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण पत्र

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान परौंख गांव के आठ लोगों को वृद्धावस्था पेंशन के प्रमाणपत्र पूर्व राष्ट्रपति द्वारा दिये गये। प्रमाण पत्र पाने वालों में परौख गांव के लज्जाराम, महेद्र कुमार, सुखनंदन, शीला, कर्णवीर सिंह, श्याम गौरी, अवधेश सिंह और नरेंद्र सिंह शामिल रहे।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कानपुर देहात जिले के परौंख गांव में बालिका शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल हुई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव में सर्वोदय बालिका विद्यालय का शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण भारत में बेटियों के लिए गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा का नया अध्याय शुरू किया।

सर्वोदय विद्यालय बालिका का शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि गांव की बेटियां 5वीं कक्षा के आगे पढ़ने में असहज महसूस करती हैं क्योंकि आगे पढ़ने के लिए उन्हें दूसरे गांव या घर से दूर जाना पड़ता है, सर्वोदय विद्यालय के बन जाने से बेटियां निडर होकर आगे की पढ़ाई कर सकेंगी। संस्कारों की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार आपको जमीन से उठाकर आसमान पर ले जा सकते है। मेहनत और ईमानदारी से चलेंगे तो आप जीवन में तरक्की करेंगे। कोविंद ने कहा कि राष्ट्रपति रहते हुए उन्होंने थल सेना प्रमुख जनरल विपिन रावत से कहा था कि डिफेंस में बेटियों की भागीदारी बढ़नी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए सर्वोदय विद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डिफेंस एंड पुलिस फोर्सेज के रूप में विकसित किया जाएगा। स्कूल से पढ़कर जब गांव की बेटी निकलेगी तो उसमें आत्मविश्वास भरा होगा कि वह किसी से कम नहीं है।

कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्व.प्र.) असीम अरुण ने कहा कि सर्वोदय विद्यालय विकसित भारत के आसमान में बच्चियों को उड़ान भरने के लिए हवाई पट्टी का काम करेगा। यहां सिर्फ एक विद्यालय का शिलान्यास नहीं बल्कि विकसित भारत की नींव रखी जा रही है। विद्यालय के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि ÷परौंख में बनने वाला सर्वोदय बालिका विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र होगा, बल्कि यह बेटियों को डिफेंस और पुलिस फोर्स में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

### बांदा की एक परियोजना के लिए 130.34 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में बुंदेलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) के तहत जनपद बांदा की एक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 130.34 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि मुख्य विकास अधिकारी, बांदा के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति मुख्य विकास अधिकारी, बांदा को प्रेषित कर दी गई है।

शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद बांदा के मोहनपुरवा से त्रिवेणी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। शासनादेश में यह भी कहा गया है कि यह धनराशि केवल इसी परियोजना पर ही मानक विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी। इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा। इससे इतर व्यय वित्तीय अनियमितता होगी, जिसका संपूर्ण दायित्व मुख्य विकास अधिकारी का होगा।

# 21 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 16 करोड़ 80 लाख रूपये स्वीकृत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 13 जनपदो के 21 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु प्रथम किश्त के रूप में 80 लाख की दर से 16 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से बरेली के ग्राम जैनपुर कादराबाद, तहसील आँवला, हाथरस् के ग्रा. नगला गढ्ढ, तह. सासनी, मिर्जापुर के ग्रा. खरिहटकला, तह. लालगंज, लखीमपुर खीरी के ग्रा. समैसा, तह. धौरहरा, कानपुर देहात के ग्रा. बम्हरौली घाट बांगर, तह. भोगनीपुर, ललितपुर के ग्रा. हरदारी ग्रम सभा मादौन, तह. ललितपुर, बिजनौर के ग्रा. चांगीपुर, तह. चान्दपुर, बदायूँ के ग्रा. कोड़ा जयकरन, तह. दातागंज, ग्रा. गदरौली, तह. दातागंज, ग्रा. ताहिरपुर जाहिदपुर, तह. सहसवान, ग्रा. गुठेला, तह. बिसौली तथा गोण्डा के ग्रा. महादेवा, तह. तरबगंज में निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही शाहजहाँपुर के ग्रा. केवल रामपुर चिलऊवा, तह. जलालाबाद, अमेठी के ग्रा. कठौरा, तह. मुसाफिरखाना, ग्रा. रोहसी बुजुर्ग, तह. गौरीगंज, ग्रा. तारापुर, तह. अमेठी, ग्रा. पीढ़ी, तह. तिलोई, जालौन के ग्रा. सिकरी व्यास, तह. उरई, ग्रा. रतहरी, तह. जालौन, ग्रा. रोमई मुस्तकिल, तह. जालौन तथा झांसी के ग्रा. लारौनी, तह. मऊरानीपुर में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि गो संरक्षण केन्द्रों हेतु निर्गत की गयी धनराशियों के नियम संगत व्यय, व्यय विवरण/उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा भौतिक प्रगति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग का होगा।

# नरेंद्र कश्यप ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर की समीक्षा

- अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश
- दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान के लिए मोबाइल कोर्ट शुरू करने पर जोर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने आज विधानसभा सचिवालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का समयबद्ध और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ शीघ्र मिल सके। बैठक के दौरान मंत्री ने शादी अनुदान, छात्रवृत्ति योजनाओं, और कम्प्यूटर प्रशिक्षण (ट्रिपल सी/ओ लेवल) के लाभार्थियों को शीघ्रता से धनराशि हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता पर करने को कहा और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि योजनाओं का प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक पहुंचे। दिव्यांगजन सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किया जाए। साथ ही, दिव्यांगजनों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए अधिक से अधिक टेबलेट का वितरण सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि विश्व दिव्यांग दिवस को भव्य रूप से आयोजित किया जाए, ताकि समाज में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए मंत्री ने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ के दौरान दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग विभाग का शिविर लगाया जाए, जिसमें विभागीय योजनाओं और लाभों की जानकारी दी जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों और पिछड़ा वर्ग के लोगों को जोड़कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

विभागीय निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए मंत्री ने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की मंशा के अनुसार, हर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिले।

# अब जायरीनों के लिए रेलवे ने खोली एक नई राह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** त्तर प्रदेश की राजधानी तहजीब की नगरी लखनऊ से देहरादून की सुंदर वादियों और नजीबाबाद स्थित नजफ ए हिंद जोगीरमपूरा, जहां हजरत अली अलैहिस्सलाम और उनके परिवार के चमत्कारी रोजें हैं, अब जायरीनों के लिए एक नई राह रेलवे ने खोल दिया है। वंदे भारत एक्सप्रेस की नई सुविधा से जायरीनों को अब लखनऊ से सुबह चलकर, नजीबाबाद में जियारत करके और उसी दिन रात को वापस लौटना संभव हो गया है। इस सुविधा के शुरू होने से न केवल यात्रा को सुगम और सस्ता बना दिया है, बल्कि धार्मिक यात्रा का अनुभव और भी समृद्ध हुआ है। गाड़ी संख्या 22545/22546 (लखनऊ - देहरादून - लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस) का अब नजीबाबाद स्टेशन पर शुरू हो गई है, जिससे जायरीनों और यात्रियों के लिए यात्रा को और भी आसान और आरामदायक बना दिया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक निर्णय ने इस क्षेत्र के विकास के साथ-साथ जायरीनों को एक नई राहत दी है। विशेष रूप से नजीबाबाद स्थित नजफ ए हिंद जोगीरामपूरा, जहां हजरत अली अलैहिस्सलाम, जनाबे फातिमा जहरा स.अ., हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम, जनाबे सकीना अ .और मौला अब्बास अलमदार अ.के रोज़े हैं, और सैयद राजू की मजार है, करिश्माई पानी के चश्मे है जिसके पानी पीने से लोग शिफा पाते है,यहां हर धर्म के लोगो की यात्रा और भी सुलभ हो गई हैं।



### नजीबाबाद स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस का स्वागत

नजीबाबाद स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के स्वागत के लिए एक भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विधायक श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण, नगरपालिका अध्यक्ष इंजीनियर मोअज्जम, अपर मंडल रेल प्रबंधक एस.पी. तिवारी और अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुरादाबाद रेल मंडल की सांस्कृतिक टीम ने इस मौके को और भी रंगीन बनाया।

### नजीबाबाद में वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव जायरीनों के लिए तोहफा: वफा अब्बास



अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को धन्यवाद पत्र भेजा। वफा अब्बास ने कहा, नजीबाबाद में वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव जायरीनों के लिए एक तोहफा है। अब लोग दिनभर की धार्मिक यात्रा के बाद रात को घर वापस लौट सकते हैं। यह यात्रा सस्ती भी हो गई है, क्योंकि इसका किराया एक तरफ का मात्र 1100 रुपये है, जो जायरीनों के लिए एक किफायती विकल्प है। इसके अलावा, वफा अब्बास ने यह भी उम्मीद जताई कि रक्षा मंत्रालय और रेल मंत्रालय की कंपनियां सीएसआर फंड , पर्यटन विभाग के जरिए नजीबाबाद स्थित इस ऐतिहासिक स्थल के विकास के लिए अपील की जाएंगी, जिससे यहां गेस्ट हाउस, हॉस्पिटल और सुंदरीकरण जैसी सुविधाएं विकसित की जा सकें। इस सुविधा से जायरीनों का यात्रा अनुभव न केवल सहज हुआ है, बल्कि यह धार्मिक स्थल की महत्ता को और बढ़ाता है। इस अवसर पर वफा अब्बास ने कहा, यह एक ऐतिहासिक क्षण है।

# वरशिप एक्ट 1991 का पालन होना जरूरी : मौलाना कल्बे जवाद

## धार्मिक स्थलों पर लोग मन की शांति के लिए जाते हैं : मौलाना यासूब अब्बास

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मजलिस-ए-उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी और मौलाना यासूब अब्बास ने वरशिप एक्ट 1991 पर हुई सुनवाई पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मौलाना कल्बे जव्वाद ने मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए वरशिप एक्ट 1991 का पालन होना जरूरी है। यह न सिर्फ निचली अदालतों के लिए है बल्कि सुप्रीम कोर्ट भी इसके दायरे से बाहर नहीं है। वरशिप एक्ट सभी की इबादतगाहों के लिए है इसका सम्मान किया जाना चाहिए और इस पर अमल को यकीनी बनाया जाये। जब तक ऐसा नहीं होगा, देश की स्थिति में सुधार नहीं हो सकता। मौलाना ने कहा कि अब इबादतगाहों का सर्वेक्षण बंद होना चाहिए और सुप्रीम कोर्ट को वरशिप एक्ट के कानून का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। निचली अदालतों में धार्मिक स्थलों के सर्वे के लिए दी जा रही याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी व शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस निर्णय का हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर लोग मन की शांति के लिए जाते हैं। इन पवित्र स्थलों को राजनीति से दूर रखना चाहिए। मौलाना ने कहा कि इस फैसले से मुल्क का माहौल बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोग निचली अदालतों में जाकर मस्जिद और मजार के नीचे शिवलिंग तलाश कर रहे हैं इससे मुल्क माहौल बिगड़ रहा है।

### परिवहन निगम लखनऊ रीजन से 400 बसें संचालित करेगा

**लखनऊ।** महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम लखनऊ रीजन से 400 बसें संचालित करेगा। इनमें चारबाग डिपो की 78, अवध डिपो की 61, कैसरबाग की 92, कैसरबाग अनुबंधित डिपो की 20, रायबरेली डिपो की 49, हैदरगढ़ डिपो की 65 और आलमबाग डिपो की 35 बसें शामिल हैं।

परिवहन निगम 13 जनवरी से 27 मार्च तक ये बसें संचालित करेगा। लखनऊ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके.त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ रीजन से चलने वाली 340 बसें परिवहन निगम की और 60 अनुबंधित हैं। उन्होंने बताया कि यात्री सुविधाओं के लिए लखनऊ क्षेत्र के 41 कर्मचारियों और 33 तकनीकी कर्मचारियों सहित कुल 74 कर्मचारियों की तैनाती मेला स्थल प्रयागराज में बने अस्थायी बस स्टेशन, चेक पोस्ट और अस्थायी कार्यशाला में लगाई गई है। उन्होंने बताया कि लखनऊ से संचलित होने वाली बसें बीच रास्ते में खराब न हों इसके लिए सभी डिपो को सख्त निर्देश दिए गये हैं कि 18 बिंदुओं की जांच करने के बाद ही बसों को रूट पर भेजा जाये। बस के चालक व परिचालक वर्दी के साथ ही नेम प्लेट और जूतों के साथ ड्यूटी करें।

# लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वाराणसी जंक्शन स्टेशन पर इंजन रिवर्सल एवं इसमें लगने वाले समय की बचत के लिए ट्रेन नम्बर 11081 व 11082 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन किया गया है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 11 दिसम्बर से तथा गोरखपुर से 13 दिसम्बर से परिवर्तन किया गया है। ट्रेन नम्बर 11081 व 11082 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी जंक्शन, जौनपुर व औड़िहार के रास्ते संशोधित समयानुसार चलाई जायेगी। परिवर्तित मार्ग पर संशोधित समय के अनुसार ट्रेन नम्बर 11081 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस 11 दिसम्बर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 4:35 बजे चलकर निर्धारित पाथ एवं समय से चलकर दूसरे दिन वाराणसी जंक्शन से 9:10 बजे, जौनपुर से 11:30 बजे, तीसरे दिन औड़िहार से 12:22 बजे, मऊ से 1:35 बजे, बेलथरा रोड से 2:02 बजे, भटनी से 3:12 बजे तथा देवरिया सदर से 3:40 बजे छूटकर गोरखपुर 5:45 बजे पहुंचेगी। परिवर्तित मार्ग पर संशोधित समय के अनुसार ट्रेन नम्बर 11082 गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 13 दिसम्बर से गोरखपुर से 2:25 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 3:27 बजे, भटनी से 3:48 बजे, बेलथरा रोड से 4:25 बजे, मऊ से 5:20, अैड़िहार से 6:22 बजे, जौनपुर से 7:45 बजे तथा वाराणसी जंक्शन से 9:20 बजे छूटकर निर्धारित पाथ एवं समय से चलकर दूसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 11:45 बजे पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नम्बर 15022 व 15021 गोरखपुर शालीमार गोरखपुर एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन किया गया है। मार्ग परिवर्तन के बाद ट्रेन नम्बर 15022 व 15021 गोरखपुर शालीमार गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी जंक्शन जौनपुर व औड़िहार के रास्ते संशोधित समयानुसार चलाई जा रही है। परिवर्तित मार्ग पर संशोधित समयानुसार ट्रेन नम्बर 15022 गोरखपुर शालीमार एक्सप्रेस गोरखपुर से 11 बजे चलकर देवरिया सदर से 12:05 बजे, भटनी से 12:30 बजे, सलेमपुर से 12:47 बजे, बेलथरा रोड से 1:08 बजे, मऊ से 1:50 बजे, औड़िहार से 3:02 बजे, जौनपुर से 4:15 बजे तथा वाराणसी जंक्शन से 6:25 बजे छूटकर निर्धारित पाथ एवं समय से चल कर दूसरे दिन शालीमार 9:35 बजे पहुंचेगी। परिवर्तित मार्ग पर संशोधित समयानुसार ट्रेन नम्बर 15021 शालीमार गोरखपुर एक्सप्रेस शालीमार से 8 बजे चलकर निर्धारित पाथ एवं समय से चल कर दूसरे दिन वाराणसी जंक्शन से 11:40 बजेए जौनपुर से 1:55 बजे, औड़िहार से 2:48 बजे, मऊ से 4 बजे, बेलथरा रोड से 4:42 बजे, सलेमपुर से 5:02 बजे, भटनी से 5:25 बजे तथा देवरिया सदर से 5:55 बजे छूटकर गोरखपुर 7:50 बजे पहुंचेगी।



### 75 अनारक्षित साधारण श्रेणी के कोच बढ़ाये गये

**लखनऊ।** सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोचों की बढ़ती मांग पर पूर्वोत्तर रेलवे की 32 जोड़ी ट्रेनों में 75 अनारक्षित साधारण श्रेणी के कोच बढ़ाये गये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली ट्रेनों में लखनऊ जंक्शन छपरा लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, छपरा फर्रुखाबाद छपरा एक्सप्रेस, लखनऊ जंक्शन काठगोदाम लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, छपरा दिल्ली छपरा एक्सप्रेस, छपरा मथुरा जंक्शन छपरा एक्सप्रेस, लखनऊ जंक्शन चंडीगढ़ लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, बनारस नई दिल्ली बनारस एक्सप्रेस, बनारस नई दिल्ली बनारस एक्सप्रेस, बनारस नई दिल्ली बनारस एक्सप्रेस, छपरा दुर्ग छपरा एक्सप्रेस, बनारस रामेश्वरम बनारस एक्सप्रेस, बलिया नई दिल्ली बलिया एक्सप्रेस, बनारस देहरादून बनारस एक्सप्रेस, लखनऊ जंक्शन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, लखनऊ जंक्शन वाराणसी सिटी लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर जम्मूतवी गोरखपुर एक्सप्रेस, भागलपुर जम्मूतवी भागलपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर यशवंतपुर गोरखपर एक्सप्रेस, गोरखपुर बठिण्डा गोरखपुर एक्सप्रेस, कानपुर अनवरगंज गोरखपुर कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस, गोरखपुर सम्बलपुर गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर कोलकाता गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर कोलकाता गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर कोलकाता गोरखपुर एक्सप्रेस, लालकुआं अमृतसर लालकुआं एक्सप्रेस, गोरखपुर यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर कोच्चुवेली गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर सिकंदराबाद गोरखपुर एक्सप्रेस तथा गोरखपुर यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस में सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच बढ़ाये गये हैं।

### तेजी से हो रहा उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल का विकास कार्य

**लखनऊ।** महाकुम्भ के आयोजन के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल विभिन्न विकास कार्य तेजी से कर रहा है। इन कार्यों को मण्डल रेल प्रबंधक एसएम.शर्मा के नेतृत्व में किया जा रहा है। मण्डल रेल प्रबंधक स्वयं इन कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। जिससे उनका प्रयागराज का निरंतर आवागमन हो रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मण्डल रेल प्रबंधक एसएम. शर्मा ने मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ प्रयागराज का दौरा किया। उन्होंने अपने निरीक्षण में रेल अंडर ब्रिज आरयूबी संख्या 77 के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और प्रयाग जंक्शन तथा फाफामऊ जंक्शन पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयाग जंक्शन पर नये फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों स्टेशनों की आधारभूत संरचना, फुट ओवर ब्रिज, होल्डिंग एरिया, यात्रियों के सुगम आवागमन की व्यवस्था तथा महाकुम्भ मेले की अवधि के दौरान



यात्रियों के लिए निर्धारित अतिरिक्त सुविधाओं को चिन्हित कर उनकी स्थापना के लिए आवश्यक सुझाव दिए। मण्डल रेल प्रबंधक ने स्टेशनों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, संकेतकों की स्पष्टता और संरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से गाडय़िों के संचालन पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण में अपर मण्डल रेल प्रबंधक सचिन वर्मा सहित मण्डल के अन्य शाखाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### धार्मिक समागम में गरिमामयी उपस्थिति के लिये माननीयों को किया आमंत्रित

**लखनऊ।** प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं एमएसएमई मंत्री राकेश सचान बिहार की राजधानी पटना पहुंचकर धार्मिक समागम में गरिमामयी उपस्थिति के लिए राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नितीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, विधान परिषद सभापति अवधेश नारायण सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंटकर आमंत्रित किया। साथ ही रोड.शो एवं प्रेस कांफ्रेंस कर बिहार वासियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में आने का अनुरोध किया। दोनों मंत्रियों ने अनुरोध किया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी कर रहे हैं। महाकुम्भ में लगभग 48 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ पौराणिक काल से आयोजित किया जा रहा है। देश विदेश के श्रद्धालुओं की महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए आकर्षण बना रहता है। राज्य सरकार ने सभी पहलुओं पर गम्भीरता से विचार करते हुए महाकुम्भ के सफल आयोजन की व्यवस्था की है। मंत्रियों ने कहा कि महाकुम्भ देश को एकता के सूत्र में पिरोता है।